www.navpradesh.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 3 अक्टूबर 2026 | कृष्ण पक्ष-अष्टमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 234 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

44 साल का इंतजार खत्म, भारत ने चीन को हराकर जीता महिला हॉकी में गोल्ड, 13वें दिन 6 स्वर्ण पदक

नागोया (जापान)/ए.। भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में 44 साल बाद गोल्ड जीत लिया। टीम ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराया। भारत के लिए एकमात्र गोल लालरेमसियामी ने किया। इससे पहले भारत ने 1982 में साउथ कोरिया को हराकर गोल्ड जीता था।

भारत को एशियन गेम्स के 13वें दिन 6 गोल्ड मिले। बॉक्सर अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा वेट कैटेगरी में गोल्ड जीता, जबकि इससे ठीक पहले सुजीत कलकल ने रेसलिंग के पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में गोल्ड अपने नाम किया। शुक्रवार को बॉक्सर परवीन हुड्डा ने विमेंस 65 किग्रा और लवलीना बोरगोहेन ने विमेंस 75 किग्रा वेट कैटेगरी में गोल्ड जीता। इसके साथ पहली बार 3 भारतीय मुक्केबाज एक ही एशियन गेम्स में चैंपियन बने। सुबह भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने रिकर्व इवेंट में गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी के गोल्ड के साथ भारत के कुल 16 गोल्ड हो गए हैं और वह मेडल टैली में 5वें नंबर पर है।

सुजीत ने रेसलिंग में 2-9 से पिछड़कर जीता गोल्ड

रेसलिंग के पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में सुजीत कलकल ने ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुडिएव को 10-9 से हराया। मुकाबले में एक समय सुजीत 2-9 से पीछे थे और सिर्फ 1 मिनट 40 सेकंड का खेल बाकी था। इसके बाद उन्होंने लगातार टेकडाउन किए। आखिरी 11 सेकंड में एक और टेकडाउन से 2 अंक लेकर स्कोर 10-9 कर दिया और गोल्ड जीत लिया।

भारत

■ गोल्ड	■ सिल्वर	■ ब्रॉन्ज	■ कुल
16	25	35	76

सविता का गोल्डन सेव

फाइनल में भारत हाफ टाइम तक 1-0 से आगे था। दूसरे क्वार्टर में चीन को पेनल्टी स्ट्रोक भी मिला, लेकिन गोलकीपर सविता पुनिया ने बेहतरीन बचाव करते हुए स्कोर बराबर नहीं होने दिया। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई भी कर लिया।

आर्चरी में विमेंस रिकर्व टीम चैंपियन

कुमकुम मोहोड, अंकिता भक्त और कीर्ति की भारतीय विमेंस रिकर्व टीम ने गोल्ड जीता। इससे पहले टीम ने सेमीफाइनल में चीन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिकर्व में एक सेट जीतने पर 2 सेट पॉइंट मिलते हैं और 5 सेट पॉइंट हासिल करने वाली टीम मुकाबला जीतती है। भारत की मेंस रिकर्व टीम को सिल्वर मिला। कुमकुम मोहोड और धीरज बोम्मदेवरा की मिक्स्ड रिकर्व टीम ने भी सिल्वर जीता।

बॉक्सिंग में एक ही दिन 3 गोल्ड मेडल

अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में साउथ कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड जीता। वह 2018 के बाद एशियन गेम्स में बॉक्सिंग गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने। इससे पहले परवीन हुड्डा ने विमेंस 65 किग्रा फाइनल में चेन निएन-चेन को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता। लवलीना बोरगोहेन ने विमेंस 75 किग्रा फाइनल में बाओ जिया को 5-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इस तरह पहली बार एक ही एशियन गेम्स में 3 भारतीय बॉक्सर चैंपियन बने।

आज बेबाक

इतना सन्नाटा क्यों है भाई? भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार ने अपनी जान पर खेलकर 174 विमान यात्रियों की जान बचाई। उनके इस पराक्रम को सारी दुनिया सलाम कर रही है लेकिन भारत के कई स्वनाम धन्य लोगों में सन्नाटा पसरा है। जांबाज कैप्टन की तारीफ में उनके मुँह से दो शब्द नहीं फूट रहे हैं। क्या इसलिए कि वह साहसी पायलट हिंदू था और उसने यहूदियों को बचाकर मानवता की मिसाल पेश की? या फिर मौन व्रतियों को इस बात का दुख है कि एक और 9/11 क्यों नहीं हो पाया? जिसकी चलते उनके नापाक मंसूबों पर घड़ों पानी फिर गया।

बीएसएफ की फायरिंग में दो पाक घुसपैठिए ढेर

नई दिल्ली/ए.। पंजाब के तरनतारन इलाके में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने देर रात घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिकों को मार गिराया। घटना रात करीब 12:30 बजे राजोके इलाके में हुई। फिलहाल वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से यह जानकारी साझा नहीं की गई है कि मारे गए संदिग्धों के पास से क्या बरामद हुआ है। राजोके इलाके में सीमा पर तैनात जवानों ने कंटीली तार के पार कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। करीब तीन संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भारतीय सीमा की ओर धीरे-धीरे बढ़ते दिखाई दिए।

गरमा-गरम

एसआईआर का विरोध: ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग, दिल्ली के जंतर-मंतर से हिरासत में लिए गए 700 प्रदर्शनकारी

सीईसी पर लड़ाई, मुंबई से दिल्ली तक चढ़ाई

■ **मुंबई में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन, एसआईआर का विरोध**

मुंबई/दिल्ली (ए.)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन कर रही है। इसके लिए लोग मुंबई के शिवाजी पार्क पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हैं। पार्क और आसपास के इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। वहीं, दिल्ली में एसआईआर के खिलाफ लेफ्ट, आप और स्टूडेंट यूनियन ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। जंतर-मंतर से सौरभ भारद्वाज, आतिशी, संजय सिंह समेत 700 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

जंतर-मंतर पर पुलिस, आरएएफ जवान तैनात किए गए हैं। एहतियात के तौर पर आसपास के 12 मेट्रो स्टेशनों के एंट्री और एग्जिट गेट अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। इनमें जनपथ, पटेल चौक, केंद्रीय सचिवालय, राजीव चौक, सेवा तीर्थ, मंडी हाउस और लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इधर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास ने मुंबई के शिवाजी पार्क ■ शेष पृष्ठ 8 पर

13 करोड़ लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटा गया: सीजेपी

युवा वोट चोरी के खिलाफ सड़कों पर हैं: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हजारों नौजवान वोट चोरी के खिलाफ अपने संवैधानिक अधिकार के साथ शांतिपूर्वक सड़कों पर हैं। उनकी मांग साफ है कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और लोकतंत्र बचे।

ड्रोन से निगरानी

प्रशासन ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए जंतर-मंतर और उसके आसपास के पूरे इलाके को 9 अलग-अलग जोन में बांटा है और हर जोन में एक वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती की गई है। एहतियात के तौर पर मौके पर भारी पुलिस बल के साथ-साथ रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात किया है।

सुरक्षा के मद्देनजर 11 मेट्रो स्टेशनों के गेट बंद

राजधानी में बढ़ते तनाव और सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच एहतियात के तौर पर दिल्ली के 11 प्रमुख मेट्रो स्टेशनों के एंट्री और एग्जिट गेट अगले आदेश तक पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। इन बंद किए गए स्टेशनों में जनपथ, पटेल चौक, केंद्रीय सचिवालय, राजीव चौक, सेवा तीर्थ, मंडी हाउस और लोक कल्याण मार्ग जैसे अति-संवेदनशील मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इसके साथ ही पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था को काफी बढ़ा दिया गया है।

एसआईआर ने पूरी व्यवस्था दरकिनार कर दी: हाईकोर्ट

पणजी (ए.)। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से नाम हटाने और फॉर्म 8 को रिजेक्ट करने की प्रक्रिया पर चुनाव आयोग को फटकार लगाई। बेंच ने कहा- आयोग का मुख्य मकसद यह सुनिश्चित करना है कि नागरिक वोट डालें और इस मकसद को दरकिनार नहीं किया जा सकता। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित एस. जामसांडेकर की बेंच ने टिप्पणी की कि एसआईआर प्रक्रिया परेशान करने वाली है। कोर्ट ने कहा कि इसमें कानून की जगह सॉफ्टवेयर के हिसाब से काम करने की स्थिति नहीं बननी चाहिए।

एसआईआर के बाद छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने चलेगा विशेष अभियान

नई दिल्ली (ए.)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, वोट चोरी और एसआईआर के खिलाफ आज देश में विपक्ष और कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी 'हल्ला बोल' प्रदर्शन कर रही है। इंडिया ब्लॉक सेव डेमोक्रेसी मार्च निकाल रही है। जबकि कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी मुंबई में जेल भरो आंदोलन करेगी। इन प्रदर्शनों से चुनाव आयोग डरा हुआ प्रतित हो रहा है। लिहाजा अपने फैसलों पर लगातार यू-टर्न ले रहा है। ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के बीच लिया चुनाव आयोग ने एक बड़ा फैसला लिया है। एसआईआर हो चुके 20 राज्यों में मदताओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है। अभियान के दौरान उन मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा, जिनके नाम छूट गए थे या किसी कारणवश नहीं जुड़ पाया था। इस फैसले के तहत उसने वोटर लिस्ट में छूटे हुए पहली बार के वोटर और युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा: भागवत

■ **आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- धर्म और राष्ट्र अलग-अलग नहीं, दोनों एक-दूसरे पर निर्भर**

मुंबई (ए.)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा।

मोहन भागवत ने कहा कि हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है।

भागवत ने मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुरानी स्टडी-लीव पर 36 महीने का नियम लागू नहीं : हाईकोर्ट

■ **15 डॉक्टरों की याचिका खारिज, 24 महीने की छुट्टी पहले ही ले चुके थे**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने स्टडी लीव बढ़ाने की मांग करने वाले 15 डॉक्टरों की याचिकाएं खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि 3 मार्च 2025 के बाद स्टडी लीव की अधिकतम अवधि 36 महीने किए जाने का फायदा उन डॉक्टरों को नहीं मिलेगा, जिन्होंने इससे पहले ही 24 महीने की स्टडी लीव मंजूर कराकर उसका लाभ ले लिया था।

दरअसल स्वास्थ्य-परिवार कल्याण विभाग में काम करने वाले डॉ. भूमिका देवांगन, डॉ. सरिता मौर्या, डॉ. सुनीति जेम्स समेत 15 डॉक्टरों ने पीजी मेडिकल की पढ़ाई के लिए विभाग से अनुमति और एनओसी ली थी। इसके बाद उन्हें 24 महीने की स्टडी लीव मिली थी। बाद में 3 मार्च 2025 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम साय ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से की मुलाकात

■ **संगठन और प्रदेश से जुड़े कई मुद्दों पर हुई चर्चा**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दिल्ली स्थित नितिन नवीन के निवास पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। सीएम साय ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के जरिए साझा की है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन और प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई है।

अमरावती में ट्रक-पिकअप की टक्कर, 7 मौतें, 18 घायल

अमरावती (ए.)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि हाईवे पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पिकअप में श्रद्धालु देवी दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। पिकअप की रफ्तार कम थी और उसके पीछे ट्रॉली लगी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण था कि ट्रॉली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मोदी से बोले कैप्टन स्मित-घायल था पर हिम्मत नहीं हारी

नई दिल्ली (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 174 जान बचाने वाले भारतीय पायलट स्मित मच्छार से करीब 9 मिनट वीडियो कॉल पर बात की। स्मित ने दो दिन पहले दुबई से तेल अवीव जा रहे प्लेन की हाइजैकिंग नाकाम की थी। ओमानी को-पायलट ने उन्हें चाकू मारा। स्मित ने फिर भी प्लेन क्रैश नहीं होने दिया।

मोदी ने स्मित से कहा, पूरा देश आपके लिए प्रार्थना कर रहा था और आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा था। आपके साहस और सूझबूझ से कई लोगों की जान बची। बातचीत के दौरान स्मित ने बताया कि वह विमान उड़ा रहे थे और एक झटके के बाद नीचे गिर गए, जिससे काफी चोटें आईं। इसके बावजूद उन्हें महसूस हो रहा था कि विमान नीचे जा रहा है।

स्मित ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ **विमान गिर रहा था, आखिरी मौका था, हनुमान चालीसा पढ़ते हुए कॉकपिट का दरवाजा खोला**

यूएई के अस्पताल में भर्ती हैं कैप्टन स्मित

कैप्टन स्मित अभी यूएई के अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें कल सऊदी अरब से एयरलिफ्ट करके अबू धाबी ले जाया गया। यूएई में भारत के राजदूत दीपक मित्तल ने अस्पताल में कैप्टन स्मित और उनके परिवार से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया था कि पायलट की हालत स्थिर है और वे तेजी से ठीक हो रहे हैं। उनका मनोबल भी ऊंचा है। मित्तल ने कहा कि कैप्टन को अच्छा इलाज मिल रहा है और भारतीय दूतावास वहां के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है।

पीएम मोदी से बात करते हुए भावुक हुए कैप्टन

पीएम मोदी से बात करते हुए स्मित भावुक हो गए। उन्होंने कहा, 'आपका फोन आया, यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। माफ कीजिए सर, मैं आपके सामने रो रहा हूं। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मेरी आपसे बात होगी।' मोदी ने कहा कि आपने इतना बड़ा काम किया है कि देश का हर नागरिक और दुनिया के लोग आपको देखना और आपसे बात करना चाहते हैं। आपने हनुमान चालीसा के बारे में जो बताया, उसके लिए मैं आपकी मां गीताबेन को प्रणाम करूंगा कि उन्होंने आपको ऐसे संस्कार दिए। मैं आपके पिता भूपेंद्रभाई को भी प्रणाम करूंगा। मोदी ने कहा कि कल जब मेरी सोनलबेन से बात हुई तो मैं हैरान रह गया।

खबर का असर : 700 से 2310 रुपए तक हुई थी कटौती, रक्षाबंधन के समय राज्यांश की राशि में आई थी कमी

कटे मानदेय की राशि खाते में लौटी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राहत

■ **नव प्रदेश में खबर प्रकाशन के बाद बैंकों की गड़बड़ी सुधारी गई**

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा विकासखंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के कटे मानदेय का आखिरकार भुगतान कर दिया गया है। मानदेय में कटौती का मामला सामने आने के बाद 'नव प्रदेश' ने महिलाओं की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर सामने आने के बाद विभाग और बैंक स्तर पर मामले को सुधारा गया तथा प्रभावित कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के खातों में कटौती की गई राशि वापस भेज दी गई। इससे लंबे समय से अपने हक की राशि के लिए परेशान महिलाओं को राहत मिली है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

10 हजार के मानदेय में हजारों की कटौती

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कुल 10 हजार रुपए और सहायिकाओं को 5 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलता है। इसमें 60 प्रतिशत राज्य सरकार और 40 प्रतिशत केंद्र सरकार का अंश शामिल है। कार्यकर्ताओं के मानदेय में करीब 5500 रुपए राज्यांश और 4500 रुपए केंद्रांश, जबकि सहायिकाओं के मानदेय में 2750 रुपए राज्यांश और 2250 रुपए केंद्रांश शामिल हैं।

खबर का असर

आरबीआई से कटौती का दिया गया था हवाला

मानदेय में कटौती को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से राशि में कटौती रिजर्व बैंक ऑफइंडिया (आरबीआई) स्तर से होने की बात कही गई थी। हालांकि प्रभावित महिलाओं का कहना था कि उन्हें कटौती की स्पष्ट वजह और काटी गई राशि का पूरा हिसाब नहीं बताया गया। सबसे बड़ा सवाल यही था कि जब राज्य सरकार का अंश मानदेय के रूप में सीधे संबंधित खातों में भेजा गया था, तो अलग-अलग बैंकों में खाताधारकों की राशि में 700 से 2310 रुपए तक की कमी कैसे आई? अब राशि वापस मिलने के बाद महिलाओं को राहत जरूर मिली है, लेकिन कटौती की मूल वजह और प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल अभी भी महत्वपूर्ण हैं।

पहले शिकायत, फिर आंदोलन की चेतावनी

मानदेय में कटौती के बाद प्रभावित कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने परियोजना स्तर पर अधिकारियों के समक्ष लिखित और मौखिक रूप से शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद समाधान नहीं होने पर महिलाओं में नाराजगी बढ़ती गई। जब उन्हें कटौती की राशि वापस मिलने की उम्मीद नजर नहीं आई तो उन्होंने विभाग के खिलाफधरना-प्रदर्शन करने का लिखित ऐलान तक कर दिया था। इसके बाद मामला सार्वजनिक हुआ और 'नव प्रदेश' में खबर प्रकाशित होने के बाद भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

भारत 114 और राफेल खरीदेगा, स्वदेशी हथियार लगेंगे

नई दिल्ली (ए.)। भारत की 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की योजना आगे बढ़ रही है। डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर इस वित्त वर्ष के अंत तक फैसला हो सकता है। अभी कंपनियों से मिले प्रस्तावों की जांच की जा रही है। भारत इस डील में ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल करना चाहता है। ज्यादातर राफेल विमान भारत में असेंबल किए जाएंगे। इनमें भारत में बने हथियार और दूसरे सिस्टम लगाए जाएंगे। डिफेंस सेक्रेटरी ने बताया कि फ्रांस की कंपनी पहले खरीदे गए राफेल मरीन विमानों में भी भारतीय हथियार लगाने पर सहमत हो गई है।

कोल लेवी घोटाला: विधायक देवेंद्र को ईओडब्ल्यू का नोटिस

■ **पहले 28 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोल लेवी मामले में विधायक देवेंद्र यादव की मुश्किलें बढ़ सकती है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो ने उन्हें नोटिस जारी किया है। नोटिस में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के साथ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं का उल्लेख किया गया है।

ब्यूरो की ओर से जारी नोटिस में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7 और 12 का उल्लेख है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

5 अक्टूबर को कोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश

एसीबी के नोटिस के मुताबिक विधायक देवेंद्र को 5 अक्टूबर को विशेष न्यायालय में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। एजेंसी की ओर से विवेचना पूरी होने के बाद अब अभियोग पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जानकारी नोटिस में दी गई है। इससे पहले 28 सितंबर 2026 को भी देवेंद्र यादव को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

एलटीटी-सांतरागाछी के बीच चलेगी पूजा स्पेशल, चार-चार फेरे लगाएगी

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी त्योहारी सीजन में ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने एलटीटी और सांतरागाछी के बीच पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चार-चार फेरे लगाएगी। ट्रेन के चलने से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्याः 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा स्पेशल 6 से 27 अक्टूबर तक प्रत्येक मंगलवार को एलटीटी से रात 8.20 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन दोपहर 12.04 बजे गोंदिया, 2.15 बजे दुर्ग, 2.55 बजे रायपुर, शाम 4.45 बजे बिलासपुर और 6.33 बजे रायगढ़ पहुंचेगी। इसके बाद तीसरे दिन सुबह 5 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।

इसी तरह गाड़ी संख्याः 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा स्पेशल 8 से 29 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को सुबह 11 बजे सांतरागाछी से रवाना होगी। यह ट्रेन रात 8.08 बजे रायगढ़, 10.25 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। अगले दिन रात 12.05 बजे रायपुर, 1.10 बजे दुर्ग और 3.08 बजे गोंदिया पहुंचेगी। इसके बाद रात 9.30 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

22 एलएचबी कोच की सुविधाः पूजा स्पेशल ट्रेन में कुल 22 एलएचबी कोच होंगे। इनमें 15 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 3 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 1 पेंट्रीकार और 2 पावरकार शामिल हैं।

इन स्टेशनों पर भी ठहराव

ट्रेन दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर और खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले संचालन दिवस, समय-सारिणी और ठहराव की जानकारी अधिकृत रेलवे वेबसाइट, एनटीईएस या रेलवन ऐप से जांचने की अपील की है।

नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ राज्यपाल डेका ने की पदयात्रा

रायपुर /नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज राजधानी रायपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ पदयात्रा आयोजित की गई। राज्यपाल रमेन डेका पदयात्रा में शामिल हुए और नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। राज्यपाल श्री डेका ने टाउन हॉल परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

नमो ड्रोन दीदी योजना से हो रही किसानों के पैसे व समय की बचत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कृषि सेवाएँ प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक से लैस करके उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से नमो ड्रोन दीदी योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर कृषि में ड्रोन का इस्तेमाल करने में सक्षम बनाया जा रहा है। योजनांतर्गत चयनित महिला या समूह को ड्रोन और सहायक उपकरण दिए जाते हैं। साथ ही ड्रोन से जुड़े खर्चों को कम करने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जाती है, मुंगेली जिले की नगर पंचायत सरगांव की नमो ड्रोन दीदी गोदावरी साहू ने बताया कि वे बिहान अंतर्गत जय माता दी महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं। नमो ड्रोन योजना अंतर्गत इफको के माध्यम उन्हें ग्वालियर में 15 दिन का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें थ्योरी व प्रेक्टिकल के साथ ग्राउंड लेवल पर ड्रोन को चलाने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके बाद फूलपूर में 05 दिवसीय ड्रोन तकनीक के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल रमेन डेका ने गांधी जयंती पर की साफ-सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोक भवन परिसर के बाहर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने लोक भवन परिसर में स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता करते हुए स्वयं साफ-सफाई की। लोक भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सुबह परिसर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने झाड़ू लगाकर कचरे को एकत्रित किया तथा उसका उचित निपटान किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छ और सुंदर परिसर के साथ स्वच्छ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान: कोहकामेटा में शिक्षकों का अनूठा नवाचार

रायपुर/नवप्रदेश। नुक्कड़ नाटक के जरिए पहुंचाया जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश सेवा संकल्प अभियान के तहत संचालित 'नमो सेवा - अनकही कहानियाँ' कार्यक्रम के अंतर्गत नारायणपुर जिले के सुदूर क्षेत्र कोहकामेटा में शिक्षकों ने एक अनुकरणीय पहल की है। शिक्षकों ने मंच पर उतरकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं के प्रति जागरूक किया। शिक्षकों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, सहज-सरल संवादों और रचनात्मक प्रस्तुति से योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं उनसे मिलने वाले लाभों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुँचाई। नाटक के जरिए स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी प्रमुख योजनाओं को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इसके साथ ही, जिले को नक्सलमुक्त बनाने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही पहलों का भी सकारात्मक संदेश दिया गया। कलाकार बने शिक्षकों ने स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, पक्के मकान, कृषि विकास एवं ग्रामीण सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए आह्वान किया कि योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुँचे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इनके लाभ से वंचित न रहे।इस रचनात्मक पहल ने न केवल शिक्षकों की कलात्मक प्रतिभा को एक बड़ा मंच दिया, बल्कि उन्हें सीधे जनसेवा और सामाजिक बदलाव की मुहीम से भी जोड़ा। नाटक की जीवंत प्रस्तुति ने ग्रामीणों को गहराई से प्रभावित किया और उनमें योजनाओं के प्रति जनभागीदारी की भावना को जगाया, कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत ओरछा के उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित क्षेत्र के अनेक सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर एआई से अजनबी मुसाफिर भी बन जाएंगे स्टेशन के एक्सपर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे लगातार यात्रियों के सफर को सुगम और हाई-टेक बनाने की दिशा में नए कदम उठा रहा है. इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल ने एक ऐसी अभिनव पहल की शुरुआत की है, जो स्टेशन पर कदम रखते ही यात्रियों की आधी उलझनें चुटकियों में दूर कर देगी. जल्द ही रायपुर रेलवे स्टेशन पर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित डिजिटल पैसेंजर नेविगेशन और वे-फाइंडिंग सिस्टम ÷मार्गदर्शक÷ प्रायोगिक तौर पर शुरू होने जा रहा है. यह तकनीक उन मुसाफिरों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जो पहली बार रायपुर स्टेशन पहुंचते हैं या फिर ट्रेन छूटने की हड़बड़ी में अनजान रास्तों पर अपनों या जरूरी सुविधाओं को तलाशते नजर आते हैं.क्यों पड़ी इस 'डिजिटल कंपास' की जरूरत? रायपुर रेलवे स्टेशन देश के व्यस्त और महत्वपूर्ण स्टेशनों में शुमार है, जहां रोजाना हजारों की संख्या में यात्री देश के कोने-कोने से आते-जाते हैं. विशाल परिसर, कई प्लेटफॉर्म, अलग-अलग एंट्री-एग्जिट गेट और खान-पान या विश्राम गृह जैसी ढेरों सुविधाएं होने के बावजूद कई बार यात्रियों को सही जानकारी न मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.।

विडंबनाः 1,316 पदों की फाइल वित्त विभाग और कैबिनेट के बीच अटकी

282 दिन से धरना, हाथ में पोस्टर और आंखों में नियुक्ति का इंतजार

एक तरफ धरना दूसरी तरफ शिक्षक बनने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। तूता धरना स्थल पर बैठे डीएड अभ्यर्थियों की जिंदगी इन दिनों दोराहे पर खड़ी है। सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के 1,316 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन 282वें दिन से जारी है। 24 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ संघर्ष अब नौ महीने से ज्यादा लंबा हो चुका है। लेकिन नियुक्ति का फैसला अब भी सरकारी प्रक्रिया में उलझा हुआ है।

अभ्यर्थियों के मुताबिक

मुख्यमंत्री से भी प्रतिनिधिमंडल की दो बार मुलाकात हो चुकी है। उन्हें वहां से भी शीघ्र निर्णय का आश्वासन मिलने का दावा है। इसके अलावा आठ कैबिनेट मंत्रियों द्वारा नियुक्ति के समर्थन में अनुशंसा पत्र दिए जाने की बात भी अभ्यर्थी कह रहे हैं।

आश्वासन कई, फैसला अब भी बाकी

अभ्यर्थियों का कहना है कि वे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि शिक्षा मंत्री की ओर से 1,316 पदों से संबंधित नोटशीट वित्त विभाग भेजे जाने की जानकारी दी गई है। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी से रायगढ़ स्थित उनके निवास पर मुलाकात के दौरान कैबिनेट में मामला रखने और जल्द निर्णय का आश्वासन मिलने की बात भी अभ्यर्थी इंतजार कर रहे हैं। 4 सितंबर को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने रायगढ़ पहुंचकर वित्त मंत्री से मुलाकात की थी।

धरना स्थल बना पढ़ाई का ठिकाना

282 दिनों से जारी आंदोलन के बीच सबसे मार्मिक तस्वीर तूता धरना स्थल पर दिखाई देती है। नियुक्ति के इंतजार में बैठे अभ्यर्थी सिर्फ आंदोलन नहीं कर रहे। बल्कि साथ-साथ शिक्षक भर्ती की तैयारी भी कर रहे हैं। किसी के हाथ में प्रतियोगी परीक्षा की किताब है तो कोई धरना स्थल पर बैठकर नोट्स तैयार कर रहा है। महीनों से चल रहे आंदोलन के बावजूद अभ्यर्थी अपनी पढ़ाई छोड़ने को तैयार नहीं हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक दिन यही किताबें उन्हें शिक्षक की नौकरी तक पहुंचाएंगी। लेकिन उनके सामने एक सवाल लगातार खड़ा है जिस नौकरी के लिए वे तैयारी कर रहे हैं क्या उसका दरवाजा खुलेगा भी या नियुक्ति की फाइल ही उनका इंतजार करती रहेगी?

फाइल कहां अटकी है?

अभ्यर्थियों का सीधा सवाल है जब शिक्षा विभाग से फाइल वित्त विभाग पहुंच चुकी है और वित्त मंत्री की ओर से मामला कैबिनेट में रखने की बात कही जा रही है तो 1,316 पदों की नियुक्ति आखिर किस स्तर पर अटकी है? अभ्यर्थियों का आरोप है कि उन्हें एक विभाग से दूसरे विभाग तक भेजा जा रहा है। उनके शब्दों में हमारी नियुक्ति की फाइल फुटबॉल बन गई है और हम उसके पीछे भाग रहे हैं।

अब आश्वासन नहीं, आदेश चाहिए

अभ्यर्थियों का कहना है कि वे महीनों से सरकार के आश्वासनों का इंतजार कर रहे हैं। मुलाकातें हुई ज्ञापन दिए गए और समर्थन पत्र भी मिले लेकिन 1,316 पदों पर नियुक्ति का अंतिम निर्णय अब तक सामने नहीं आया है। तूता में बैठे अभ्यर्थियों की मांग अब साफ है आश्वासन बहुत मिल चुके अब 1,316 पदों पर नियुक्ति का ठोस फैसला चाहिए। 282 दिन बाद भी आंदोलन जारी है। हाथों में किताबें हैं, आंखों में उम्मीद है और सरकार से एक ही सवाल आखिर 1,316 युवाओं के भविष्य का फैसला कब होगा?

सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्श हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते रहेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन। नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलते हुए पूरी दुनिया को शांति और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचारों में समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की भावना निहित थी। उनका जीवन हमें सत्य के मार्ग पर अडिग रहते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा कि उनका सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका दिया 'जय जवान-जय किसान' का मंत्र देश की सुरक्षा और समृद्धि में हमारे जवानों तथा किसानों के अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है।

राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन

खबर ऐसी हो जिससे समाज का कल्याण हो, भ्रम नहीं: मुनि आगम सागर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में बुधवार को पहली बार राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री अग्रसेन धाम में आयोजित सम्मेलन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से जैन पत्रकार शामिल हुए। सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज, रायपुर की ओर से जैन पत्रकार महासंघ के सहयोग से किया गया।

चातुर्मासरत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री आगम सागर जी, मुनि श्री पुनीत सागर जी, ऐलक श्री धैर्य सागर जी एवं ऐलक श्री स्वागत सागर जी के आशीर्वाद से हुए इस सम्मेलन में ÷जैन धर्म आयतनों के संरक्षण एवं संवर्धन में पत्रकारिता की भूमिका÷ विषय पर परिचर्चा हुई। इसमें पत्रकारिता, धर्म, समाज और जैन संस्कृति के संरक्षण से जुड़े विषयों पर वक्ताओं ने विचार रखे। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कांवाडिया और वरिष्ठ पत्रकार नमित जैन ,पारस चेनल डाइरेक्टर प्रकाश मोदी एवं विश्व परिवार के प्रदीप जैन शामिल हुए।

परिचर्चा के दौरान जैन समाज की जनसंख्या और पहचान को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि जनगणना में जैन समाज की संख्या करीब 44 लाख दर्ज है, जबकि समाज के कुछ लोगों का मानना है कि देश में जैन समुदाय की वास्तविक संख्या इससे काफी अधिक है। सम्मेलन में अपील की गई कि जनगणना 2027 में सभी जैन बंधु अपनी धार्मिक पहचान जैन के रूप में दर्ज

मुनि श्री आगम सागर महाराज ने कहा कि सत्य वही व्यक्ति कह और लिख सकता है, जिसके हृदय में डर नहीं हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करते हुए सत्य को प्राथमिकता दें।

क्रिप्टो ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर डॉक्टर से 25.66 लाख रुपए की ठगी

फेसबुक के जरिए हुई थी महिला से पहचान, रकम जमा कराने के बाद निकासी पर मांगी वेरिफिकेशन फीस

रायपुर/नवप्रदेश। क्रिप्टो करेंसी और यूएसडीटी ट्रेडिंग में निवेश कर अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक चिकित्सा अधिकारी से 25 लाख 66 हजार 900 रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने रेशमी गुप्ता और सुरेश चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक समता कॉलोनी निवासी राकेश कुमार मिश्रा कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं और वर्तमान में नेहरू नगर भिलाई में किराये के मकान में रह रहे हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि अगस्त 2026 के दौरान फेसबुक के माध्यम से उनकी पहचान रेशमी गुप्ता नाम की महिला से हुई थी। महिला ने उन्हें क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने की जानकारी दी और निवेश के लिए भरोसा दिलाया।

शिकायत के अनुसार रेशमी गुप्ता ने राकेश की पहचान अपने कथित वरिष्ठ सुरेश चौहान से कराई। इसके बाद सुरेश चौहान ने उन्हें 'सिनचेन' नामक प्लेटफार्म पर पंजीकृत कराया। शुरुआती ट्रेडिंग के दौरान पीड़ित को खाते में मुनाफा होता हुआ दिखाया गया। इसके बाद उन्हें बाइनेंस ट्रेडिंग एप के माध्यम से भी लेनदेन के लिए तैयार किया गया। खाते में मुनाफे की रकम दिखाए जाने के बाद पीड़ित को और अधिक राशि निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि भरोसा होने के बाद उसने अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई के माध्यम से आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में रकम ट्रांसफर की। इसमें बैंक ऑफ इंडिया के सहरसा, बिहार स्थित खाते में 2 लाख रुपये, बैंक ऑफइंडिया के चेलाकारा, केरल स्थित खाते में 10 लाख और 8 लाख रुपये तथा मुंबई के अंधेरी क्षेत्र के एक बैंक खाते में 3.50 लाख रुपये भेजे गए।

गाइडलाइन की कॉपी मांगने पर भेजा फर्जी पत्र

शिकायत के मुताबिक 22 सितंबर को जब राकेश कुमार मिश्रा ने अपने ट्रेडिंग खाते से रकम निकालने का प्रयास किया तो निकासी रोक दी गई। इसके बाद उन्हें बताया गया कि रकम निकालने के लिए वेरिफिकेशन चैनल फीस जमा करनी होगी और यह प्रक्रिया भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के तहत जरूरी है। पीड़ित ने जब इसके संबंध में आरबीआई की गाइडलाइन अथवा पत्र मांगा तो उसे कथित तौर पर एक पत्र भेजा गया। जांच कराने पर वह पत्र फर्जी पाया गया। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर घटना की जानकारी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार सितंबर माह में अलग-अलग तारीखों पर किए गए बैंक और यूपीआई लेनदेन को मिलाकर उसने कुल 25 लाख 66 हजार 900 रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में जमा किए। पुलिस ने आवेदन के अवलोकन के बाद प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का अपराध पाए जाने पर रेशमी गुप्ता और सुरेश चौहान के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। मामले में आरोपियों के साथ-साथ जिन बैंक खातों और यूपीआई माध्यमों में रकम ट्रांसफर की गई है, उनके धारकों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

मिर्ची की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे 2 करोड़ का गांजा, तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 440।63 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजे की तस्करी के आरोप में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मिर्ची की बोरियों के नीचे गांजे के पैकेट छिपाकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान गांजा और तस्करी में प्रयुक्त वाहन समेत कुल 2 करोड़ 40 लाख 31 हजार 500 रुपए की जप्ती की गई है।

पुलिस के अनुसार डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ। लाल उमेद सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में उड़ीसा सीमा से लगे लावाकेरा चेकिंग बैरियर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान 2 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे एंटी नारकोटिक्स टीम और थाना तपकरा पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उड़ीसा की ओर से आ रहे टाटा आईसर मिनी ट्रक क्रमांक यूपी-71-टी-6592 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम मो। वसीम (28) और मो। आसिफ (34) बताया। दोनों ग्राम मुंडेरा, थाना धूमनगंज, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

पुलिस ने वाहन में लोड सामान के संबंध में पूछताछ कीः तो आरोपियों ने मिर्ची की बोरियां होने की जानकारी दी। संदेह के आधार पर पुलिस ने बोरियों की जांच शुरू की। ट्रक के ऊपर मिर्ची की बोरियां रखी थीं। इन्हें हटाने पर नीचे रखी बोरियों में टेप से लिपटे पैकेट मिले। जांच करने पर पैकेटों में गांजा पाया गया। मौके पर गवाहों की मौजूदगी में जांच करने पर कुल 14 बोरियों से 440 पैकेट गांजा बरामद हुआ। इसका कुल वजन 440।63 किलो पाया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 20 लाख 31 हजार 500 रुपए बताई गई है। इसके अलावा करीब 20 लाख रुपए कीमत का मिनी ट्रक भी जप्त किया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ :थाना तपकरा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने गांजा उड़ीसा के बोध क्षेत्र से लेकर प्रयागराज जाने की बात बताई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जनवरी से अब तक 1906 किलो गांजा बरामद रही है।

जनवरी से अब तक 1906 किलो गांजा बरामद

जशपुर पुलिस के मुताबिक जनवरी 2026 से अब तक गांजा तस्करी के 16 मामलों में करीब 8 करोड़ रुपए कीमत का 1906 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। इन मामलों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। तस्करी में प्रयुक्त 17 कार और एक पिकअप वाहन भी जप्त किए गए हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी तपकरा निरीक्षक त्रिलोक प्रधान, निरीक्षक संदीप कौशिक, सहायक उप निरीक्षक संतोष चौरसिया, आरक्षक शिवकुमार, विनोद तिर्की सहित एंटी नारकोटिक्स टीम और थाना तपकरा पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बरसात बाद सड़कों-पुलों के काम में आएगी तेजी, 672 करोड़ के 24 कार्यों की निविदा मंजूर

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

■ नई सड़कें और पुल बनने के साथ सड़कों का होगा उन्नयन, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। बरसात के बाद प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण के कार्य तेजी से धरातल पर उतरेंगे। राज्य शासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी करते हुए 672 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए के 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दे दी है। इनमें नई सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ मौजूदा सड़कों के उन्नयन, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चयनित ठेकेदारों एवं निर्माण एजेंसियों को यथाशीघ्र कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में मजबूत सड़क एवं पुल अधोसंरचना का निर्माण राज्य सरकार की विकास प्राथमिकताओं में शामिल है। बेहतर सड़कें गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच को सुगम बनाती हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से आवागमन बेहतर होगा और व्यापार, पर्यटन सहित स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं का लाभ लोगों तक जल्द पहुंचे, इसके लिए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

अरपा और खारून नदी पर बनेंगे उच्च स्तरीय पुल

राज्य शासन ने बिलासपुर जिले में लोधीपारा (सरकंडा)-कोनी मार्ग में अरपा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 17 करोड़ 63 लाख 32 हजार रुपए तथा चोरहादेवरी-परसदा मार्ग में खारून नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 7 करोड़ 68 लाख 16 हजार रुपए की निविदा को स्वीकृति प्रदान की है। इन पुलों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव सहित विभिन्न जिलों में बनेंगी नई सड़कें

लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव पुल मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में पुल-पुलिया सहित 5.28 किलोमीटर फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 28 करोड़ 2 लाख 70 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। धमतरी जिले में राजनांदगांव-गुंडरदेही-धमतरी-नगरी सिहावा-बोराई राज्य मार्ग के आमदी नगर पंचायत में 3.50 किलोमीटर फोरलेन गौरव पथ के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 19 करोड़ 26 लाख 10 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है।राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में पुल-पुलियों सहित आठ किलोमीटर फोरलेन परिक्रमा पथ के लिए 46 करोड़ 22 लाख 8 हजार रुपए, बिलासपुर जिले में 17.61 किलोमीटर झाल से नगपुरा मार्ग के लिए 29 करोड़ 91 लाख 92 हजार रुपए, महासमुंद जिले में पुल-पुलियों सहित 6.50 किलोमीटर सल्डीह-बहादुरपुर मुख्य जिला मार्ग के लिए 11 करोड़ 27 लाख 98 हजार रुपए, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 7.60 किलोमीटर सिविलदाग-नीलकंठपुर सड़क के लिए 14 करोड़ 13 हजार रुपए तथा रायगढ़ जिले में 3.40 किलोमीटर उर्दना-कृष्णापुर-खैरपुर मार्ग के लिए 13 करोड़ 74 लाख 29 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री साय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से की सौजन्य मुलाकात

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव, छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की।मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर में हो रहे विकास और बदलते स्वरूप पर चर्चा करते हुए बताया कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सिंचाई, पर्यटन, रोजगार और आजीविका से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

गांधी और शास्त्री की जयंती पर भाजपा ने किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक स्मरण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री द्वय यशवन्त जैन व डॉ. नवीन मार्कण्डेय और प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी अम्बिकापुर के गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने इस मौके पर कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन दर्शन हैं। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और स्वदेशी के संकल्प से स्वतंत्रता संग्राम को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। आज देश उनके दिखाए मार्ग पर चलकर 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए श्री जैन ने कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति थे। उनके द्वारा दिया गया 'जय जवान, जय किसान' का मंत्र आज भी देश की सुरक्षा और समृद्धि का मूल आधार है। संकट के समय उन्होंने जिस दृढ़ नेतृत्व का परिचय दिया, वह राष्ट्र सेवा की अनुपम मिसाल है।

यूएसए में रहने वाली महिला ने ओम हॉस्पिटल में कराई प्लास्टिक सर्जरी

रायपुर/नवप्रदेश। महादेवघाट रोड स्थित ओम अस्पताल में अमेरिका में रहने वाली एक महिला की सफल प्लास्टिक-कॉस्मेटिक सर्जरी की गई।

करीब एक वर्ष पहले हुए सड़क हादसे में महिला के दांत से उनका होठ कट गया था। उपचार के बाद घाव तो ठीक हो गया, लेकिन होठ में छोटी सी गठान बन गई थी, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही थी। महिला ने अमेरिका में चिकित्सकों से इस समस्या के संबंध में संपर्क किया। वहां उन्हें सर्जरी के लिए करीब 14 महीने बाद की तारीख मिली। इसी बीच महिला अपने परिवार के पास रायपुर आईं। उन्होंने यहां ओम अस्पताल के प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन तथा अस्पताल के निदेशक डॉ. कमलेश अग्रवाल से संपर्क किया। जांच के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार महिला की होठ की प्लास्टिक-कॉस्मेटिक सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद उन्हें किसी प्रकार की गंभीर परेशानी नहीं हुई और ऑपरेशन के चंद घंटों बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार महिला अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और सामान्य रूप से रह रही हैं।

देर रात अचानक नोटिस, भर्ती प्रक्रिया पर ब्रेक, अभ्यर्थियों में मायूसी

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए देर रात जारी हुआ एक नोटिस अचानक परेशानी और मायूसी की वजह बन गया। दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग ने शिक्षक पदों की भर्ती से जुड़ी तमाम गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिस में 2 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 के बीच प्रस्तावित डोमेन नॉलेज टेस्ट/इंटरव्यू भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित भर्ती गतिविधियां एक अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुपालन में स्थगित की गई हैं। हालांकि, नोटिस में भर्ती प्रक्रिया स्थगित किए जाने की विस्तृत वजह स्पष्ट नहीं की गई है। अभ्यर्थियों को आगे की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी गई है। अचानक जारी हुए इस आदेश ने उन अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ा दी है, जो लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण की तैयारी कर रहे थे। खासकर जिन अभ्यर्थियों ने डोमेन नॉलेज टेस्ट और इंटरव्यू को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली थी, उनके लिए देर रात आया यह फैसला किसी झटके से कम नहीं है। एक अभ्यर्थी ने कहा, ÷हमने निर्धारित तारीखों को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी की थी। अब अचानक परीक्षा और इंटरव्यू स्थगित कर दिए गए हैं। नई तारीख कब आएगी, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। अभ्यर्थियों को कम से कम स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

सख्ती: अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई! अवैध खनन में लगीं 7 चेन माउंटेन मशीनें जब्त

5 ठेकेदारों पर लगा 2.90 करोड़ का जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर के मटिया गांव में अवैध पत्थर खनन के मामले में विभाग ने पांच ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 2 करोड़ 90 लाख 88 हजार 600 रुपये की पेनल्टी लगाई है।

इसके साथ ही अवैध उत्खनन में इस्तेमाल की जा रही सात चेन माउंटेन मशीनों को भी जब्त किया गया है। खनिज विभाग ने मामले को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

सहायक खनिज अधिकारी उमेश कुमार भार्गव के अनुसार, मटिया गांव में पत्थर के अवैध उत्खनन की शिकायत और जांच के बाद विभाग ने कार्रवाई की। जांच के दौरान अवैध तरीके से खनन किए जाने की बात सामने आने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पेनल्टी की कार्रवाई की गई। जिन ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें धनेश अग्रहरि, अभयकांत सिन्हा, अम्मी रेड्डी, महेश प्रीतवानी और मनोज साहू शामिल हैं। इन पांचों पर मिलाकर 2 करोड़ 90 लाख 88 हजार 600 रुपये की पेनल्टी लगाई गई है।

न्यायालय में पेश किया गया मामला

खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध उत्खनन के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मटिया में सामने आए मामले में भी पंचनामा और अन्य आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। विभाग की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन में लगे लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति है। अधिकारियों का कहना है कि खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

अवैध उत्खनन में लगी 7 मशीनें जब्त

खनिज विभाग की कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध उत्खनन में इस्तेमाल की जा रही सात चेन माउंटेन मशीनें भी मिलीं। विभाग ने इन सभी मशीनों को जब्त कर लिया है। मशीनों का इस्तेमाल पत्थर की खुदाई और उत्खनन में किया जा रहा था। विभाग की कार्रवाई के बाद अब जब्त मशीनों को नियमानुसार आगे की प्रक्रिया के लिए रखा गया है। पेनल्टी की राशि और अन्य वैधानिक कार्रवाई को लेकर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

करीब 3 करोड़ की पेनाल्टी से बढ़ी सख्ती

मटिया गांव के मामले में पांच ठेकेदारों पर लगी 2 करोड़ 90 लाख 88 हजार 600 रुपये की पेनल्टी से कार्रवाई की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं, मौके से सात चेन माउंटेन मशीनों की जब्ती भी की गई है। खनिज विभाग अब न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा। अधिकारियों के मुताबिक अवैध उत्खनन से जुड़े अन्य मामलों में भी जांच कर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

800 साधकों ने योग कर मनाया योग दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय योग संस्थान, रायपुर द्वारा शुक्रवार को 60वां योग दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम गुजराती स्कूल, देवेन्द्र नगर मैदान में प्रातः 5.45 बजे से आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न केन्द्रों के 800 साधकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन, योग गीत और नवरात्र गीत पर सूक्ष्म क्रिया से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के वॉयस प्रेसीडेंट अशोक पटेल और भारतीय योग संस्थान के जिला अधिकारी और जोन अधिकारी शामिल हुए। सभी ने मिलकर दीप प्रज्वलन किया और गायत्री मंत्र के साथ शंखनाद किया। अशोक पटेल ने योग को जीवन में उतारने का सन्देश दिया।सामूहिक योगाभ्यास रेखा बजाज, सविता मिश्रा, अनीता जोशी, वंदना आहूजा, नीलम नावलानी, पिंकी जैन, सुदेशना मेने आदि योग प्रशिक्षकों ने सुन्दर अभ्यास कराया। इस दौरान मक्खननिकालना, तिर्यक ताड़ासन, अर्द्धचक्रासन, कोणासन, उष्ट्रासन, धनुरासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास हुआ।

आसन प्रदर्शन में लक्ष्मी, तनुश्री, अनीता साहू ने विशेष सहयोग दिया।इसके बाद कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, ध्यान एवं शांतिपाठ का अभ्यास जिला अधिकारी राजेश अग्रवाल,राजेश डागा ने कराया। मुकेश सोनी द्वारा इस गौरव के क्षण में सभी के ऐसा सफल जीवन के लिए संस्थान के प्रति कृतज्ञता और संकल्प के माध्यम से योग से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रतिज्ञा लिया गया।डब्ल्यूआरएस कॉलोनी और कटोरा तालाब केंद्र-1,2 के साधकों द्वारा थीम पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संस्थान की साहित्य और सामग्री का स्टॉल भी लगाया गया था। किशोर लालवानी, दम्मानी प्रजापति ने ज़िम्मेदारी निभाई । मंच संचालन जयेश पटेल ,पूजा खंडेलवाल ने किया और मंच समन्वयक किरण प्रसाद के साथ रिया फतनानी रहीं। अंत में ओम अग्रवाल, संदीप ने राष्ट्रगान कराया और कार्यक्रम का समापन सुन्दर सामूहिक गरबा नृत्य के साथ किया गया।

लिफ्ट मांगने के बहाने लूट, युवक गिरफ्तार

■ नाबालिग साथी भी पकड़ा गया, 5 मोबाइल जब्त, स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर भी वारदात कबूली

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के कोटा इलाके में रात के समय राहगीरों से पता पूछने और लिफ्ट मांगने के बहाने मोबाइल झपटने वाले युवक को सरस्वती नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के नाबालिग साथी को भी पकड़ा है। दोनों के कब्जे से 5 मोबाइल बरामद हुए हैं। इनकी कुल कीमत करीब 48 हजार रुपए है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुनसान रास्तों पर राहगीरों को रोकते थे। बातचीत के दौरान मौका मिलते ही मोबाइल झपटकर फरार हो जाते थे। पूछताछ में दोनों ने 22 और 24 सितंबर को हुई मोबाइल झपटमारी की घटनाओं के साथ सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर भी मोबाइल झपटने की वारदात करना स्वीकार किया है। 22 सितंबर की रात करीब 10:20 बजे कोटेश्वर नगर निवासी अवधेश सिंह सरस्वती नगर रेलवे फाटक के पास से जा रहे थे। इसी दौरान दो युवकों ने उन्हें पता पूछने के बहाने रोका। बातचीत के दौरान एक युवक ने उनकी शर्ट की जेब में रखा मोबाइल झपट लिया और दोनों भाग गए।मोबाइल की कीमत करीब 14 हजार रुपए थी। अवधेश सिंह की रिपोर्ट पर 30 सितंबर को सरस्वती नगर थाने में बीएनएस की धारा 304(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोपी से 3, नाबालिग से 2 मोबाइल मिले

पुलिस ने हरेश नायक के कब्जे से 3 मोबाइल बरामद किए। इनकी कीमत करीब 32 हजार रुपए है। वहीं, विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 2 मोबाइल जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 16 हजार रुपए है। दोनों के कब्जे से बरामद 5 मोबाइल की कुल कीमत करीब 48 हजार रुपए है।पुलिस ने हरेश नायक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए अदालत में पेश किया है।

सस्ते में मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश रहे थे

पुलिस के मुताबिक, 30 सितंबर को सूचना मिली कि सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन और कोटा के आसपास दो युवक सस्ते दाम पर मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी की पहचान हरेश नायक (20), निवासी मोतीलाल नगर, कोटा, रायपुर के रूप में हुई। उसके साथ मौजूद नाबालिग को भी संरक्षण में लिया गया।

लिफ्ट मांगने के बहाने बाइक सवार को रोका

पूछताछ में आरोपियों ने 24 सितंबर की रात करीब 2 बजे हुई एक और वारदात कबूल की। दोनों ने लिफ्ट मांगने के बहाने एक बाइक सवार को रोका। मौका मिलते ही बाइक के हैंडल पर रखा मोबाइल झपटकर फरार हो गए। इसके अलावा आरोपियों ने सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बैठे लोगों से भी 3 मोबाइल झपटने की बात स्वीकार की है।

गंडई में पहली बार होगा भव्य गरबा महोत्सव

गंडई/नवप्रदेश। नगर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर इस वर्ष एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। युवा व्यापारी मित्र मंडल, गंडई के तत्वावधान में नगर में पहली बार चार दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक यानी पंचमी से अष्टमी तक आयोजित होगा।

यूथ कांग्रेस चुनाव की सीबीआई जांच हो : अजय चंद्राकर

■ फर्जी वोटिंग और सदस्यता शुल्क पर उठाए सवाल

चंद्राकर कुंठित मानसिकता से बयानबाजी कर रहे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने यूथ कांग्रेस चुनाव में कथित फर्जी वोटिंग और सदस्यता शुल्क को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने पलटवार करते हुए चंद्राकर के बयान को उनकी राजनीतिक कुंठा बताया है।

अजय चंद्राकर ने कहा कि उन्होंने यूथ कांग्रेस चुनाव में फर्जी वोटिंग की शिकायतों के बारे में पढ़ा है। उन्होंने सदस्यता शुल्क को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जो नेता पैसा दे रहे हैं, वह पैसा कहां से आ रहा है, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस चुनाव में गुटबाजी भी सामने आ रही है। चंद्राकर ने कांग्रेस नेता अमरजीत भगत के उस कथित बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके बेटे का फॉर्म रद्द हो गया। चंद्राकर ने कांग्रेस के संगठनात्मक सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी का सिस्टम लोकतंत्र को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इसे रोकने और चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही सवाल किया कि क्या इस मामले पर राहुल गांधी कुछ बोलेंगे?

इतनी चिंता है तो राममंदिर मामले में जांच मांगें : विकास

अजय चंद्राकर के बयान पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि चंद्राकर कुंठित मानसिकता से बयानबाजी कर रहे हैं।विकास उपाध्याय ने कहा कि इस मामले में एसआईटी जांच और कार्रवाई की रिपोर्ट सामने आ चुकी है।विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि अजय चंद्राकर ऐसे बयान देकर शायद अपने ही संगठन में अपनी राजनीतिक उपयोगिता साबित करना चाहते हैं।इतनी ही चिंता है तो अजय चन्द्राकर को राम मंदिर मामले में भी सीबीआई जांच की मांग करनी चाहिए।

282 दिन से धरना, हाथ में पोस्टर और आंखों में नियुक्ति का इंतजार

रायपुर/नवप्रदेश। तूता धरना स्थल पर बैठे डीएड अभ्यर्थियों की जिंदगी इन दिनों दोराहे पर खड़ी है। सहायक शिक्षक भर्ती-2023 के 1,316 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन 282वें दिन से जारी है। 24 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ संघर्ष अब नौ महीने से ज्यादा लंबा हो चुका है। लेकिन नियुक्ति का फैसला अब भी सरकारी प्रक्रिया में उलझा हुआ है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में नियुक्ति की मांग कर रहे हैं।

मंदिर की जमीन की बिक्री अवैध घोषित, नामांतरण निरस्त, एफआईआर के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती स्थित श्री बिरंचीनारायण मंदिर एवं नरसिंहनाथ मंदिर ट्रस्ट की जमीन के विक्रय से जुड़े मामले में पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं एसडीएम ने बड़ा आदेश दिया है। उन्होंने कलेक्टर की अनुमति के बिना जमीन की बिक्री को अवैध ठहराया है, और नामांतरण निरस्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही दोषियों के खिलाफ एफआईआर के भी आदेश पारित किए हैं।

बताया गया कि आवेदक पंकज विश्वकर्मा ने प्राचीन बिरंचीनारायण मंदिर एवं नरसिंहनाथ मंदिर के स्वामित्व की धरमपुरा में 0.158 हेक्टेयर जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री पर सीएम विष्णुदेव साय से शिकायत की थी। सीएम ने रायपुर कलेक्टर को जांच के लिए लिखा था।शिकायत में कहा गया था कि मंदिर सार्वजनिक न्यास के स्वामित्व की जमीन को ट्रस्टी अजय तिवारी के साथ मिलकर कलेक्टर, और पंजीयक सार्वजनिक न्यास की अनुमति के बिना बिक्री की गई। इस पूरे मामले एसडीएम कोर्ट ने प्रकरण दर्ज कर आदेश पारित किए।एसडीएम कार्ट ने 29 सितंबर 2026 को जारी आदेश में ग्राम धरमपुरा स्थित खसरा नंबर 293/7, रकबा 0.158 हेक्टेयर की जमीन के विक्रय को विधि विरुद्ध माना गया है।

कोर्ट ने जमीन के नामांतरण को निरस्त कर ट्रस्ट के नाम पर राजस्व अभिलेख दुरुस्त करने, विक्रय विलेख को शून्य कराने के लिए सक्षम सिविल न्यायालय में कार्रवाई करने और संबंधित थाना प्रभारी को दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।शिकायत में बताया गया कि ट्रस्ट की बैठक में जमीन को 21 लाख रुपए में सौरभ जैन और निखिल जैन के नाम से खरीदने का प्रस्ताव लिया गया था, लेकिन 1 दिसंबर 2022 को इसकी रजिस्ट्री घनश्याम दानी के नाम कराई गई। बाद में 24 अप्रैल 2024 को घनश्याम दानी ने जमीन दशमेश फार्म एंड विला के पार्टनर विवेक अग्रवाल को बेच दी। शिकायत में जमीन का बाजार मूल्य वर्ष 2022 में 2.50 करोड़ रुपए से अधिक होने का भी दावा किया गया था।

मामले की जांच में अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया गया है। आदेश के अनुसार राजस्व अभिलेख में जमीन का नाम बिरंचीनारायण स्वामी सर्वराकार महंत देवदास वैष्णव द्वारा प्रबंधक कलेक्टर, रायपुर के नाम दर्ज किए जाने के निर्देश थे। अदालत के समक्ष यह तथ्य आया कि नामांतरण के दौरान अभिलेख में से प्रबंधक कलेक्टर, रायपुर शब्द हटा दिए गए और केवल महंत का नाम दर्ज किया गया।एसडीएम ने छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 14 का उल्लेख करते हुए कहा कि सार्वजनिक न्यास की अचल संपत्ति के विक्रय के लिए निर्धारित वैधानिक अनुमति आवश्यक है। संबंधित जमीन के विक्रय के लिए पंजीयक, सार्वजनिक न्यास अथवा सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। कोर्ट ने इस सिलसिले में हाईकोर्ट के 18 नवंबर 2023 के आदेश का भी उल्लेख किया।

थाना प्रभारी को विधि सम्मत कार्रवाई करने कहा

आदेश में खसरा नंबर 293/7 पर घनश्याम दानी के नाम दर्ज नामांतरण को विलोपित कर जमीन को पूर्व निर्धारित ट्रस्ट संबंधी नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विक्रय विलेख को शून्य कराने के लिए सक्षम सिविल न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने और संबंधित थाना प्रभारी को बीएनएस तथा लोक न्यास अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करने कहा गया है। एसडीएम कोर्ट ने ट्रस्ट की ओर से बताई गई तकनीकी चूक की दलील को स्वीकार नहीं किया और कार्रवाई को लोक न्यास के हितों के प्रतिकूल बताते हुए विधि विरुद्ध माना है।

सुविचार

साहसी हर कोई होता है। खड़े होकर बोलने के लिए भी साहस चाहिए तो बैठकर सुनने के लिए भी साहस चाहिए।

जांबाज पायलट स्मित के जज्बे को सलाम

भारतीय पायलट स्मित मच्छार ने असाधारण परिस्थिति में जिस अदम्य साहस का परिचय दिया और अपनी जान पर खेलकर 174 विमान यात्रियों की जान बचाई उसके लिए आज सारी दुनिया इस जांबाज भारतीय पायलट के जज्बे को सच्चे दिल से सलाम कर रही है। हम 140 करोड़ भारतीयों का सीना भी गर्व से चौड़ा हो गया है। जिंदगी और मौत के बीच जब चंद लम्हों का ही फासला रह गया हो तब ऐसी विषम स्थिति में धैर्य बनाए रखना और दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए अपना जीवन दांव पर लगा देना ही सच्चे साहस की पहचान है। कैप्टन स्मित मच्छार ने अपना जीवन खतरे में डालकर और बुरी तरह घायल होने के बावजूद विमान के काकपिट का दरवाजा खोलकर जिस सूझबूझ और साहस का परिचय दिया है उसकी मिसाल मिलनी मुश्किल है। स्मित मच्छार ने अपने इस पराक्रम से न सिर्फ 174 यात्रियों की जान बचाई बल्कि अपने देश भारत की आन बान और शान भी कायम रखी। विमान का को पायलट ओमान का कट्टरपंथी था जो विमान को क्रेश कर 9/11 दोहराना चाहता था। इसीलिए उसने भारतीय पायलट स्मित मच्छार पर जानलेवा हमला कर उनकी हत्या की कोशिश की। सोचिए यदि वह कट्टर पंथी को-पायलट अपने नापाक मंसूबों में कामयाब हो जाता तो इस हादसे के कितने भयावह दुष्परिणाम सामने आते? विमान में सवार सभी यात्री यहूदी थे और विमान चालक भारतीय। ऐसे में भारत और इजराइल के बीच जो दोस्ताना ताल्लुक हैं वे खत्म हो जाते जिसे हमारे ही देश में छिपे गद्दार दुश्मनी में बदलने की साजिश रचते। हिन्दू आतंकवाद के पुराने एजेन्डे पर नये सिरे से काम शुरू हो जाता जिसके चलते अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हो जाती। शुक्र है उपर वाले का कि ऐसा नहीं हो पाया। एक बड़ी साजिश जांबाज भारतीय पायलट स्मित मच्छार ने अपने अदभुत शौर्य से विफल कर दी। इजराइल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू ने स्मित मच्छार के साहस को सलाम करते हुए कह भी दिया है कि उन्होंने एक और 9झ11 होने से बचा लिया। उन्होंने इसे एक बड़ी आतंकी साजिश भी करार दिया है। जो सच लगती है। गौरतलब है कि इजराइल के जिन देशों से संबंध ठीक नहीं हैं वहां के किसी भी पायलट को इजराइल में आने वाले विमान का परिचालन करना प्रतिबंधित है। ऐसे में इजराइल के दुश्मन देश ओमान का एक कट्टर पंथी को पायलट कैसे मौजूद था? जाहिर है इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश थी। जिसका खुलासा इजराइल की गुप्तचर एजेंसी मोसाद कर लेगी। इसके तार आतंकवाद का पर्याय बन गए पाकिस्तान के किसी आतंकी संगठन से जुड़े हों तो भी ताज्जुब नहीं होगा। बहरहाल मानवता की सेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश करने वाले भारतीय पायलट स्मित मच्छार अस्पताल में भर्ती हैं पूरा देश उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहा है। ईश्वर उन्हें जल्द स्वस्थ करे ताकि फिर वह मातृभूमि की सेवा में जुट सकें।

नगरीय प्रशासन विभाग की सराहनीय पहल

छत्तीसगढ़ में सड़कों पर पशुओं के जमावड़े के कारण यातयात तो बाधित होता ही है इनकी वजह से सड़क दुर्घटना भी आम बात हो गई है। खासतौर पर रात्रि के समय ये पशु पूरी सड़क घेर कर बैठ जाते हैं जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जरा भी नजर हटी कि दुर्घटना घट जाती है। बहरहाल अब छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन विभाग ने सराहनीय पहल की है जिसका देर आयद दुरुस्त आयद के रूप में स्वागत किया जाना चाहिए। नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्तों और नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क पर डेरा डाले पड़े मवेशियों के मालिकों की पतासाजी कर उनके खिलाफ पुलिस के सहयोग से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी पशु मालिकों की जवाबदेही तय की जाए और इसकी नियमित मानीटरिंग की जाए। इसके अलावा नगरीय निकायों की सीमा के भीतर सभी मवेशियों की टैगिंग भी अनिवार्य की गई है। जिसके तहत सभी पशुओं में बारह अंकों वाला डिजिटल ईयर टैग लगाया जाएगा। गौरतलब है कि इस बाबत पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित किया था जिस पर अब नगरीय प्रशासन विभाग अमल करने जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नगरीय प्रशासन विभाग के इस कड़े निर्देश का सभी नगरीय निकाय पूरी ईमानदारी से पालन करेंगे और पशु मालिकों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाएंगे। तभी प्रदेश वासियों को इस विकट समस्या से मुक्ति मिल पाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1735 - फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1831 - मैसूर पर ब्रिटेन ने क़ब्ज़ा किया। 1880 - पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया। 1915 - नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 रिक्टर पैमाने का भूकंप आया। 1932 - इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ। 1977 - पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 1978 - कलकत्ता में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ। 1984 - भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी। 1992 - गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता। 1994 - भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया। 1995 - चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति। 1999 - आण्विक पदार्थों के आवागमन और आण्विक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सं.रा. अमेरिका तथा रूस ने संयुक्त संकट केन्द्र की स्थापना की। 2002 - नोबेल शान्ति पुरस्कार के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को संयुक्त रूप से देनी की सिफ़ारिश की गई। 2003 - पाकिस्तान ने हत्फ़ III मिसाइल का परीक्षण किया। 2004 - लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक संगठन दो हिस्सों में बंटा। 2006 - संयुक्त राष्ट्र संघ के नये महासचिव दक्षिण कोरिया के बान की मून होंगे। 2008 - टाटा मोटर्स के चेयरमैन रतन टाटा ने सिंगूर से नैनो कार परियोजना अन्यत्र ले जाने की घोषणा की। 2013 - इतालवी द्वीप लात्पेदुसा के पास एक नाव के डूब जाने से करीब 134 लोगों की मौत हो गई।

विफलताओं का ठीकरा ज्ञानेश कुमार के सर फोड़ने की कोशिश

नीरज मनजीत

क्या राहुल गांधी ख़ुद को असत्य कहानियाँ रचने का विशेषज्ञ कहलवाना चाहते हैं? क्या वे असत्य नैरेटिव खड़े कर जनता को भ्रमित करके सत्ता में आना चाहते हैं? क्या रचनात्मक और सकारात्मक राजनीति से उनका यकीन ख़त्म हो चुका है? क्या वे भूल चुके हैं कि नेता प्रतिपक्ष की अपनी एक गरिमा और प्रतिष्ठा होती है तथा जनता उनसे ज़्यादा जिम्मेदारी और उच्च मूल्यों की राजनीति करने की अपेक्षा रखती है? क्या वे और उनके क़रीबी सलाहकार समझ नहीं पा रहे हैं कि राजनीति की ऐसी शैली की वजह से जनता के बीच उनकी विश्वसनीयता रसातल की ओर जा रही है? ये सारे सवाल उनका पीछा कर रहे हैं और वे इन सबसे आँखें मूँदे सरपट भागे चले जा रहे हैं।

लगातार असत्य नैरेटिव खड़े करके खिसक लेने की ÷दागो और भागो÷ की शैली पहले-पहल संभवतः अरविंद केजरीवाल ने ईजाद की थी। जब वे दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, तब वे हर दिन जनता के सामने एक नई असत्य कहानी परोसते। जब तक जनता कुछ समझती अथवा भारतीय जनता पार्टी उस कहानी पर कोई प्रतिक्रिया देती, तब तक वे दूसरी असत्य कहानी परोसकर आगे निकल जाते। आख़िर जनता ने उनकी इस चालाकी को पकड़ लिया और दिल्ली के चुनावों में उन्हें पराजित कर घर में बिठा दिया। राहुल गांधी से केजरीवाल की शैली अपनाने की अपेक्षा नहीं थी। राहुल गांधी एक प्रबुद्ध राजनेता हैं और बहुत बड़ी विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने वैश्विक समुदाय पर अच्छा प्रभाव छोड़ा है।

इस सीरियल का ताज़ा एपिसोड है मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर आरोपों की श्रृंखला। पिछले पखवाड़े अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस में एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट छपी थी, जिसके मुताबिक सीईसी ज्ञानेश कुमार और उनके साथ के दोनों चुनाव आयुक्तों--सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी--के बीच पिछले दस महीनों से गंभीर मतभेद थे तथा उन्होंने आयोग के कई निर्णयों को लेकर 14 बार असहमति दर्ज़ कराई थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ज्ञानेश कुमार ने अपने साथी आयुक्तों की जानकारी के बग़ैर कई फ़ैसले ले लिए थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ज्ञानेश कुमार ने मनमाने तरीके से नए वोटर्स के लिए फॉर्म 6 में एक सवाल जोड़ दिया, जबकि कानून में परिवर्तन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता था।

कुल मिलाकर इस रिपोर्ट से यही निष्कर्ष निकलता है कि ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग में तानाशाही कर रहे थे और इसका असर एसआईआर पर पड़ रहा था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि संधू और जोशी ने मोदी कैबिनेट के मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखकर सारे विवाद से अवगत कराया गया था। इस रिपोर्ट के छपते ही एक तरह का राजनीतिक बवंडर चल पड़ा। समूचे विपक्ष, ख़ासतौर पर कांग्रेस, का इकोसिस्टम ज्ञानेश कुमार और भारतीय जनता पार्टी पर टूट पड़ा। इस्तीफ़ा विशेषज्ञों की टीम ज्ञानेश कुमार से इस्तीफ़ा मांगने लगी।

यह एपिसोड जिस तरह से शुरू हुआ है और ज्ञानेश कुमार को जिस तरह से विलेन की तरह पेश किया जा रहा है, उससे शक़ पैदा हो रहा है। कोई उन्हें कॉम्प्रोमाइज्ड कह रहा है, कोई गद्दार कह रहा है, तो कोई देशद्रोही, जबकि इसके ठीक बरअक्स सच्चाई कुछ और ही है।

दरअसल इंडियन एक्सप्रेस की यह रिपोर्ट अर्द्धसत्य की अभिव्यक्ति के अलावा और कुछ नहीं है। रिपोर्ट में ज्ञानेश कुमार और बाक़ी के दोनों आयुक्तों के बीच के मतभेदों को तो व्यक्त किया गया है, मगर इसकी तस्दीक़ के लिए संधू और जोशी में से किसी का भी बयान नहीं है। चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद होना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि इससे पहले भी आयोग में कई दफा मतभेद पैदा हुए हैं और वे सार्वजनिक भी हुए हैं। इस बार भी ऐसा ही कुछ हुआ है। पिछले हफ़्ते शनिवार को आयोग की बैठक के बाद सब कुछ स्पष्ट कर दिया गया है। इस बैठक में तीनों चुनाव आयुक्त मौजूद थे। उनके मुताबिक सारे फ़ैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे और कैबिनेट सचिव को लिखी गई चिट्ठी में सिर्फ़ रूटीन की बातें हैं, उसमें ऐसा कुछ नहीं है जितना बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा है। आयोग की सफ़ाई के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा है कि विपक्षी नेता जानते-बूझते हुए तिल का ताड़ बनाकर जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं।

इस पूरे एपिसोड पर बारीक़ी से ग़ौर किया जाए, तो आसानी से समझा जा सकता है कि विपक्ष, ख़ासकर राहुल गांधी, अपनी विफलताओं का ठीकरा ज्ञानेश कुमार के सर फोड़ रहे हैं। राहुल गांधी अपने राजनीतिक कैरियर में तक़रीबन 95 चुनाव हार चुके हैं। वे भारत के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार के चश्मो-चिराग हैं, इसलिए पार्टी में उनकी हैसियत को चुनौती देने वाला कोई नहीं है, चाहे वे जितने भी चुनाव हार जाएँ। उनके सामने असली चुनौती है पार्टी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों और अपने वोटर्स का मनोबल गिरने से बचाए रखना। इसी वजह से वे ज्ञानेश कुमार की आहुति देकर अपनी पराजयों को छिपाए रखना चाहते हैं। ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव के साथ इंडी गठबंधन के अन्य सभी नेताओं को भी अपनी-अपनी हार छिपाने का अच्छा बहाना मिल गया है। मगर विपक्ष को, ख़ासतौर पर राहुल गांधी को, समझना होगा कि वोट चोरी अथवा ज्ञानेश कुमार को घेरने का रेकॉर्ड इस क़दर घिस चुका है कि लोग इससे ऊबने लगे हैं।

दो साल पहले ईवीएम पर सवाल खड़े किए जाते थे।

जब देखा गया कि इन सवालों का जनता पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, तो वोट चोरी का नैरेटिव खड़ा किया गया और एसआईआर को आरोपों के घेरे में डाल दिया गया था, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को वाजिब ठहराया है। बिहार और बंगाल के चुनावों में वोट चोरी की कहानियों को ज़ोर-शोर से उठाया गया। बिहार में तो राहुल गांधी ने बाक़ायदा वोटर अधिकार यात्रा निकालकर पूरे चुनाव प्रचार को वोट चोरी के आरोपों पर ही टिका दिया था। एक तरह से वे वोट चोरी के नैरेटिव को जनता की अदालत में ले गए थे। नतीजा यह निकला कि मतदाताओं ने प्रचंड बहुमत से भाजपा को जिताकर इस नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया। दरअसल देश का बहुसंख्यक समुदाय भाजपा के पक्ष में वोट दे रहा है। अतः विपक्ष को यह समझना होगा कि यह समुदाय काफी बुद्धिमान है और उसे अच्छे बुरे का भेद करना आता है। बेहतर होगा कि विपक्ष रचनात्मक राजनीति की मिसाल लेकर जनता के बीच में जाए।

तकनीक नहीं, नीयत तय करेगी भविष्य

वीरेंद्र हीरालाल पथरिया

आजकल जिधर देखिए, उधर AI की चर्चा है। लेखक एआई पर लेख लिख रहे हैं, विशेषज्ञ उसके भविष्य को लेकर चिंतित हैं और समाज में यह सवाल उठ रहा है कि कहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता मनुष्य के लिए चुनौती तो नहीं बन जाएगी।

सवाल वाजिब है। लेकिन इसी बहस के बीच एक दूसरा सवाल भी उठना चाहिए, क्या हमने कभी यह गंभीरता से सोचा कि एआई से पहले इंसान पर भरोसा कितना बचा है?

जिस समाज में मनुष्य का मनुष्य पर विश्वास धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा हो, वहां केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता से डरना कुछ अधूरा-सा लगता है।

कहीं महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार की घटनाएं होती हैं और उसके विरोध में पूरे पुरुष समाज को संदेह की नजर से देखने वाले नारे सुनाई देते हैं। यहां समस्या किसी एक पूरे वर्ग में नहीं, बल्कि उन व्यक्तियों के आचरण में है जो गलत करते हैं। लेकिन ऐसी घटनाएं यह जरूर बताती हैं कि विश्वास का रिश्ता कितना नाजुक हो गया है।

इसी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक परीक्षा को प्रभावित नहीं करतीं, वे उस विद्यार्थी के विश्वास को चोट पहुंचाती हैं जिसने वर्षों मेहनत की। 2026 में NEET-UG परीक्षा से जुड़े कथित पेपर लीक मामले में CBI जांच और गिरफ्तारियां भी हुईं। लेकिन सवाल कानून से आगे का है, जिस बच्चे ने ईमानदारी से पढ़ाई की, उसके मन में व्यवस्था पर विश्वास कौन लौटाएगा?

फिर स्वास्थ्य का क्षेत्र है। जिस बीमारी से इंसान पहले ही जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा है, वहां दवा की कीमत, उपलब्धता और पारदर्शिता से जुड़े सवाल उसके संघर्ष को और कठिन बना देते हैं। भोजन की दुनिया में भी मिलावट की चिंता कोई काल्पनिक विषय नहीं है। जिस वस्तु को हम अपने शरीर का हिस्सा बनाने के लिए खरीदते हैं, उसमें अगर गुणवत्ता को लेकर संदेह पैदा हो जाए तो थाली में भोजन के साथ भरोसा भी कम हो जाता है।

और फिर दुनिया का दृश्य देखिए।

मनुष्य ने परमाणु शक्ति विकसित की—ऊर्जा के लिए, विज्ञान के लिए, सुरक्षा के लिए। लेकिन वही शक्ति विनाश का माध्यम भी बन रही है। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने भी परमाणु हथियारों के बढ़ते जोखिम और आधुनिक तकनीकों, जिसमें एआई भी शामिल है, से कमांड और निर्णय-प्रक्रियाओं में पैदा हो रही नई अनिश्चितताओं पर चिंता व्यक्त की। तो फिर U AI को अकेले कठघरे में क्यों खड़ा किया जाए?

चाकू रसोई में सब्जी काटता है और वही किसी को घायल भी कर सकता है। दोष चाकू की धार का नहीं, उसे पकड़ने वाले हाथ की नीयत का होता है। परमाणु शक्ति अपने आप युद्ध नहीं करती। हथियार अपने आप किसी पर हमला नहीं करते। पैसा अपने आप भ्रष्टाचार नहीं करता। तकनीक अपने आप छल नहीं करती।

निर्णय मनुष्य करता है।

एआई भी एक ऐसी ही शक्ति है। वह चिकित्सा अनुसंधान में सहायता कर सकता है, शिक्षा को अधिक सुलभ बना सकता है, किसानों को मौसम और बाजार की जानकारी समझने में मदद कर सकता है, दिव्यांगों के लिए नई सुविधाएं पैदा कर सकता है और कठिन वैज्ञानिक समस्याओं पर काम करने में मनुष्य की सहायता कर सकता है। उसी तकनीक का दुरुपयोग गलत सूचना, धोखाधड़ी, निगरानी या अन्य हानिकारक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है।

इसलिए असली प्रश्न शायद यह नहीं है कि "AI पर भरोसा करें या नहीं? बल्कि असली प्रश्न है कि "AI को निर्देश देने वाले इंसान पर भरोसा कैसे कायम रखा जाए?

हम तकनीक को नियमों से नियंत्रित कर सकते हैं, उसके लिए कानून बना सकते हैं, पारदर्शिता की व्यवस्था कर सकते हैं और दुरुपयोग पर रोक लगा सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ी सुरक्षा अंततः मनुष्य के भीतर से आएगी—उसकी नैतिकता, संवेदना और जिम्मेदारी से।

हमें AI से डरने से पहले अपने भीतर के उस इंसान को मजबूत करना होगा जो शक्ति मिलने पर उसका उपयोग दूसरों के हित के लिए करे, दूसरों के अहित के लिए नहीं।

क्योंकि भविष्य का खतरा केवल मशीन में नहीं है। खतरा तब पैदा होता है, जब इंसान की बुद्धि तो बढ़ जाए, लेकिन उसकी संवेदना छोटी हो जाए। AI कितना बुद्धिमान होगा, यह विज्ञान तय करेगा। लेकिन वह मानवता के लिए कितना उपयोगी होगा, यह मनुष्य की सोच तय करेगी।

इसलिए आज AI पर भरोसे की चिंता जरूर कीजिए, लेकिन उससे पहले एक सवाल अपने आप से भी पूछिए जिस इंसान ने AI बनाया है, क्या उसने अपने भीतर के इंसान को भी उतना ही विकसित किया है?

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अचानक निगाह ठिठकी किसी दालान पर सरकी बड़ा ही मनोरम दृश्य है शोक संताप अदृश्य है चौखट पर हँसी पड़ी है दीवार पर एक घड़ी है धूप आँगन में बिखरी है तुलसी चौरे पे निखरी है मुंडेरों पर कबूतर हैं गीत के सामूहिक स्वर हैं हवा में गंध मिट्टी की या पुरखन की चिट्ठी कीन कोई शोर बाज़ार का न डर है जीत हार का बसंत जैसे उतर गया है समय यहाँ ठहर गया है दिखा चूल्हा धुआँ देता एक बच्चा लट्टू लपेटता मुनिया बाल बना रही है अम्मा दाल सूखा रही है पीपल की छाँव गहरी है वहीं चौपाल भी ठहरी है ।। **- मनीष सिंह वंदन**

जिनके दिन रह जाते थोड़े शायद वे ही दिन गिनते हैं वरना रोज सुबह हो जाती रात में तारे कब गिनते हैं दोष जो देखे बस दूजे में अपनी भूल वो कब गिनते हैं राम नाम जपना हो ज्यादा ले माला उसको गिनते हैं धूल सने हो रुपये चाहे थूक लगाकर ही गिनते हैं पाप करें खुद चाहे जितने दूजों के ही बस गिनते हैं। **- जे डी कुदाल**

प्रेम मुझे तो लगता है कि तुम बस कवि की कल्पना मात्र भर हो जब चाहा जैसे चाहा स्तेमाल हुआ तुम्हारा, स्वार्थ स्वार्थ से वशीभूत है ये रिश्ता हम किसी का अच्छा करते हैं क्योंकि हमें अच्छा लगता है। थोड़ा सा बुरा लगा नहीं कि आजकल दुनिया वाले जीने का हक तक छिन लेते हैं नापसंद इंसान से। **- सुनिता पुष्पराज पांडेय**

यह बेमेल व्यवस्था नयी नहीं इस समाज की पहल करता नहीं कोई किसी नये आगाज की कैसी-कैसी जरुरतों में उलझा पड़ा इंसान है काँधा उचकाकर चल रहे बोझ है लिहाज की । **- सपना चन्द्रा**

जीवटता परिचय बनी, भारतीय कप्तान। सकल विश्व को हो रहा, हीरो पर अभिमान। हीरो पर अभिमान, लाल जो भारत माँ का। बना सुरक्षा चक्र, हुआ फिर बाल न बाँका। कण कण में है हिन्द,यही अमूल्य विशिष्टता। भारत के कप्तान,दिखा। **- रजनी रामदेव**

कहो प्रिय, कि ऐसा क्या लिख दूं जो लाने मे सक्षम हो तुम्हारे ओजस्वी आभा मंडल पर बस एक अदद मुस्कान! बस एक अदद मुस्कान! तुम कहो तो, कड़क सी इस ग्रीष्म को, चटक वसंत कह दूं या फिर विरह के इस दिवस को, मिलन की रात कह दूं या फिर, तृष्णा के इस अनल को, अक्षुओं से झरता जल कह दूं भक.... छोड़ो, मैं कुछ नहीं कहती मैं भी तुम्हारी ही तरह, शांत शिला सदृश्य हो जाती हूँ!

- कुमुद अनुञ्जया

ये सफर भी छूट जायेगा, ये शहर भी छूट जायेगा, जहां ली थी पहली सांस मैंने वो घर भी छूट जायेगा,, जिस आंगन में गिरकर संभलना सीखा था मैंने, मात पिता के आशीष का वो असर भी छूट जायेगा,, जिन गलियों में बीता था हंसते-रोते हुए मेरा जीवन, समय के साथ उस अहसास का मंजर भी छूट जायेगा,, ये सच है कि जग में ज़िन्दगी कितनी भी अपनी लगे, यादें रह जायेगी यहीं जीवन सफर भी छूट जायेगा।

- ललित उपाध्याय

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज व्यापार में आय एवं खर्च बराबर रहने से बचत नहीं कर पाएंगे स्वभाव से संतोषी रहने के कारण आप ज्यादा झंझट वाले कार्यो में पड़ना पसंद भी नही करेंगे।

वृष: आज का दिन आपके लिए आशाजनक रहेगा। आज विशेषकर के दिनों से उलझे पैतृक कार्य एवं विदेश सम्बंधित मामलो में अधिक सफल होने की सम्भवना है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। पूर्व में जिन कार्यो से लाभ की संभावना देख रहे थे उनके निरस्त होने अथवा किसी अन्य कारण से हानि होने के प्रबल योग है।

कर्क: आपके आज के दिन का अधिकांश समय सामाजिक गतिविधियों में व्यतीत होगा। स्वभाव में परोपकार की भावना रहने से किसी के कार्य को जल्दी से मना नही कर पाएंगे जिससे अपने ही कार्यो में विलंब होगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपकी परोपकार की भावना फलीभूत होगी पूर्व में किसी की सहायता करने का फल प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में अवश्य मिलेगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए अनुकूलता से भरा रहेगा। आज जो कार्य आपको कठिन नजर आ रहे थे वे भी आपके प्रत्येक कार्य आसानी से पूर्ण होते जाएंगे।

तुला: आपका आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से हानिकारक रहेगा दिन के पहले भाग में शरीर में शिथिलता अनुभव करेंगे अत्यधिक कार्य बोझ के कारण सेहत बिगड़ सकती है।

वृश्चिक: आज का दिन आपको कई शुभ फल प्रदान करेगा। नए कार्य में निवेश करने के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा।

धनु: आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। मध्यान तक का समय आलस्य में रहने के कारण किसी भी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे।

मकर: आज का दिन आपको मिश्रित फल देगा। आज प्रातः से ही किसी कार्य को लेकर दुविधा में फंसे रहेंगे खास कर आज किसी मनोकामना पूर्ति के लिये असमंजस की स्थिति में रहेंग।

कुंभ: आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज आपमे अंदरूनी तौर पर बुद्धि विवेक भरा रहेगा लेकिन इसे व्यवहार में नही उतार पाएंगे।

मीन: आपका आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। आज प्रातः किसी के साथ वाद-विवाद होने की संभावना है विवाद गंभीर रूप ना ले इसका ध्यान रखे क्रोध पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

QUIZ TIME

आज का ज्ञान — सीखें बढ़ें चमकें

1. अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस हर वर्ष कब मनाया जाता है?
2. वेदांग साहित्य के अंतर्गत आने वाले निरुक्त ग्रंथ की रचना किसके द्वारा की गई थी और इसकी रचना का सर्वमान्य काल क्या माना जाता है?
3. भारत की वर्ल्ड हेरिटेज की संभावित सूची में हाल ही में शामिल यूनेस्को की कौन-सी अंतर्राष्ट्रीय संपदा में दक्षिण अफ्रीका व भारत में महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े स्थल हैं, जो सत्याग्रह के विकासक्रम को दर्शाते हैं?
4. भूचर मोरी का युद्ध (1591) वर्तमान में किस राज्य से संबंधित है?
5. दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला ग्रैंडमास्टर कौन बनी हैं?

उत्तरमाला-

(1) 30 सितंबर
(2) यास्क के द्वारा, छठी शताब्दी ईसा पूर्व
(3) साइट्स ऑफ़ सत्याग्रह
(4) गुजरात
(5) बोधना शिवानंदन

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -178

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 177 का हल

गांधी जयंती के अवसर पर शाउमा विद्यालय भोथली में स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्काउट गाइड एवं एन एस एस के स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

धमतरी/नवप्रदेश। अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भारत स्काउट गाइड जिला संघ धमतरी एवं पदेन आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी, जिला धमतरी मधुलिका तिवारी द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में स्वच्छता, जन-जागरूकता एवं स्वच्छ विद्यालय परिसर के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय केप्राचार्य एल.के. उपाध्याय एवं स्काउट मास्टर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट-गाइड विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा जतन फाउंडेशन गर्ल्स विंग की हुननी, पूजा, दुर्गेश एवं काजल ,जतन फाउंडेशन के प्रेसिडेंट अर्जुन सिंह एवं बोर्ड मेंबर ओमेश साहू के सहयोग से विद्यालय परिसर तथा मंडी परिसर में विशेष स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा परिसर की साफ-सफाई करते हुए पॉलिथीन एवं रैपर एकत्र किए गए तथा उनका उचित निपटान किया गया। इस दौरान नागरिकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए ÷स्वच्छ परिसरङ्कस्वस्थ जीवन÷का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता शपथ, रंगोली, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता तथा स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, मां भारती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनतीन धनुषधारी रहीं।

गांधी जयंती पर भाजपा मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान

नगरी। भारतीय जनता पार्टी मंडल बेलरगांव द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर, गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम घटुला स्थित शीतला देवी शासकीय हाई स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, अजजा जिलाध्यक्ष मोहन पुजारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर अडील, महामंत्री द्वय मोनु साहू एवं दीपक साहू, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक विनय देवांगन, सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी ढाकरे, अजजा मोर्चा अध्यक्ष अत्तू राम ध्रुव सहित अजय नाग, कीर्ति कुमार साहू, चुम्मन साहू, वीरेंद्र मिश्रा, तोरण ध्रुव, महेंद्र कोषरे, रवेंद्र साहू, त्रिलोक साहू, टेकराम पटेल, भैया लाल नाग सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

गांधी जयंती पर युवा कांग्रेस सिमगा ने मरीजों को फल वितरित

सिमगा/नवप्रदेश । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर युवा कांग्रेस सिमगा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में मरीजों को फल वितरित कर सेवा एवं सद्भावना का संदेश दिया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में उपचाररत मरीजों से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के महामंत्री अजीत भट्ट ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सेवा और मानवता के लिए समर्पित रहा। गांधी जयंती के अवसर पर मरीजों के बीच पहुंचकर फल वितरण करना उनके सेवा और संवेदना के विचारों को आगे बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद करना ही सच्चे अर्थों में गांधीजी के विचारों को आत्मसात करना है। युवा कांग्रेस आगे भी जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हितेश साहू ने कहा कि गांधीजी ने हमें सिखाया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। मरीजों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जानना और फल वितरित करना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस सिमगा जनहित और सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में आदिवासी प्रकोष्ठ से जिला उपाध्यक्ष कृष्णा कुंजाम, उत्तम रावते, नितिन साहू, अभिषेक शर्मा, अनमोल शुक्ला, आशीष रावते सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु कलेक्टर व विधायक से लगायी गुहार

ढाई से तीन लाख खर्च के बाद भी दिनेश्वरी की तबीयत में नही सुधार

नगरी/नवप्रदेश। नगरी वनांचल क्षेत्र के ग्राम बेलरबाहरा निवासी कुमारी दिनेश्वरी मांझी, पिता रामेश्वर मांझी, कक्षा 11वीं (कृषि विषय) की छात्रा हैं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साकरा में अध्ययनरत हैं।शरीर मे गंभीर बीमारी के कारण उनका लगातार इलाज चल रहा है। जान कारी मुताबिक परिवार द्वारा अब तक इलाज में लगभग ढाई से तीन लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं, इसके बावजूद उनकी तबीयत में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।

परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे के इलाज का खर्च उठाना कठिन हो रहा है। बच्चों की गंभीर बीमारी जानकारी प्राप्त होने पर डीके यादव समाज सेवक ने छात्र के पिता एवं परिवार से संपर्क कर को क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम एवं जिला कलेक्टर अविनाश मिश्रा से जानकारी अवगत कराया कर दिनेश्वरी के बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता एवं शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से हरसंभव सहयोग प्रदान करने की गुहार लगाई गई है। इस दौरान डीके यादव, आलम सिंह, रामेश्वर मांझी, सहित अन्य लोगों ने परिवार से मुलाकात कर हरसंभव मदद एवं सहयोग का आश्वासन दिया और दिनेश्वरी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।उद्देश्य यही है कि आर्थिक परेशानी के कारण दिनेश्वरी का इलाज प्रभावित न हो और वह स्वस्थ होकर अपनी पढ़ाई जारी रख सके।

2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' और 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान

एसआईआर के मुद्दे पर कांग्रेस ने किया आंदोलन का ऐलान

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफकार्रवाई की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस ने जिले में चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' और 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम हटाए जाने, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस सड़क पर उतरेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पत्रकारों से चर्चा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सीईसी को पद से हटाने और उनके कार्यकाल के निर्णयों की जांच के लिए संसद में प्रस्ताव लाने की मांग कांग्रेस तथा

विपक्षी दलों द्वारा की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर भी विपक्षी दलों ने सीईसी के खिलाफ कार्रवाई और एसआईआर को लेकर संयुक्त आंदोलन की रणनीति बनाई है।

उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच रहे मतों के अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटने की स्थिति में चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठ सकते हैं। कांग्रेस ने इसी आधार पर मतदाता सूची में किए गए बदलावों की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

निर्धारित स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ता भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन करेंगे। इसके बाद कार्यक्रम के समापन पर सीईसी ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन करने की भी घोषणा की गई है।

6 अक्टूबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन का मार्च : कांग्रेस के अनुसार 6 अक्टूबर को नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन के सांसद और राष्ट्रीय नेता 'सेव

महासमुंद में 92,700 नाम हटाए जाने का दावा

विधायक यादव ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद महासमुंद जिले में 92,700 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं। उनके अनुसार इनमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के 28,397, खल्लारी के 20,033, बसना के 21,752 और सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के 22,518 मतदाता शामिल हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की एसआईआर प्रक्रिया का हवाला देते हुए राज्य में बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने पर सवाल उठाया।

'मतदाता सूची में बदलाव का पूरा ब्योरा सार्वजनिक हो'

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची में हुए बदलाव का विधानसभा क्षेत्रवार और कारणवार पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद निष्पक्ष चुनाव पर टिकी है और किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटना गंभीर विषय है। पार्टी ने मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ बैलेट पेपर से मतदान अथवा व्हीव्ही पैट की 100 प्रतिशत पर्चियों का मिलान कराने की मांग भी रखी है।

आंबेडकर प्रतिमा से कलेक्टोरेट तक निकलेगा मार्च

जिला कांग्रेस के घोषित कार्यक्रम के अनुसार 2 से 8 अक्टूबर के बीच जिले में विभिन्न चरणों में विरोध-प्रदर्शन किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रदर्शन के बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा, महात्मा गांधी की प्रतिमा अथवा जिला कलेक्टोरेट कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा।

उपक्षेत्र स्तरीय ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम कोरमुड में सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। गोंडवाना समाज उपक्षेत्र बरबाधा द्वारा नवाखाई ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम कोरमुड में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया परंपरानुसार बुढा देव एवं जिम्मेदारिन याया के अर्जी कर लया लयोर द्वारा मांदर के थाप में रेला पाटा करते हुए नया अन्न आने का उत्सव पर बच्चे बुढ़े महिला पुरुष एक दुसरे को प्रणाम कर आशीर्वाद लेकर सामाजिक एकता भाई चारा का परिचय दिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री साधुराम नेताम जिला उपाध्यक्ष गो स सेवा समिति अध्यक्षता धांधू राम नेताम उपक्षेत्र अध्यक्ष विशेष अतिथि बिन्दा नेताम संरक्षक सुशीला नागेश अध्यक्ष पीला राम कोर्राम मौसमी मंडावी जनपद सदस्य सरपंच द्वय महेश नेताम कमितला धुर्व रमशीला मरकाम थे नेताम उद्बोधन में कहा कि समाज को शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने को कहा शिक्षा शेरनी का वो दुध है जो पिएगा वो दाहडेगा गरीबी दूर करना है तो सभी बच्चों को उच्च शिक्षा की ओर ध्यान देना होगा हर बच्चे को पढ़ाई के लिए ऊंची सोच रखना होगा युवाओं द्वारा आकर्षक एवं शिक्षा प्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में माखन धुवा फूलसिंह सोरी बृजलाल नेताम सन्तू मरकाम खेमराज धुव डामन कोर्राम नन्दलाल मरकाम शिवराज मरकाम होलिका नागेश भागबती सोरी कनक भास्कर सहित सभी गांव के गायता पटेल ठाकुर और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन श्री आत्माराम सोरी एवं जीवन नेताम सचिव द्वारा किया गया

गली-मोहल्लों में चला स्वच्छता अभियान ग्रामीणों ने दिया जनसहयोग

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी माल के अंतर्गत गढ़डोंगरी माल, धोलापारा, नयापारा एवं नचकारपारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव की गली-मोहल्लों सहित आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला परिसर की साफ-सफाई की गई। इस दौरान पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान सरपंच श्रीमती रजनी नेताम की उपस्थिति में आयोजित हुआ। ग्रामीणों ने जगह-जगह सफाई कर कचरे का निपटारा किया तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। सरपंच ने कहा कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी ग्रामीणों की सहभागिता आवश्यक है। अभियान में ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का सराहनीय सहयोग रहा।

फोटो-8- भूमि-पूजन में नपाध्यक्ष

गौरा चौरा में पेवर ब्लॉक निर्माण का भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 नयापारा स्थित बरगद चौक के गौरा चौरा में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन शुक्रवार को विधि-विधान से किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद सीता टोंडेकर के साथ पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास नगर पालिका की प्राथमिकता है। गौरा चौरा धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पेवर ब्लॉक निर्माण होने से विशेषकर माताओं-बहनों को पूजा-पाठ और त्योहारों के दौरान सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि नयापारा क्षेत्र के वार्डों में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पार्षदों और आम नागरिकों के सहयोग से शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने वार्डवासियों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

गैस डिलीवरी वाहनों में अब बजेगा 'भाई आया रे गैस सिलेंडर', प्रशासन ने किया अनिवार्य

सील और वजन की जांच के प्रति उपभोक्ताओं को किया जाएगा जागरूक, हादसों पर अंकुश लगाने प्रशासन की पहल

महासमुंद/नवप्रदेश। एलपीजी गैस सिलेंडर के इस्तेमाल और डिलीवरी के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने जागरूकता की अनूठी पहल शुरू की है। जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों के डिलीवरी वाहनों में अब सुरक्षा जागरूकता गीत 'भाई आया रे गैस सिलेंडर' अनिवार्य रूप से बजाया जाएगा।

जिला खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले के सभी गैस एजेंसी संचालकों को अपने डिलीवरी वाहनों में उक्त जागरूकता गीत बजाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। यह निर्देश छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से प्राप्त पत्र के अनुपालन में जारी किया गया है।

सील और वजन की जांच के प्रति जागरूकता

प्रशासन का कहना है कि गैस सिलेंडर लेते समय कई उपभोक्ता सिलेंडर की सील और वजन की जांच नहीं करते। सुरक्षा संबंधी इन जरूरी सावधानियों की अनदेखी से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। डिलीवरी वाहनों में जागरूकता गीत बजाने का उद्देश्य उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर लेते समय आवश्यक सुरक्षा मानकों, सील की स्थिति और वजन की जांच के प्रति जागरूक करना है।

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने तैयार किया गीत : यह सुरक्षा जागरूकता गीत ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन द्वारा जनहित में तैयार किया गया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक नितिन सोलंके के अनुसार, जागरूकता के अभाव में देशभर में एलपीजी सिलेंडर से जुड़ी दुर्घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में गीत के माध्यम से उपभोक्ताओं तक सुरक्षा संबंधी जरूरी संदेश आसानी से पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

बोरतलाव पुलिस की बड़ी कार्रवाई साढ़े 10 किलो गांजा जब्त,2 गिरफ्तार

दो अपचारी बालक पुलिस अभिरक्षा में



डोंगरगढ़/नवप्रदेश। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ बोरतलाव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 किलो 543 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोशनलाल बर्मन, उम्र 54 वर्ष, निवासी जबलपुर और कृष्णदास बैरागी, उम्र 55 वर्ष, निवासी जबलपुर के रूप में हुई है। दोनों के साथ दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक भी पकड़े गए हैं। ?

डोंगरगढ़-महाराष्ट्र मार्ग पर हुई कार्रवाई : 1 अक्टूबर को बोरतलाव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्रे कलर की अल्टो कार क्रमांक छ्त्त-07 रू 5536 में चार लोग बड़ी मात्रा में गांजा लेकर डोंगरगढ़-बोरतलाव मार्ग से महाराष्ट्र की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने डोंगरगढ़-महाराष्ट्र मार्ग पर गोविंद लिल्हारे की किराना दुकान के पास नाकेबंदी की।

इसी दौरान मुखबिर के बताए हुलिए की कार वहां पहुंची। पुलिस ने वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार की बीच वाली सीट के नीचे और सीट के पीछे बनाए गए गुप्त चेंबर से गांजे के 10 पैकेट बरामद किए गए। जांच में गांजे का कुल वजन 10 किलो 543 ग्राम पाया गया। ?

3 लाख 28 हजार 40 रुपए का माल जब्त : पुलिस ने गांजे के अलावा गांजा परिवहन में इस्तेमाल की जा रही अल्टो कार, मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार जब्त सामान की कुल कीमत 3 लाख 28 हजार 40 रुपए है।

जनपद अध्यक्ष महेश गोटा बैठक में पहुंचे, समिति ने रखी किचन शेड की मांग

सिहावा शीतला शक्ति पीठ में नवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रूप

नगरी/नवप्रदेश। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर सिहावा स्थित शीतला शक्ति पीठ में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, पूजा सामग्री, प्रसाद वितरण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

इसी सिलसिले में मंदिर समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद अध्यक्ष महेश गोटा भी पहुंचे। बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किचन शेड निर्माण की मांग जनपद अध्यक्ष के समक्ष रखी। समिति ने बताया कि नवरात्रि सहित अन्य प्रमुख धार्मिक आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। ऐसे में स्थायी किचन शेड बनने से भोजन प्रसादी तैयार करने में सुविधा होगी। बैठक में समिति अध्यक्ष नरेंद्र नाग ने नवरात्रि पर्व को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के

लिए सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

समिति द्वारा नवरात्रि के तीसरे दिन से नवमी तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। यह व्यवस्था विभिन्न भोजन दाताओं के सहयोग से संचालित होगी।

बैठक में नवरात्रि के दौरान मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, दर्शन व्यवस्था, प्रसाद वितरण, स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। समिति ने सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने का निर्णय लिया, ताकि नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। पर्व के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे 15 अक्टूबर को रामधुनी चारभाटा नरहरपुर, 16 अक्टूबर को पंडवानी कोकड़ी दुर्ग,17 अक्टूबर को जस गीत झांकी रावा धमतरी की प्रस्तुति होगी। नवरात्रि पर्व को सफल बनाने में संरक्षक नेम सिंह बिशेन एवं मंशा गौर उपाध्यक्ष बलदेव निषाद,रामलाल नेताम , सचिव नारद निषाद, सहसचिव बुधेश्वर साहू एवं लालेस्वर साहू, सलाहकार गगन नाहटा एवं भरत निर्मलकर, सांस्कृतिक प्रभारी तुकाराम साहू,सह प्रभारी महेंद्र कौशल, निर्माण समिति प्रभारी सचिन भंसाली, पुजारी ज्ञान सागर पटेल एवं परमेश्वर नेताम सहित मेहतर गौर, राजकुमार निषाद, दीपक तंवर, संजय सारथी, प्रवीण गुप्ता, कुँवर साहू, जग्गू साहू, नरेश पटेल, महेश साहू, संतोष पवार, सुभाष यादव, महेंद्र साहू, अभय नेताम, नवल साहू, दिनेश पटेल, बैजनाथ पटेल, बाल सिंह शोरी, जसपाल कुंजाम,पूरन बिसेन,विष्णु साहू, रोहित साहू, शांतिलाल साहू, दीनदयाल गंधर्व,तेजनाथ शाण्डिल्य, नोहर साहू, राजेन्द्र पूरी ,सोमन निषाद, तुलसी कुंजाम, अंश गौतम, सुधांशु यदु,सुंदरियां साहू, चरणबती नेताम ,देवंतीन श्रीमाली,शशिकला शांडिल्य गोत्री बिसेन,आदि की उपस्थिति रही।

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 36.70 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश कर ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कैलाश सेठी, निवासी दुर्ग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दो प्रार्थियाओं से कुल 82 लाख 50 हजार रुपये प्राप्त किए गए, जिसमें से करीब 45 लाख 80 हजार रुपये वापस किए गए, जबकि 36 लाख 70 हजार रुपये वापस नहीं किए गए।

डोंगरगढ़ पुलिस के अनुसार, अपराध क्रमांक 413/2026 में प्रार्थिया प्रतिमा पाल ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि आरोपी ने अपनी ÷प्योर ट्रेडिंग÷ नामक कंपनी में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद वर्ष 2023 से 2025 के बीच ऑनलाइन और नगद माध्यम से कुल 27 लाख 50 हजार रुपये लिए गए। इनमें से करीब 19 लाख रुपये वापस किए गए, जबकि 8 लाख 50 हजार रुपये वापस नहीं किए गए। वहीं अपराध क्रमांक 414/2026

में प्रार्थिया नमिता चौबे ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, उनसे कुल 55 लाख रुपये लिए गए, जिसमें से करीब 26 लाख 80 हजार रुपये वापस किए गए और 28 लाख 20 हजार रुपये वापस नहीं किए गए।

दोनों मामलों में डोंगरगढ़ थाने में धारा 318(4), 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी कैलाश सेठी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को 30 सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया गया।

जनसरोकार की पत्रकारिता को मिला सम्मान, जितेन्द्र नामदेव फिर सम्मानित

■ **बेमेतरा में 'शांति से समृद्धि तक, सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया सम्मान**

कवर्धा / नवप्रदेश। राजनीतिक, पुरातात्विक, सामाजिक और वनांचल से जुड़े जनसरोकार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाले वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक नवप्रदेश के ब्यूरो चीफजितेन्द्र नामदेव को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बेमेतरा के हॉटल शुभकामना में आयोजित 'शांति से समृद्धि तक, सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने जितेन्द्र नामदेव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

18 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय-जितेन्द्र नामदेव पिछले करीब 18 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ पुरातात्विक विरासत, सामाजिक सरोकार, ग्रामीण समस्याओं और वनांचल क्षेत्रों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से सामने रखा है। दूरस्थ क्षेत्रों के मुद्दों को समाचारों में स्थान देकर उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाई है।

पहले भी मिल चुका है सम्मान

जितेन्द्र नामदेव को पत्रकारिता के क्षेत्र में इससे पहले भी विभिन्न अवसरों पर सम्मान मिल चुका है। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री स्तर पर भी उन्हें पूर्व में तीन बार सम्मानित किया जा चुका है। लगातार मिल रहे सम्मान को उनकी लंबे समय से जारी पत्रकारिता और जनसरोकार से जुड़े समाचारों की पहचान के रूप में देखा जा रहा है।

प्रधान संपादक ने दी बधाई

दैनिक नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे ने जितेन्द्र नामदेव को सम्मान मिलने पर बधाई दी। उन्होंने उनकी समाचारों के प्रति गंभीरता, तथ्यपरक रिपोर्टिंग और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के प्रयासों की सराहना की।

सम्मान मिलने पर पत्रकार साथियों, ईष्ट-मित्रों और शुभचिंतकों ने जितेन्द्र नामदेव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार मिल रहे सम्मान से उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है।

न्यूज गैलरी

घोटिया रोड पर तेंदुए की दस्तक ग्रामीणों में दहशत का माहौल

डोंगरगढ़ / नवप्रदेश। डोंगरगढ़ क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी की खबर सामने आने से ग्रामीणों और शहरवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बुधवार रात करीब 10 बजे ढारा से लगभग एक किलोमीटर दूर घोटिया रोड पर सड़क किनारे तेंदुआ दिखाई देने की बात सामने आई। मौके पर मौजूद लोगों ने तेंदुए को कैमरे में कैद किया और उसका वीडियो भी बनाया, जिसके बाद क्षेत्र में वन्यजीव की मौजूदगी को लेकर लोगों की चिंता और बढ़ गई है।ग्रामीणों के अनुसार, ढारा निवासी धवल चावड़ा के फार्म हाउस के पास घोटिया रोड पर तेंदुआ दिखाई दिया। रात के समय अचानक सड़क के आसपास तेंदुआ नजर आने से लोगों में हलचल मच गई। वीडियो सामने आने के बाद आसपास के गांवों में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई है।घोटिया रोड की घटना के साथ ही डोंगरगढ़ शहर के अंतर्गत करभाठा के आसपास तथा प्रज्ञागिरी पहाड़ क्षेत्र में भी तेंदुआ देखे जाने की बातें सामने आती रही हैं। अलग-अलग इलाकों से तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाओं के कारण ग्रामीणों और शहरवासियों में वन्यजीव को लेकर लगातार भय का माहौल बनता जा रहा है।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत

नवापारा राजिम। नवापारा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राजिम निवासी अख्तर अली (55 वर्षीय) सब्जी लेने और अन्य जरूरी काम से नवापारा आए थे। काम निपटाने के बाद वे एक होटल में चाय पीने पहुंचे। इसके बाद स्कूटी से राजिम वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मैडम चौक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अख्तर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल अख्तर अली को नवापारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन में नवापारा-राजिम के संवाददाता मनीष जैन सम्मानित

नवापारा-राजिम / नवप्रदेश। रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन 2026 में नवापारा राजिम क्षेत्र के नवप्रदेश के संवाददाता मनीष जैन को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए जैन पत्रकारों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही।सम्मेलन का आयोजन 30 सितंबर 2026 को श्री अरण्य धाम, जी.ई. रोड, मुंडरा, रायपुर में किया गया। सम्मेलन में पत्रकारिता के माध्यम से जैन धर्म एवं जैन आयतनों के संरक्षण और संवर्धन में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने पत्रकारिता के माध्यम से समाज, धर्म और संस्कृति से जुड़े सकारात्मक विषयों को सामने लाने तथा नई पीढ़ी तक उनके विचारों को पहुंचाने पर चर्चा की।

महावीर व्यायाम शाला की नई कार्यकारिणी गठित, जयकृष्ण सोनी बने अध्यक्ष

बागबाहरा / नवप्रदेश। । श्री महावीर व्यायाम शाला बागबाहरा में 1 अक्टूबर को आयोजित आवश्यक बैठक में संस्था की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में व्यायाम शाला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संस्था की गतिविधियों को विस्तार देने और अधिक से अधिक युवाओं को खेल एवं व्यायाम से जोड़ने को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।नई कार्यकारिणी में जयकृष्ण सोनी (बबलू) को अध्यक्ष, जीवन सिंह राजपूत को कार्यकारी अध्यक्ष, देवीचंद कौशिक को कोषाध्यक्ष, तुकेश सिखा (छोटू) को व्यायाम शाला प्रभारी, हितेश सिंह ठाकुर को सचिव तथा अमित मार्टिन को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदों पर सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया।बैठक में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, घनश्याम जगत (सुनील शेट्टी), दीपक साहू सहित व्यायाम शाला के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।श्री महावीर व्यायाम शाला वर्ष 1981 से संचालित है। संस्था से जुड़े खिलाड़ियों ने भारोत्तोलन, वेटलिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग जैसे खेलों में राष्ट्रीय स्तर तक बागबाहरा का प्रतिनिधित्व किया है। बैठक में संस्था की गतिविधियों को और व्यापक बनाने तथा नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को व्यायाम एवं खेलों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में तय किया गया कि व्यायाम शाला की नियमित बैठक प्रत्येक माह की पहली तारीख को आयोजित की जाएगी। इसके अलावा व्यायाम शाला परिसर की हर 15 दिन में साफ-सफाई की जाएगी।

कबीरधाम पुलिस ने 12.50 लाख रुपये की चोरी का किया खुलासा

कवर्धा / नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझगांव में घर से 12.50 लाख रुपये चोरी होने की घटना का कबीरधाम पुलिस ने प्रभावी ढंग से खुलासा करते हुए पिता-पुत्र सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ एवं उनकी निशानदेही के आधार पर चोरी की रकम में से 11,53,000 रुपये बरामद किए गए हैं। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की जा रही है। शाम के समय घर में घुसकर चोरी की थी बड़ी रकम

ग्राम मझगांव निवासी हीरालाल साहू, पिता गोवर्धन साहू, उम्र 36 वर्ष ने दिनांक 24.09.2026 को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक- 15.09.2026 की शाम लगभग 06:00 बजे से 07:00 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे घर में प्रवेश कर घर में रखे 12.50 लाख रुपये चोरी कर लिए गए हैं।

प्रार्थी के अनुसार वह ट्रांसपोर्ट, मटेरियल सप्लाई एवं कृषि संबंधी कार्य करता है, जिसके कारण उसके पास रकम का लेन-देन होता रहता है। घटना के समय परिवार के लोगों द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को घर से निकलते हुए देखा गया था। संदिग्ध ने चेहरे को गमछे से ढक रखा था।

घटना के संबंध में पड़ोसी के मकान की छत के रास्ते घर में प्रवेश करने की आशंका भी व्यक्त की गई थी। घटनास्थल के आसपास से शराब की शीशी, कुएं में फेंका गया पर्स तथा गली में रकम रखने वाला खाली बैग भी मिला था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 415/2026, धारा 305(ए), 331(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित- घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक श्री लालजी सिन्हा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। चोरी की बड़ी रकम एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण के शीघ्र खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए साइबर थाना एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त विशेष टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल द्वारा विशेष टीम की कार्यवाही की सतत निगरानी करते हुए आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री अखिलेश कौशिक तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रशांत देवांगन के नेतृत्व में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक श्री उमाशंकर राठौर एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों, संदिग्ध गतिविधियों एवं तकनीकी जानकारी का बारीकी से विश्लेषण किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ मैदानी स्तर पर भी लगातार पतासाजी की गई।

आरोपी अपने पुराने मकान की छत से पड़ोसी के घर में दाखिल हुआ आरोपी

पुलिस की जांच एवं पूछताछ में सामने आए तथ्यों के अनुसार आरोपी कमलेश पटेल, पिता भागवत पटेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम मझगांव ने घटना को अंजाम दिया था।

पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि दिनांक 15.09.2026 को गणेश चतुर्थी होने के कारण गांव के लोग गणेश पंडाल में व्यस्त थे। आरोपी शाम करीब 05:30 बजे अपने पुराने मकान में गया और अंधेरा होने का इंतजार करता रहा। आरोपी का पुराना मकान एवं प्रार्थी हीरालाल साहू का मकान आपस में जुड़े हुए हैं तथा छत के रास्ते एक-दूसरे के मकान में जाया जा सकता है।

अंधेरा होने के बाद आरोपी अपने पुराने मकान की छत से हीरालाल साहू के मकान की छत पर पहुंचा और छत के रास्ते कमरे में प्रवेश किया। कमरे में लगे बल्ब को निकालकर अलग रखने के बाद आरोपी ने आलमारी खोली। आलमारी के दराजों में रकम नहीं मिलने पर उसने लॉकर खोलकर उसमें रखे 500, 200 एवं 100 रुपये के नोटों के बंडल तथा पर्स निकाल लिए।

आरोपी द्वारा रकम को अपने गमछे में बांधकर पुराने मकान में ले जाने तथा बाद में रकम को कार्टून में रखकर पुराने मकान की दूसरी मंजिल के कमरे के छज्जे में छिपाने की बात बताई गई।

पूछताछ में आरोपी कमलेश पटेल द्वारा अगले दिन अपने पिता भागवत पटेल, पिता स्व. प्यारे पटेल, उम्र 50 वर्ष को चोरी की घटना एवं रकम के संबंध में जानकारी देना बताया गया।

आरोपी के अनुसार उसके द्वारा चोरी की गई रकम को पुराने मकान में छिपाकर रखा गया था। पिता भागवत पटेल को इसकी जानकारी होने के बाद दोनों ने मिलकर रकम को वहां से निकालकर अपने नए मकान में रखा।पूछताछ में भागवत पटेल द्वारा बताया गया कि चोरी की रकम को कुछ दिनों तक पुराने मकान में रखने के बाद उसे खेत में बने बोर के कमरे में रखा गया।

निशानदेही पर 11 लाख 53 हजार रुपये बरामद-
पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ एवं उनके द्वारा बताए गए स्थानों की निशानदेही के आधार पर चोरी की रकम में से 11,53,000/- रुपये बरामद किए गए हैं।पूछताछ में आरोपी कमलेश द्वारा चोरी की रकम में से कुछ राशि खर्च कर दिए जाने की बात बताई गई है। आरोपी द्वारा पर्स में रखी छोटी रकम में से लगभग 47 हजार रुपये खाने-पीने आदि में खर्च करना बताया गया है। तथा आरोपी पिता के द्वारा 50 हजार रुपये वाहन बनवाने एवं पाट्‌र्स खरीदने में खर्च हो जाने की जानकारी दी गई है।

बस किराया बढ़ाने के प्रस्ताव पर कांग्रेस का हमला

महासमुंद / नवप्रदेश।। यात्री बसों के किराए में प्रस्तावित वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। जीव-जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव आलोक चंद्राकर ने आरोप लगाया कि महंगाई से पहले ही परेशान आम जनता पर सरकार अब बस किराया बढ़ाकर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की तैयारी कर रही है। उन्होंने सरकार से बस किराया वृद्धि का प्रस्ताव तत्काल वापस लेने और पेट्रोल-डीजल के दाम कम कर राहत देने की मांग की है।

चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बस किराया बढ़ाने के प्रस्ताव पर सहमति के संकेत दिए गए हैं। परिवहन सचिव के स्तर पर मंत्रिपरिषद की बैठक में इस विषय पर चर्चा होने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही परिवहन मंत्री केदार कश्यप द्वारा नई किराया दरों की घोषणा किए जाने की संभावना है।

प्रस्तावित दरों पर जताई आपत्ति

कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रस्ताव के अनुसार सामान्य सीट वाली बस में शुरुआती पांच किलोमीटर का किराया 10 से बढ़ाकर 12 रुपए किया जाना है। इसके बाद प्रति किलोमीटर 1.75 रुपए किराया वसूले जाने का प्रस्ताव है। चंद्राकर ने कहा कि इससे गरीब, मजदूर, छात्र और रोजाना बस से आवागमन करने वाले लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि बस संचालक पिछले चार वर्षों से किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

जमीन रजिस्ट्री के नाम पर फर्जी चेक देकर धोखाधड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री जितेन्द्र कुमार यादव (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री भूपत सिंह के दिशा-निर्देशन में थाना कुण्डा अंतर्गत चौकी दामापुर क्षेत्र में दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरण में पुलिस द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण में प्रार्थी मनकी राम भास्कर पिता स्व. विशाल भास्कर द्वारा दिनांक 14.09.2026 को पुलिस चौकी दामापुर में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थी द्वारा अपनी भूमि के संबंध में आरोपियों द्वारा चेक के माध्यम से राशि का भुगतान दर्शाते हुए भूमि का रजिस्ट्रीकरण कराए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी की भूमि खसरा नंबर 29/9, रकबा 0.6150 हेक्टेयर के संबंध में दिनांक 01.07.2026 को तथा खसरा नंबर 51/05 एवं 52/01, रकबा क्रमशः 0.2590 एवं 0.1910 हेक्टेयर के संबंध में दिनांक 19.02.2026 को आरोपियों द्वारा अपने बैंक खाते से जारी आईडीएफसी बैंक के चेक प्रस्तुत किए गए थे। उक्त चेकों में क्रमशः 12,30,000 रुपये एवं 10,30,000 रुपये की राशि अंकित थी। प्रार्थी के अनुसार उक्त चेकों के आधार पर भूमि का रजिस्ट्रीकरण कराया गया।

मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की अहम बैठक

डोंगरगढ़ / नवप्रदेश। आस्था और भक्ति की नगरी डोंगरगढ़ में शारदीय नवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर में आगामी 11 अक्टूबर से नवरात्रि मेले का आयोजन होने जा रहा है। नवरात्रि के दौरान देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के डोंगरगढ़ पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट समिति ने व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

मेले की तैयारियों के संबंध में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने, भीड़ को व्यवस्थित रखने तथा सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बाढ़ राहत पर धनेन्द्र साहू ने सरकार को घेरा

बोले-बस्तर में 10 हजार तो अभनपुर के बाढ़ पीड़ितों को क्यों नहीं?

नवापारा-राजिम / नवप्रदेश।। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में आई बाढ़ के बाद राहत और मुआवजा वितरण को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने साय सरकार और स्थानीय प्रशासन की राहत व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाते हुए बाढ़ प्रभावितों को लेकर समान राहत नीति की मांग की है।

बुधवार को आयोजित प्रेस कॉम्प्रेस में धनेंद्र साहू ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 हजार रुपए अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की है, तो अभनपुर सहित प्रदेश के अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों के साथ अलग व्यवस्था क्यों?

धनेन्द्र साहू ने बताया कि बाढ़ के दौरान नवापारा सहित प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के घरों में पानी घुसने से राशन, घरेलू सामान और जरूरी दस्तावेज भीगकर खराब हुए ।

गंगरेल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

-पूर्व मंत्री श्री साहू ने गंगरेल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा गया कि जलाशय से पानी को एक साथ भारी मात्रा में नदी में छोड़ने के बजाय चरणबद्ध और नियंत्रित तरीके से छोड़ा जाना चाहिए था। जलस्तर बढ़ने की स्थिति में गंगरेल से पानी की निकासी को पहले से नियोजित करते हुए कुछ मात्रा महानदी में और शेष पानी को अलग-अलग नहरों एवं जल निकासी माध्यमों में क्रमशः छोड़ा जाता, तो नदी में अचानक अत्यधिक जलप्रवाह की स्थिति को कम किया जा सकता था।एक प्रदेश, दो राहत व्यवस्था क्यों?

सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 से 8 अक्टूबर तक दान उत्सव

कलेक्टर ने रक्तदान कर दिया सेवा का संदेश

महासमुंद / नवप्रदेश। । सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे दान उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में जिला स्तरीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। दोपहर तक शिविर में 10 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, ऐतराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर और कलेक्टर विनय कुमार लंगेह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर

रक्तदाताओं को हेलमेट और बेडशीट से किया प्रोत्साहित

रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक एवं औद्योगिक संस्थाओं ने भी सहयोग किया। मनोरमा इंडस्ट्रियल लिमिटेड की ओर से रक्तदाताओं को हेलमेट तथा राइस मिल एसोसिएशन की ओर से बेडशीट प्रदान की गई। इससे रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ा। रक्त संग्रहण और तकनीकी व्यवस्थाओं में देवेंद्र नगर गुरुद्वारा ब्लड बैंक की टीम का विशेष सहयोग रहा। टीम ने शिविर में रक्त संग्रहण के साथ आवश्यक तकनीकी एवं व्यवस्थागत सहयोग प्रदान किया। इस दौरान राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, राइस मिलर बाबी जिंदल, सुमित अग्रवाल और हर्ष चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा-

कलेक्टर के साथ अपर कलेक्टर रवि साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर कुशवाहा, एसडीएम अक्षा गुप्ता, तहसीलदार जुगल किशोर और डीपीएम नीलू धृतलहरे ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया।विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण मानवीय सेवा है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

विधायक अनुज आईआईटी मद्रास में देंगे व्याख्यान

धरासीवां / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की माटी के गौरव,, अभिनेता, गायक एवं पद्मश्री से सम्मानितश्री अनुज शर्मा को देश के प्रतिष्ठित संस्थानभारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, चेन्नई में आयोजित विशेषMural Lectures / Special Lecture Series में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है।IIT मद्रास देश के उन प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है, जहाँ विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों ने अपने विचार, अनुभव और रचनात्मक दृष्टिकोण साझा किए हैं।डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, कैलाश सत्यार्थी, दलाई लामा, जावेद अख्तर, ए. आर. रहमान और एस. एस. राजामौली जैसी चर्चित हस्तियाँ भी IIT मद्रास में इस कार्यक्रम की श्रृंखला में उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।3 अक्टूबर को इस व्याख्यान में श्री अनुज शर्मा संगीत , छत्तीसगढ़ी सिनेमा और राजनीति सहित अपने जीवन के अनुभवों को साझा करेंगे। वे छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के वैश्विक मंच पर विस्तार और कला के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन में कलाकार की भूमिका पर छात्रों को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व वे आईआईएम,जोश टॉक, प्रशासन अकादमी, रोल बोल एवं सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज पं.रवि शंकर शुक्ल विश्विद्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी अपना बौद्धिक व्याख्यान दे चुके हैं ।

सेवा संकल्प अभियान में साइकिल चलाकर दिया गया स्वस्थ और सशक्त भारत का संदेश

गरियाबंद /नवप्रदेश। जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर आज जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह रैली सुबह 7 बजे कलेक्टोरेट परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम जोबा तक पहुंची। साइकिल रैली में जिले के विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 20 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली में कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण उइके, एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे सहित जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ साइकिल चलाकर सहभागिता की। प्रतिभागियों ने पूरे मार्ग में उत्साह एवं खेल भावना के साथ साइकिलिंग करते हुए सेवा संकल्प अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागिता निभाई।

वन मार्ग के बीच रोमांच और उत्साह से भरी रही साइकिल यात्रा –

कलेक्टोरेट से जोबा तक का मार्ग वन क्षेत्र के बीच से होकर गुजरता है। हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे शांत एवं साइकिलिंग के अनुकूल मार्ग पर प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ साइकिल चलाई। लगभग 20 किलोमीटर की यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने रैली में शामिल प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्व स्तर पर आयोजित होने वाली प्रसिद्ध साइकिलिंग प्रतियोगिता 'टूर डी फ्रांस' का उल्लेख करते हुए कहा कि साइकिलिंग को लेकर लोगों में उत्साह और रुचि लगातार बढ़ रही है। गरियाबंद से जोबा तक का प्राकृतिक वातावरण से घिरा मार्ग साइकिलिंग के लिए अनुकूल है और इस मार्ग पर साइकिल चलाना प्रतिभागियों के लिए विशेष अनुभव रहा।

'सेवा संकल्प' का उद्देश्य जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण : कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम, सभाएं, गोष्ठियां तथा महाविद्यालय एवं स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों को अभियान के उद्देश्य से जोड़ते हुए समाज को अधिक जागरूक एवं सशक्त बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर, जागरूक समाज और जनभागीदारी इस दिशा में महत्वपूर्ण आधार हैं। इसी क्रम में गांधी जयंती पर साइकिल रैली के माध्यम से स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

महिला और पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

रैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रथम पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में फॉरेस्ट रेंजर प्रांजलि मिश्रा, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर साक्षी ध्रुव, एआरसीएस महेश्वरी तिवारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में यूगेश मंडावी, धर्मेंद्र ओझा(शिक्षा विभाग), स्टेनो हेमलाल साहू, एनआईसी उपनिदेशक श्री नेहरू निराला एवं गजेंद्र ध्रुव को सम्मानित किया गया।

न्यूज गैलरी

छातिम के फूल से वार्ड पांच के निवासी परेशान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित गौरव पथ में लगे सप्तपर्णी (छातिम) के वृक्षों के फूलों से निकलने वाली तीव्र गंध से मोहल्लेवासियों एवं राहगीरों को हो रही परेशानी को लेकर आज मोहल्लावासियों ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गौरव पथ में बड़ी संख्या में सप्तपर्णी के वृक्ष लगे हैं। फूल आने के समय इनसे निकलने वाली तेज गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों तथा राहगीरों को सिरदर्द, असहजता एवं एलर्जी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लावासियों ने जनहित में इन वृक्षों को आवश्यक प्रक्रिया एवं सक्षम अधिकारियों की अनुमति के बाद हटाकर उनके स्थान पर नीम, अमलतास, कचनार, अर्जुन सहित अन्य उपयुक्त छायादार एवं कम गंध वाले वृक्ष लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में लखेश साहू, अविनाश मिश्रा, संपत लाल साहू,राजेश साहू, भेणू साहू, ऐलेन निषाद, अमरू रजक,सहित वार्ड के अनेक मोहल्लावासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मोहल्लावासियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए उच्चाधिकारियों से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर शीघ्र उचित कार्रवाई करने तथा समस्या से मोहल्लेवासियों, नागरिकों एवं राहगीरों को निजात दिलाने का आश्वासन दिया गया।

बोड़तरा में सेवा सेतु शिविर आज

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शनिवार 3अक्टूबर 2026 को विकासखंड भाटापारा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल परिसर बोडतरा मे सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा। शिविर मे सभी सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे और जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आवेदन लेने के लिये काउंटर की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। स्वस्थ्य विभाग द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प भी लगाया जाएगा जिसमें पैथलॉजी जांच, सामान्य चिकत्सकीय जाँच, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग,अस्थि रोग विशेषज्ञ,एचपीव्ही टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, दवा वितरण आदि की सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होकर शिविर का लाभ उठावें।

महात्मा गांधी जयंती पर नशा मुक्त भारत का लिया संकल्प

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर स्थित उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, भारत माता तथा अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमाओं पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्नशा मुक्त भारतश् की शपथ दिलाई। सार्वजनिक तालाब में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण-जयंती समारोह के उपरांत श्सेवा मेरा योगदान पहल के अंतर्गत बलौदाबाजार स्थित सार्वजनिक तालाब परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर तालाब की मेड़ और आसपास के परिसर की सफाई की। इसके साथ ही श्एक पेड़ माँ के नामश् अभियान के तहत पौधारोपण कर आम नागरिकों को हरित पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने क्लीन सिटी मिशन के तहत शहर को स्वच्छ बनाए रखने में जुटी स्वच्छता दीदियों के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने दिव्यांग स्वच्छता दीदियों की सुगमता के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करने के निर्देश दिये। इसके अलावा तालाब किनारे पर कचरा फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यहां रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई

मानपुर/नवप्रदेश। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन और मानपुर ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बापू के 'ग्राम स्वराज और सर्वोदय' के संकल्प को दोहराना ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। तस्वीर में सभी उपस्थित जन महात्मा गांधी जी के चित्र के सामने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बेहद गरिमामयी रूप में नजर आ रहे हैं। पृष्ठभूमि में बापू का चरखा कातते हुए भित्तिचित्र (मुराल) और तिरंगे के रंगों के गुब्बारे इस राष्ट्रीय पर्व की महत्ता को और बढ़ा रहे हैं। पंचायती राज मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित यह विशेष ग्राम सभा और ÷सबकी योजना, सबका विकास÷ (जन योजना अभियान 2026-27) गांवों के जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। स्थानीय प्राथमिकताओं के आधार पर जब ग्रामीण खुद अपने विकास की रूपरेखा तैयार करते हैं, तभी सच्चे अर्थों में गांधी जी का ग्राम स्वराज का सपना साकार होता है। सरपंच शकुंतला गावडे, उप सरपंच दिनेश मांडवी उपेन्द्र मिश्रा ऋषभ ठाकुर मनीष जैन मुन्ना गौर और अन्य सभी प्रबुद्ध पदाधिकारियों की यह सक्रिय भागीदारी गांव की उन्नति के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

5 आरोपियों की गिरफ्तारी और एफआईआर की मांग; बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

राजिम में युवक की संदिग्ध मौत पर बवाल, सतनामी समाज ने घेरा थाना

राजिम/नवप्रदेश। राजिम इलाके में युवक की संदिग्ध मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। 27 सितंबर को घर की खिड़की में फांसी के फंदे पर मिले युवक के शव को लेकर परिजन और सतनामी समाज इसे आत्महत्या मानने को तैयार नहीं हैं। हत्या की आशंका जताते हुए आज सतनामी समाज ने राजिम थाना का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

राजिम थाना परिसर के सामने :बड़ी संख्या में समाज के लोग और ग्रामीण जुटे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच के साथ आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। स्थिति को देखते हुए राजिम, फिंगेश्वर सहित गरियाबंद जिले से पुलिस बल तैनात किया गया है।

परिजनों के मुताबिक घटना वाले दिन सुबह राजकुमार घर के बाहर बैठा हुआ था। परिवार के सदस्य खेत में काम करने गए थे। करीब 11.30 बजे जब वे वापस लौटे तो राजकुमार का शव घर की खिड़की में फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसी परिस्थिति को लेकर परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की।

फांसी के फंदे पर मिला था शव

जानकारी के अनुसार, ग्राम टेका निवासी राजकुमार भारद्वाज का शव 27 सितंबर को उसके घर की खिड़की में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। घटना के बाद पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। वहीं, मृतक के परिजनों ने शुरू से ही मौत को आत्महत्या मानने से इनकार किया और हत्या की आशंका जताई।

पांच लोगों पर मारपीट और हत्या का आरोप

मृतक के परिजनों ने गांव के पांच लोगों पर राजकुमार के साथ मारपीट करने और उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि मारपीट के दौरान राजकुमार की मौत हुई और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटकाया गया।

थाना के सामने बैठा समाज

शुक्रवार को सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में राजिम थाना पहुंचे और थाना के सामने बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी राजिम के फॉरेस्ट नाका से थाने तक पैदल मार्च निकाला उसके बाद थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राजकुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो और जिन पांच लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उनके खिलाफएफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाए।

थाना पहुंचकर सौंपा था आवेदन

मृतक के परिजनों ने राजिम थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपा था। आवेदन में घटना की निष्पक्ष जांच, आरोपितों के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी।पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बिसरा रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने की बात सामने आई है। लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही मामला अब सामाजिक आक्रोश का रूप ले चुका है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए: गरियाबंद एसडीओपी लितेश सिंह समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है। इलाके अलावा राजिम, फिंगेश्वर और गरियाबंद जिले के अन्य क्षेत्रों से पुलिस बल तैनात किया है। थाना परिसर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। फिलहाल पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच मामले को लेकर बातचीत की स्थिति बनी हुई है।

ठेका पद्धति एवं नवीन स्थानांतरण नीति के विरोध में वन कर्मचारी संघ की बैठक

प्रदेश अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों की मौजूदगी में कर्मचारियों ने रखी समस्याएं और मांगें

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ, जिला राजनांदगांव के तत्वावधान में शुक्रवार को डोंगरगांव वन मंडल परिसर में वन कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में ठेका पद्धति एवं नवीन स्थानांतरण नीति सहित कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश, संभाग एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में वन कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों ने ठेका पद्धति से विभागीय कार्यों एवं कर्मचारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अपनी बात रखी। वहीं नवीन स्थानांतरण नीति के कारण कर्मचारियों के सामने आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी चर्चा की गई। कर्मचारियों ने कहा कि वन विभाग के मैदानी कार्यों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के हितों और विभागीय आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियां बनाई जानी चाहिए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों को उचित माध्यम से शासन और विभाग के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही ठेका पद्धति एवं नवीन स्थानांतरण नीति के संबंध में आवश्यक पत्राचार कर कर्मचारियों के पक्ष को शासन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में अजीत दुबे, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ, मुक्तेश्वर वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष, नमिता केराम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, आजाद राय एवं विनोद मिश्रा, महामंत्री, मनीष कुशवाहा, संभाग अध्यक्ष रायपुर, सावन साहू, जिला अध्यक्ष, वसीम खान, जिला सचिव तथा निर्मला बंजारे, संभागीय सचिव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी से टूमन साहू, अजय पड़ोती, अभिषेक देवांगन, परशराम चंद्राकर, कमल साहू, देवेंद्र सलामे, शांतु राम मंडावी, योगेश कोर्राम, अविनाश साहू, अमरलाल सुधाकर, नेमचंद्र ठाकुर, नवीन तिवारी, हरेंद्र ठाकुर, कमलेश जांगड़े, भावदास साहू, राजेश महिलांगे, तोरण लाल ।

1 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से बनेगा भव्य गौरव पथ रोड – चौहान

लवन/नवप्रदेश। नगर पंचायत लवन के मुख्य मार्ग से लेकर माँ महामाया माता मंदिर तक का मार्ग अब जल्द ही एक भव्य गौरव पथ के रूप में नजर आएगा। इस मार्ग के निर्माण के लिए 1 करोड़ 69 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है और बहुत जल्द इसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ होने वाला है। इस खबर से लंबे समय से बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों ने राहत की साँस ली है।

लंबे समय से थी सड़क निर्माण की माँग

विदित हो कि लवन मुख्य मार्ग से माँ महामाया मंदिर तक की इस सड़क की स्थिति पिछले काफी समय से बेहद जर्जर हो चुकी थी। यह मार्ग व्यस्त बाजार चौक से होकर गुजरता है, जिसके कारण यहाँ रोजाना नगरवासियों के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। सड़क की खस्ताहालता के कारण यहाँ के रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से इस सड़क को नए सिरे से बनाने की जोरदार माँग की जा रही थी।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष

शिव मंगल सिंह चौहान ने चर्चा के दौरान बताया कि इस गौरव पथ के निर्माण की स्वीकृति को लेकर मैं और उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू सहित नगर के सभी पार्षदों का विशेष सहयोग रहा है बहुत जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है इस गौरव पथ के बन जाने से साप्ताहिक बाजार आने-जाने वाले नागरिकों के साथ-साथ माँ महामाया मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में होने वाली असुविधाओं से बड़ी राहत मिलेगी

सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर

नगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान और उनके सहयोगी पार्षदों ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के प्रति विशेष धन्यवाद एवं आभार प्रेषित किया है।

मंत्री टंक राम वर्मा ने युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का संकल्प, युवाओं ने दिया जागरूकता का संदेश

धमतरी/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मोनो नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नशामुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा ने उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रभारी मंत्री वर्मा ने कहा कि नशे का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियां भी प्रभावित होती हैं। इसके लिए सामूहिक जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों से नशामुक्त भारत अभियान से जुड़कर जनजागरूकता बढ़ाने की अपील की। शपथ के दौरान उपस्थितजनों ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ परिवार, मित्रों और समुदाय के लोगों को भी नशे से बचाने तथा जिले और छत्तीसगढ़ को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के रासेयो एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता पर आधारित प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य टी.आर. नागवंशी के मार्गदर्शन में तैयार नाटक का लेखन एवं निर्देशन व्याख्याता आकाश गिरी गोस्वामी ने किया।

एनीकट के पास मिली अज्ञात महिला की लाश,शरीर पर चोट के निशान

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम टीला स्थित निर्माणाधीन एनीकट के पास महानदी में एक अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतका की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, महानदी किनारे से गुजर रहे ग्रामीणों ने महिला का शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राथमिक जांच में मृतका की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, महिला के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं।

बाढ़ में बहकर आने की आशंका:हाल ही में टीला एनीकट के आसपास महानदी में बाढ़ की स्थिति बनी थी। ऐसे में प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि महिला बाढ़ के पानी में बहकर यहां पहुंची हो सकती है। पुलिस फिलहाल महिला की पहचान कराने के साथ-साथ उसकी मौत के कारणों और शव के एनीकट क्षेत्र तक पहुंचने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

आरंग में भी महानदी किनारे मिले थे दो शव:गौरतलब है कि इससे पहले रायपुर जिले के आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली में महानदी किनारे दो शव मिले थे। इनमें एक शव महिला का बताया गया था, जबकि दूसरे शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। दोनों शवों के नदी के तेज बहाव में बहकर आने की आशंका जताई गई थी। हालांकि पुलिस अन्य संभावित पहलुओं से भी जांच कर रही है।

राजिम में दो अज्ञात महिलाओं के शव:वहीं, करीब तीन दिन पहले राजिम क्षेत्र में महानदी किनारे अलग-अलग स्थानों पर दो अज्ञात महिलाओं के शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। एक शव एनीकट क्षेत्र और दूसरा मणीकंचन केंद्र के पास नदी किनारे मिला था। इन मामलों में भी बाढ़ के पानी में शवों के बहकर आने की आशंका जताई गई थी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानीन दीदी का सम्मान, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के सेवा कार्यों के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-7, शिक्षक नगर गरियाबंद में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं, बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गरियाबंद श्रीमती मिलेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। उनके साथ प्रकाश यादव एवं प्रियंका सोनी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी कार्यकर्ता दीदी, सहायिका दीदी एवं वार्ड की मितानी दीदी के सम्मान के साथ हुई। अतिथियों ने उनके द्वारा बच्चों, महिलाओं एवं परिवारों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

आंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान वार्ड की उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पारंपरिक तरीके से कराई गई। वहीं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए उनके हाथ धुलाए गए और इसके बाद न्योता भोज कराया गया।

सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं एवं वार्डवासियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित योजनाओं, पोषण, स्वास्थ्य, मातृत्व लाभ एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राहियों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

मिलेश्वरी साहू ने कहा– आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका महत्वपूर्ण

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मिलेश्वरी साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने का स्थान नहीं हैं, बल्कि यह महिलाओं और परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे आंगन मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को एक साथ जोड़कर जागरूकता बढ़ाने का कार्य होता है, जो समाज के लिए उपयोगी पहल है।

वृद्धजन दिवस पर जागरूकता शिविर, वरिष्ठजनों को अधिकारों और कानूनी संरक्षण की दी जानकारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में अम्बेडकर चौक गरियाबंद में वरिष्ठजनों के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री बी.आर. साहू, पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश श्रीमती गंगा पटेल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कु. खुशबु जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कु. खुशबु जैन ने वरिष्ठजनों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासकीय अथवा गैर-शासकीय कार्यालयों में वरिष्ठजनों को प्राथमिकता दिए जाने के साथ उनके लिए विभिन्न अधिकार एवं सुविधाएं निर्धारित हैं।

इसके बाद पॉक्सो कोर्ट की विशेष न्यायाधीश श्रीमती गंगा पटेल ने वर्तमान समय में बढ़ रही साइबर ठगी को लेकर वरिष्ठजनों को जागरूक किया। उन्होंने मोबाइल, इंटरनेट एवं ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली ठगी से सावधान रहने की अपील की। किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होने पर बिना देर किए 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

शिविर के अंतिम वक्ता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री बी.आर. साहू ने उपस्थित वरिष्ठजनों को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वरिष्ठजनों को उनके हक और अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि परिवार में बुजुर्गों के साथ अवमानना, तिरस्कार, भरण-पोषण में कोताही अथवा अपने कर्तव्यों से विमुख होने की स्थिति में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के तहत आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने वरिष्ठजनों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें उपस्थित वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य की जांच एवं परीक्षण किया गया।

शिविर के अंत में वरिष्ठजनों की ओर से दीपक मेश्राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस तरह के जागरूकता एवं विधिक शिविरों का आयोजन आगे भी किए जाने का आग्रह किया।

न्यूज गैलरी

महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

गरियाबंद/नवप्रदेश। विधायक रोहित साहू के निवास कार्यालय में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया विधायक रोहित साहू ने बापू के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा शास्त्री जी के ओजस्वी नारे जय जवान, जय किसान के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने के साथ-साथ स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया, वह आज के दौर में भी उतना ही प्रासंगिक है। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जी का सादगीपूर्ण जीवन, उनकी ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है।

मिनी मैराथन स्पर्धा में भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने विजेताओं को किया सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में गुरुवार सुबह का नजारा बेहद ऊर्जावान रहा। भारत माता सैनिक फिजिकल अकादमी, भाटापारा द्वारा आयोजित मिनी मैराथन प्रतियोगिता में सैकड़ों युवाओं, स्कूली बच्चों एवं बच्चियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूरे नगर में फिटनेस और देशभक्ति का संदेश गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। शिवरतन शर्मा ने सभी धावकों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया, उनका हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं.। मैराथन के रोमांचक समापन के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में शिवरतन शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार, देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे एवं बच्ची को उनके उज्ज्वल भविष्य, बेहतर स्वास्थ्य और सफल जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

गांधी-शास्त्री जयंती पर खादी को बढ़ावा

कुरूद/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पावन जयंती के अवसर पर आज, 2 अक्टूबर 2026 को नगर पंचायत/नगर पालिका कुरूद में स्वावलंबन और स्वदेशी की भावना जीवंत हो उठी। इस ऐतिहासिक अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने स्थानीय हाथकरघा सोसायटी पहुंचकर खादी वस्त्रों की खरीदारी की और बुनकर साथियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही एल्डरमैन भानु चंद्राकर, सभापति सितेश सिन्हा , पार्षद कविता चंद्राकर, धनेश्वरी निर्मलकार, सोसायटी प्रबंधक एवं सदस्य सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। महात्मा गांधी जी ने खादी को आजादी के आंदोलन में आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत प्रतीक बनाया था। वहीं शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ देश के स्वाभिमान को नई दिशा दी। आज जब हम इन दोनों महान विभूतियों की जयंती मना रहे हैं, तो हमारा दायित्व बनता है कि हम स्वदेशी और स्थानीय हुनर को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करें। खादी केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे बुनकर भाइयों और बहनों के अथक परिश्रम, स्वावलंबन और भारतीय अस्मिता का विचार है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर में हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा हिंदी दिवस उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 01 अक्तूबर 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में किया गया। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर तथा विभिन्न शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने सहर्ष एवं उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह का उद्घाटन क्षेत्र प्रमुख, श्री रणधीर कुमार, क्षेत्रीय एश्योरेंस प्रमुख श्री अमित कुमार सिन्हा एवं अन्य कार्यपालकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात क्षेत्र प्रमुख द्वारा राजभाषा हिंदी तथा हिंदी दिवस के महत्व की जानकारी स्टाफसदस्यों को दी गई। क्षेत्रीय कार्यालय से प्रकाशित संदर्भ साहित्य 2025-26 का विमोचन क्षेत्र प्रमुख एवं अन्य कार्यपालकों द्वारा द्वारा किया गया। इसके पश्चात अंतर शाखा राजभाषा शील्ड 2025-26 के विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही व्यक्तिगत राजभाषा पुरस्कार 2025-26 एवं हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया. कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के राजभाषा प्रभारी श्री नितिन वासनिक द्वारा किया गया।

Union Bank of India Mobile Banking

वीडियो वायरल:दुकानदार के बर्ताव से स्थानीय लोगों में नाराजगी

सरकार ने दिखाई संवेदनशीलता, दुकानदार बोला- बाहर निकलो, फोकट का राशन नहीं मिलेगा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर में कुछ दिनों पहले राशन दुकान का चावल पिकअप में पकड़ने का मामला अभी ठीक से शांत भी नहीं हुआ था कि एक और मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से 35 किलो अतिरिक्त राशन निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी बीच राशन वितरण के दौरान एक राशन दुकानदार का कथित तौर पर ग्राहकों पर रौब दिखाते हुए उन्हें दुकान से बाहर जाने और फोकट का राशन मिल रहा है पैसा में मिलता तो नहीं आते कहते नजर आया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

बताया जा रहा है कि मामला नवापारा के वार्ड 16 राम जानकी पारा से जुड़ा है। वायरल वीडियो में राशन लेने पहुंचे ग्राहकों के साथ दुकानदार कथित तौर पर बहस करता नजर आ रहा है। वीडियो में दुकानदार ग्राहकों से बाहर निकलने की बात कहते हुए आपत्तिजनक और तंज भरे अंदाज में बातचीत करता सुनाई दे रहा है।

वायरल वीडियो में दुकानदार कथित तौर पर कहता सुनाई दे रहा है- ÷बाहर निकलो ना... आरती उतारूं क्या, नारियल फोडू क्या।÷ इसके अलावा राशन को लेकर वह यह भी कहता सुनाई दे रहा है- ÷मत ले, मत ले जा... फोकट में मिलत हे त लेवत हस आके, पैसा में मिलतिस त आके लेतेस का...

मामला चर्चा में : वीडियो सामने आने के बाद राशन वितरण व्यवस्था और दुकानदार के व्यवहार को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों के साथ दुकानदार द्वारा मनमानी और रौब दिखाया जा रहा है।

खास बात यह है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत के तौर पर शासन की ओर से अतिरिक्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे समय में राशन वितरण केंद्र पर हितग्राहियों के साथ कथित तौर पर इस तरह का व्यवहार किए जाने का वीडियो सामने आने से मामला चर्चा में आ गया है।

दुकानदार ने कहा - भीड़ ज्यादा थी वहीं इस मामले में राशन दुकानदार देवाशीष का कहना है कि वीडियो को आधा अधूरा पेश किया गया है। उस समय राशन लेने के लिए भीड़ बहुत ज्यादा हो गई थी और स्थिति को कंट्रोल करना मुश्किल हो रहा था। इसी वजह से लोगों को बाहर जाने के लिए कहा गया था।

अब देखना होगा कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर खाद्य विभाग और संबंधित उच्च अधिकारी मामले की जांच करते हैं या नहीं और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो राशन दुकानदार के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

माँ की ममता और धरती माँ के आंचल को हरा-भरा रखना प्रत्येक नागरिक का पावन धर्म: निरंजन

कुरूद/नवप्रदेश। सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के अमर प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सादगी, कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा के प्रतिमान, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पावन जयंती के पुनीत अवसर पर ग्राम मंदरौद में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत गरिमामय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री निरंजन सिन्हा ने ओजस्वी व साहित्यिक शब्दों में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, ÷माँ और प्रकृति, दोनों ही इस धरा पर जीवन के शाश्वत स्रोत हैं। जिस प्रकार एक माँ निस्वार्थ भाव से अपनी संतानों का पोषण करती है, ठीक उसी वात्सल्य भाव से प्रकृति भी समस्त चर-अचर जगत को अपनी गोद में संजोती है। 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाना केवल एक पौधा रोपना नहीं, अपितु मातृत्व की असीम अनुकंपा के प्रति कृतज्ञता और वसुंधरा के प्रति हमारे नैतिक दायित्व का जीवंत प्रकटीकरण है। ?श्री सिन्हा ने आगे कहा कि पूज्य बापू का प्रकृति के प्रति आदर और शास्त्री जी का शुचितापूर्ण कर्मयोग हमें स्मरण कराता है कि जब तक पर्यावरण संरक्षित नहीं होगा, राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। आज का यह हरित संकल्प हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राणवायु का अक्षय वरदान सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण का समवेत स्वर में संकल्प लिया। गांधी जी के स्वच्छता-संदेश और शास्त्री जी के त्याग व राष्ट्रप्रेम को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में प्रमुख रूप से प्रेमचंद साहू, पदमन साहू, श्री खूबलाल साहू, पुरुषोत्तम निषाद एवं धनराज सहित ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी प्रदान की।

ग्राम कुटेना में महिलाओं ने की मंदिर निर्माण की अनूठी पहल

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण का एक बड़ा माध्यम बन चुकी है। इस योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग महिलाएं केवल अपने दैनिक कार्यों तक सीमित न रखकर, समाजहित और रचनात्मक कार्यों में भी कर रही हैं। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण छुरा विकासखंड के ग्राम कुटेना में देखने को मिला है, जहां शिवशक्ति महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि की बचत करके गांव में भव्य मंदिर के निर्माण का बीड़ा उठाया है। महिलाओं की इस धार्मिक व सामाजिक पहल की गूंज पूरे क्षेत्र में है। जब समूह की महिलाओं ने राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू से उनके निवास जाकर इस नेक पहल की जानकारी को साझा किया तो विधायक विधायक रोहित साहू ने महिलाओं के इस जज्बे की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम कुटेना की शिवशक्ति महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि जब नारी शक्ति ठान ले, तो वे व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और गांव की तस्वीर भी बदल सकती हैं। महतारी वंदन योजना के पैसों को जोड़कर मंदिर का निर्माण करवाना यह दर्शाता है कि हमारी माताओं-बहनों के संस्कार और धार्मिक भावनाएं कितनी उच्च हैं।

ज्योतिभानु ने झाड़ू थामकर किया स्वच्छता अभियान का आगाज

कुरूद/नवप्रदेश। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योतिभानु चंद्राकर ने झाड़ू थामकर सफाई कर दिया स्वच्छता अभियान का आगाज किया।

अध्यक्ष ज्योतिभानु चंद्राकर ने कहा कि ?÷स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह हमारी सोच और राष्ट्र के स्वाभिमान का सच्चा दर्पण है। जब हम स्वच्छता की बात करते हैं, तो अक्सर हमारी दृष्टि केवल झाड़ू, कूड़ेदान या चमकती सड़कों तक सीमित रह जाती है। लेकिन वास्तव में स्वच्छता का अर्थ इससे कहीं अधिक गहरा है। स्वच्छता केवल बाहरी कचरे को हटाने का नाम नहीं है, यह हमारे विचारों की पवित्रता, हमारे परिवेश की सुरक्षा और हमारे स्वास्थ्य की बुनियाद है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि ÷स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है।÷ उन्होंने यह बात इसलिए कही थी क्योंकि एक अस्वच्छ समाज कभी भी स्वस्थ, समर्थ और सशक्त नहीं बन सकता। जिस देश में गंदगी होती है, वहां बीमारियां पनपती हैं और जहां बीमारियां होती हैं, वहां विकास की गति थम जाती है। आज जब हम एक आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत का सपना देख रहे हैं, तब स्वच्छता उस सपने की पहली शर्त है। स्वच्छता किसी एक सफाईकर्मी या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है; यह एक साझा नागरिक कर्तव्य है।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस ने किया नमन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम में महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और जनसेवा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

महात्मा गांधी का मानना था कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है: पुष्पलता

कुरुद/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत भाठागांव में विशेष ग्राम सभा का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान बापू के विचारों और आदर्शों को याद करते हुए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने का ठोस संकल्प लिया गया।

स्वच्छता की अनूठी पहल: रंग-आधारित डस्टबिन का वितरण

कचरा प्रबंधन को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पंचायत द्वारा विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों में लाल, काला, हरा और नीला चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन वितरित किए गए, ताकि सूखे, गीले और हानिकारक कचरे का सही ढंग से पृथक्करण हो सके।

शैक्षणिक संस्थान: हाई स्कूल, मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला, नवीन प्राथमिक शाला

बाल विकास केंद्र: आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2 एवं 3

जनवितरण केंद्र: शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं राशन दुकानें

सरपंच श्रीमती पुष्पलता साहू का प्रेरणादायी संबोधन

सभा को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच एवं शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता साहू ने ग्रामीणों को स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता का संदेश देते हुए कहा: महात्मा गांधी का मानना था कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। आज के दिन केवल औपचारिकता निभाना हमारा उद्देश्य नहीं, बल्कि अपने गांव को स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाना हमारा परम कर्तव्य है। कचरा फेंकने की मानसिकता को बदलकर हमें कचरे के सही प्रबंधन की आदत डालनी होगी। जब हम अपने आंगनबाड़ी और स्कूलों में सही कचरा प्रबंधन सिखाएंगे, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी एक स्वच्छ और सशक्त भारत का निर्माण करेगी।

पेज 1 का शेष...

सीईसी पर लड़ाई, मुंबई...

में विरोध प्रदर्शन से पहले मीडिया को संबोधित किया। सौरव ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। पूरे देश के युवा, युवा पीढ़ी, पिछली बार धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के लिए सब बाहर आए थे और इस बार भी ज्ञानेश कुमार के साथ ऐसा ही होने वाला है। मुंबई के युवा फिर से सड़कों पर उतर रहे हैं। आज शिवाजी पार्क में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन होने वाला है।

धर्म संकट में आया...

को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन खोज रही है।

भागवत के भाषण की 4 बड़ी बातें...

1. भारत ने दूसरे देशों पर कब्जा करने या लोगों का धर्म बदलने की कोशिश किए बिना अपना ज्ञान दुनिया से साझा किया। दुनिया जानती है कि रास्ता भारत से निकलेगा।

2. भारत के पास वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और गीता जैसी विशाल ज्ञान परंपरा है। इसमें जैन आगम, त्रिपिटक, गुरु ग्रंथ साहिब और संतों की शिक्षाएं भी शामिल हैं।

3. हमारे देश के पास ज्ञान का बहुत बड़ा खजाना है, जिसकी आज दुनिया को जरूरत है। भक्ति की शक्ति से ईश्वर के करीब पहुंचा जा सकता है।

4. मानव जाति के भविष्य की रक्षा करना जरूरी है। इस ज्ञान को आगे बढ़ाने वाले लोगों के जीवन और परंपराओं को बचाना सिर्फ धार्मिक जिम्मेदारी नहीं है। यह मानवता की सेवा भी है। आप सिर्फ एक जीवन की रक्षा नहीं कर रहे हैं। आप पूरी मानव जाति के सुरक्षित भविष्य की रक्षा कर रहे हैं।

पुरानी स्टडी-लीव...

को राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (अवकाश) नियम-2010 के नियम 44 में छूट देते हुए पीजी पाठ्यक्रम के लिए स्टडी लीव की अधिकतम अवधि 36 महीने कर दी। डॉक्टरों ने इसी आदेश का हवाला देते हुए अपनी 24 महीने की स्टडी लीव को बढ़ाकर 36 महीने करने की मांग की थी।

डॉक्टरों का आवेदन खारिज, हाईकोर्ट में दी चुनौती

राज्य शासन ने डॉक्टरों की स्टडी लीव बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। इसके बाद डॉक्टरों ने 3 मार्च 2025 के सरकारी आदेश का हवाला देते हुए राज्य शासन के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी और याचिकाएं दायर कीं।

सरकार का आदेश बाद में आया, पुरानी स्टडी लीव पर लागू नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि डॉक्टरों की स्टडी लीव 3 मार्च 2025 के सरकारी आदेश से काफी पहले मंजूर हो चुकी थी। वे 24 महीने की छुट्टी का लाभ भी ले चुके थे। ऐसे में बाद में जारी आदेश को पुराने मामलों पर लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि स्टडी लीव की अधिकतम अवधि 36 महीने करने का मतलब यह नहीं है कि पहले से 24 महीने की स्टडी लीव ले चुके हर कर्मचारी की छुट्टी अपने आप 36 महीने हो जाएगी। इसके लिए सरकारी आदेश में साफ प्रावधान होना जरूरी था, जो इसमें नहीं है।

मोदी से बोले कैप्टन...

कहा, 'मुझे पता था कि यह आखिरी मौका है। दरवाजा वहीं था और मैंने उसे खोल दिया। मैं मुश्किल समय में हनुमान चालीसा पढ़ता हूं और उस समय भी पढ़ रहा था। मुझे पता है कि भगवान ने ही हमें बचाया।

कटे मानदेय की राशि...

जानकारी के अनुसार बागबाहरा क्षेत्र के कसेकेरा, तेंदूकोना, उखरा, कोमाखान सहित विभिन्न सेक्टरों में करीब 50 से 60 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं के खातों में निर्धारित मानदेय से कम राशि पहुंची थी। अलग-अलग खातों में 700 से लेकर 2310 रुपए तक की कटौती सामने आई थी। खास बात यह रही कि यह गड़बड़ी ऐसे समय हुई, जब रक्षाबंधन के अवसर पर राज्य सरकार के अंश की राशि संबंधित खातों में भेजी गई थी।

एक नहीं, कई बैंकों में सामने आई थी शिकायत: कटौती की शिकायत किसी एक बैंक तक सीमित नहीं थी। पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न बैंकों में खाताधारक कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कम राशि पहुंचने की बात कही थी। यही वजह थी कि मामला और गंभीर हो गया था और कटौती की वास्तविक वजह को लेकर सवाल खड़े होने लगे थे।

खबर के बाद मिला भुगतान, महिलाओं को राहत

मानदेय में कटौती से प्रभावित कार्यकर्ता और सहायिकाएं कई दिनों तक आर्थिक परेशानी से जूझती रहीं। शिकायत, चर्चा और आंदोलन की चेतावनी के बाद भी जब समाधान नहीं हुआ तो मामला खबर के माध्यम से सामने आया।

कोल लेवी घोटाला...

इसके अलावा आईपीसी की धारा 420, 120-क्ष 384, 467, 468 और 471 के तहत दर्ज प्रकरण का भी हवाला दिया गया है। नोटिस में बताया गया है कि अपराध क्रमांक 03/2024 में विवेचना के बाद अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जाना है। यह अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), जिला रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए पीएम मोदी के पास अच्छे सुझाव हैं : पुतिन

मौजूदा समस्याओं के बावजूद रूस का विकास जारी...

नई दिल्ली/ए.। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफकी है।

पुतिन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं। वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं। वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के 23वें सत्र में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। उन्होंने कहा, वह बहुत अच्छे सुझाव देते हैं, जिनका मकसद ऐसे समाधान तलाशना होता है जो दोनों पक्षों को

भारत सरकार के प्रमुख का रुख निष्पक्ष

पुतिन ने कहा कि भारत सरकार के प्रमुख का रुख निष्पक्ष है, लेकिन उनकी कोशिश इस संघर्ष को खत्म कराने की दिशा में है। उन्होंने आगे कहा, हम भारत के प्रधानमंत्री के आभारी हैं कि वह इस संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से और जितनी जल्दी हो सके, सुलझाना चाहते हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि? भारतीय संस्कृति में कुछ ऐसा है जो इसे बेहद खास बनाता है। यहां एक तरफइतनी विविधता और अलग-अलग पहचान हैं, तो दूसरी तरफ एकता भी है। इस वजह से यह निश्चित रूप से एक मिसाल है और दूसरों के लिए उदाहरण बनने लायक है।

स्वीकार हों, खास तौर पर ऐसे समाधान जिन पर दोनों पक्ष सहमत हो सकें।

सत्र के दौरान पुतिन ने कहा कि रूस भविष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए जोखिमों, मौकों और जरूरी लक्ष्यों का वास्तविकता के आधार पर आकलन करते हुए अपना रास्ता तय करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से रूस दूसरे देशों और वहां के लोगों के साथ मिलकर भी इस दिशा में काम करने के लिए तैयार है।

सत्र के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि मौजूदा समस्याओं के बावजूद रूस का विकास जारी है और उसकी अर्थव्यवस्था मजबूत और टिकाऊ बनी हुई है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कुछ मुश्किलें जरूर हैं, लेकिन हम उनका समाधान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था से जुड़े बड़े आंकड़े दिखाते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है और हमारी वित्तीय व्यवस्था और आर्थिक संस्थाएं स्थिर तरीके

उत्तराखंड की 13 झीलों पर मंडरा रहा गलोफ का खतरा

उत्तराखंड ।उत्तराखंड के चमोली जिले में मौजूद वसुंधरा ताल पर ग्लेशियल झील से आने वाली बाढ़ यानी GLOF के खतरे पर नजर रखने के लिए अर्ली वॉर्निंग सिस्टम लगाया जा रहा है. यह उत्तराखंड में किसी ग्लेशियल झील पर लगाया जाने वाला पहला ऐसा सिस्टम है. इसका काम झील में पानी के स्तर और आसपास हो रहे बदलावों पर लगातार नजर रखना है। उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की देखरेख में यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा. इसके लिए वैज्ञानिकों और तकनीकी एक्सपर्ट्स की टीम देहरादून से वसुंधरा ताल के लिए रवाना हुई है. इस टीम में रुड़की के

सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट और देहरादून के वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिक और एक्सपर्ट्स शामिल हैं. SDRF, NDRF और ITBP के जवान भी टीम के साथ हैं। वसुंधरा ताल उन 13 ग्लेशियल झीलों में शामिल है, जिन्हें नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी और तकनीकी संस्थानों ने हाई रिस्क वाली झील माना है. अगर किसी ग्लेशियल झील से अचानक बहुत ज्यादा पानी बाहर निकल जाए तो नीचे के इलाकों में तेज बाढ़ आ सकती है. इसी खतरे को देखते हुए इन झीलों की निगरानी बढ़ाई जा रही है। गलोफ यानी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड तब होता है, जब ग्लेशियर के पास बनी झील का पानी अचानक बाहर निकल जाता है. इससे नीचे की तरफपानी बहुत तेजी से जा सकता है और बाढ़ का खतरा पैदा हो सकता है. ग्लेशियल झीलों में ग्लेशियर का पिघला पानी जमा होता है. अगर ज्यादा बर्फ पिघले या भारी बारिश हो तो झील में पानी बढ़ सकता है. भूस्खलन या झील को रोकने वाली बर्फऔर मिट्टी की दीवार में बदलाव से भी खतरा बढ़ सकता है। वसुंधरा ताल पर लगाए जा रहे सिस्टम में सेंसर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और रियल टाइम डेटा मॉनिटरिंग का इस्तेमाल होगा. सेंसर झील और उसके आसपास की स्थिति से जुड़ी जानकारी जुटाएंगे.

वीर अहलावत ने एशियन गेम्स में 65 का स्कोर करके 10वां स्थान हासिल किया

आइची-नागोया, जापान । भारत के वीर अहलावत ने एशियन गेम्स 2026 में पुरुषों के गोल्फ इवेंट के तीसरे राउंड के बाद 65 (फाइव-अंडर) का स्कोर करके 10वां स्थान हासिल किया है। वीर (71-68-65) पुरुषों के व्यक्तिगत इवेंट में सबसे अच्छी स्थिति वाले

भारतीय रहे, जिनका कुल स्कोर 204 (सिक्स-अंडर) था। वे कोरिया के लीडर जूहुंग किम से छह शॉट पीछे थे।

पुरुषों के टीम इवेंट में जहां हर राउंड के टॉप दो स्कोर गिने जाते हैं। भारतीय टीम 409 (11-अंडर) के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। कासुगाई कंट्री क्लब ईस्ट कोर्स पर कोरिया 400 (20-अंडर) के स्कोर के साथ टीम इवेंट में सबसे आगे रहा।

2024 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन वीर अहलावत ने अपने तीसरे राउंड के दौरान छह बर्डी और एक बोगी लगाई। उनके राउंड की खास बात बैक-नाइन पर लगाई गई चार बर्डी थीं।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर में हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न-रायपुर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा हिंदी दिवस उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 01 अक्तूबर 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में किया गया। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर तथा विभिन्न शाखाओं के स्टाफसदस्यों ने सहर्ष एवं उत्साह के साथ भाग लिया।

नाम/परिवर्तन

मै पिरूमाला चिन्ना पिता श्री रमय्या, निवासी- म.नं. 37/सी, सड़क एवेन्यू ए, सेक्टर 7. सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्री पी किस्टल (P CRYSTAL) पिता पी चिन्ना (P CHINNA) माता पी सुनीता (P SUNITHA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर म.नं. 37/सी, सड़क एवेन्यू ए, सेक्टर 7, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपने नाबालिग सुपुत्री का नाम पी किस्टल (P CRYSTAL) पिता पी चिन्ना (P CHINNA) माता पी सुनीता (P SUNITHA) (पुराना नाम) से बदल कर पिरूमाला किस्टल (PIRUMALA CRYSTAL) पिता पिरूमाला चिन्ना (PIRUMALA CHINNA) माता पिरूमाला सुनीता (PIRUMALA SUNITHA) रख लिया है।

शपथकर्ता
पिरूमाला चिन्ना पिता श्री रमय्या
निवासी- म.नं. 37/सी, सड़क एवेन्यू ए, सेक्टर 7. सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ता देवप्रकाश उर्फ़ देवप्रसाद (DEVPRAKASH ALIAS DEVPRASAD) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री / पत्नी सुंदरलाल उम्र 48 वर्ष, निवासी मकान क्रं. 111 बोम्बेय आवास नेहरु नगर भिलाई भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.), 490020 का हूँ । एतद्वारा मै पूर्णत: पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार धोषित करता हूँ :- मैं देवप्रकाश उर्फदेवप्रसाद उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम देवप्रकाश उर्फ़ देवप्रसाद है और मैं अपना नाम बदलकर देवप्रसाद कुम्भकार (DEVPRASAD KUMBHKAR) करवाना चाहता हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में त्राण कि राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
देवप्रकाश उर्फ देवप्रसाद
पिता सुंदरलाल
निवासी मकान क्रं. 111 बोम्बेय आवास नेहरु नगर भिलाई भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ती बिरजो कुंवर (BIRJO KUNVAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र सुपुत्री पत्नी सुरेश कुमार कंवर उम्र 34 वर्ष, निवासी मकान क्रं. 32 वार्ड क्र 01 ब्लाक क्रं. 01 खम्हरियाभाठा जेवरा सिरसा दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.), 491001 की हूँ 7 एतद्वारा मै पूर्णत: पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार धोषित करती हूँ :- मैं बिरजो कुंवर (BIRJO KUNVAR) उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम बिरजो कुंवर (BIRJO KUNVAR) है और मैं अपना नाम बदलकर बिराजो कँवर (BIRAJO KANVAR) करवाना चाहती हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण कि राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहेंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
बिरजो कुंवर
पिता/पति सुरेश कुमार कंवर
निवासी मक्र 32 वार्ड क्र 01 ब्लाक क्र 01 खम्हरिया भाठा जेवरा सिरसा दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं रविकुमार (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पिता डोमार सिंह साहू निवासी-मकान नं. वार्ड नं-15, शांति नगर डुन्डेरा थाना उतई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में अपना नाम (पुराना नाम) से बदलकर रवि कुमार साहू (Ravi Kumar Sahu) पिता डोमार सिंह साहू (Domar Singh Sahu) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
रविकुमार पिता डोमार सिंह साहू
निवासी-मकान नं. वार्ड नं-15, शांति नगर डुन्डेरा थाना उतई दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ती कैपया (KAIFYA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र सुपुत्री पत्नी मोहम्मद हैदर उम्र 23 वर्ष, निवासी मक्र 21 वार्ड क्र 23 इंद्रा नगर चटाई कवाटर कैंप -02 भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.), 490001 की हूँ । एतद्वारा मै पूर्णत: पुष्टि करती हूँ त्या निम्नानुसार धोषित करती हूँ :- मैं कैपया (KAIFYA) उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम कैपया (KAIFYA) है और मैं अपना नाम बदलकर केफीया (KAIFIYA) करवाना चाहती हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण कि राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहेंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
कैपया पिता/पति मोहम्मद हैदर
निवासी मक्र 21 वार्ड क्र 23 इंद्रा नगर चटाई कवाटर कैंप -02 भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं कुंती देवांगन (KUNTI DEWANGAN) पति रवि कुमार देवांगन, आयु 31 वर्ष निवासी- मकान नं.- 46, वार्ड नं.-15, सिकोला बस्ती, मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम कुंती देवांगन (KUNTI DEWANGAN) (पुराना नाम) से बदल कर कुंतीबाई देवांगन (KUNTIBAI DEWANGAN) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
कुंती देवांगन
पति रवि कुमार देवांगन
निवासी- मकान नं.- 46, वार्ड नं.15 सिकोला बस्ती मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ती अंजू ठाकरे (ANJU THAKRE) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र सुपुत्री पत्नी लोकेश कुमार बिसेन उम्र 26 वर्ष, निवासी मक्र 20 वार्ड क्र 04 लक्ष्मी नगर सुपेला भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.), 490023 की हूँ । एतद्वारा मै पूर्णत: पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार धोषित करती हूँ :- मैं अंजू ठाकरे (ANJU THAKRE) उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम अंजू ठाकरे (ANJU THAKRE) है और मैं विवाह के उपरांत अपना नाम बदलकर अंजू बिसेन (ANJU BISEN) करवाना चाहती हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण कि राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई. गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहेंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
अंजू ठाकरे
पिता/पति लोकेश कुमार बिसेन
निवासी मक्र 20 वार्ड क्र 04 लक्ष्मी नगर सुपेला भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ती कु महेश्वरी (KUM MAHESWARI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र सुपुत्री पत्नी हरीश चन्द्र देशमुख उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम टेमरी धमधा दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.), 490001 की हूँ । एतद्वारा मै पूर्णत: पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार धोषित करती हूँ :- मैं कु महेश्वरी (KUM MAHESWARI) उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम कु महेश्वरी (KUM MAHESWARI) है और मैं विवाह के उपरांत अपना नाम बदलकर महेश्वरी हरमुख (MAHESWARI HARMUKH) पति संतोष कुमार हरमुख करवाना चाहती हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण कि राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई. गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहेंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
कु. महेश्वरी पिता हरीशचन्द्र देशमुख
निवासी ग्राम टेमरी धमधा दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ता लालचंद सोनकर (LALCHAND SONKAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री / पत्नी सरजू सोनकर उम्र 62 वर्ष, निवासी कवाटर न-7/सी स्ट्रीट 40 सेक्टर 07 सिविक सेंटर भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.), 490006 का हूँ । एतद्वारा मैं पूर्णत: पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार धोषित करता हूँ :- मैं लालचंद सोनकर (LALCHAND SONKAR) उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम लालचंद सोनकर (LALCHAND SONKAR) है और मैं अपना नाम बदलकर चित्तन सोनकर (CHHITTAN SONKAR) करवाना चाहता हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण कि राशि शेष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णत: स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

शपथकर्ता
लालचंद सोनकर
पिता सरजू सोनकर
निवासी कवाटर न-7/सी स्ट्रीट 40 सेक्टर 07 सिविक सेंटर भिलाई दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that the land situated at Mauza Risda, P.H. No.-13,R.Ni.Ma. and Tehsil Balodabazar, District Balodabazar-Bhatapara, Chhattisgarh, bearing Khasra No. -2066/1, Area - 0.0200 Hectare, was purchased by Ramesh Kumar, S/o Late Sevakram Yadav, R/o Balodabazar (Purchaser) from Salik Ram, Namdas, S/o Ramadhar, Caste Satnami, R/o Risda, Tehsil Balodabazar, Chhattisgarh (Seller) through a Registered Sale Deed dated - 07/01/2010, registered at Balodabazar.

The original copy of the said Sale Deed has been lost somewhere and could not be found despite searching.No mortgage, sale, or transfer deal of any kind has been made regarding the said land. The said land is free from all encumbrances and is clear.If the said Registered Sale Deed is found by any person or institution, please return it or contact on Mobile No. - 9926886222. If any person or institution has any claim or objection, they may submit their claim/objection before the undersigned within one week. After the stipulated period, any claim/objection of any kind shall be considered invalid.

Let this information be known.
Sincerely,

Sd/-
(Neeraj Singh Thakur)
Advocate Civil Court, Balodabazar
District Balodabazar-Bhatapara,
ChhattisgarhMobile - 9926886222

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
06/SE E/M/2026-27 (III Call) System Tender No 200341 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate)	PROVIDING & FIXING TO PROPOSED 11/0.4 K.V., 315 K.V.A. ELECTRIC SUBSTATION AT SCIENCE CENTER CAMPUS, SADDU, RAIPUR C.G	Rs 24.84 Lacs
63/SE E/M/2026-27 (IInd Call) System Tender No 200342 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate)	SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF ROAD LIGHTING AND HIGH MAST LIGHTS ON PROPOSED GAURAV PATH ON OLD NATIONAL HIGHWAY AT ABHANPUR , DISTRICT-RAIPUR (C.G.) (LENGTH-2.60 KM)	Rs 63.00 Lacs
66/SE E/M/2026-27 (IInd Call) System Tender No 200340 Registered contractor class in "D" & above For Form B (Item Rate)	Providing Electrification and Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 13 Passenger Lift for 4 Nos. UTDs at CSVTU Bhilai Distt.-Durg (C.G.)	Rs 69.19 Lacs

Date of bid submission 13.10.2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D. (E&M) Circle
Raipur (C. G.)

G-262703608/5

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 200044/निविदा सूचना क्र. 12/वलेलि/2026-27, राजनांदगांव, दिनांक 29.09.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 16.10.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम - राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड राजनांदगांव की धामनसरा मोहड़ एनीकट तटबंध संरक्षण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 42.27 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.10.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-262703658/5

छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग
कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ/बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें । e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
कोंडागांव वनमंडल कोंण्डागांव	कोंडागांव काष्ठागार	05/10/2026 प्रात: 9:00 बजे से

	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			निरस्त ईमारती काष्ठ की मात्रा	योग		
	ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
सागौन	20.472	26	128	65.572	517	308	0	86.044	543	436
साल	817.81	721	303	5143.17	814	1944	8.727	5969.707	1535	2247
बीजा	7.404	9	4	135.622	42	78	0	143.026	51	82
साजा	2.114	23	0	31.8	75	25	0	33.914	98	25
हल्दू	4.879	0	0	46.141	10	4	0	51.02	10	4
निलगिरी	0	0	0	0	2842	0	0	0	2842	0
अन्य	14.515	40	9	104.434	101	57	0.593	119.542	141	66
योग :-	**867.194**	**819**	**444**	**5526.739**	**4401**	**2416**	**9.32**	**6403.253**	**5220**	**2860**
जलाऊ :-	0			**Mixed Fuel-10 fuel stacks**				**Mixed Fuel- 10 fuel stacks**		
बांस	0			**Bamboo= 21060 Nog 9.980 NT**				**Bamboo= 21060 Nog 9.980 NT**		

शर्ते :-(1) प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसकी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कोण्डागांव वनमण्डल कोण्डागांव

जी-262703668/4

छत्तीसगढ शासन वन विभाग कार्या.- 225059
राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि **राजनांदगांव वन मण्डल** के चिरचारी काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 13.10.2026, समय :- 9.00 बजे प्रात:

काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, **वनमण्डल :- राजनांदगांव**

क्र.	प्रजाति	नये वनोपज		पुराने वनोपज		योग	
		ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे. नग	ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे. नग	ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे.नग
1.	सागौन	34.720	74	374.100	5530	408.820	5604
2.	साजा	3.312	39	57.968	184	61.280	223
3.	बीजा	0.264	-	401.832	4178	402.096	4178
4.	ह.मु.ख.	-	-	7.681	12	7.681	12
5.	धावड़ा	0.182	-	18.733	1097	18.915	1097
6.	भिरहा	-	-	7.813	13	7.813	13
7.	तिन्सा	-	-	4.875	56	4.875	56
8.	धांठा	0.473	-	0.653	9	1.126	9
9.	कर्रा	-	-	32.564	1900	32.564	1900
10.	कसही	-	-	41.942	18	41.942	18
11.	नीलगिरी	0.508	-	-	-	0.508	-
12.	अन्य	115.245	135	32.765	584	148.010	719
	योग	**154.704**	**248**	**980.926**	**13581**	**1135.630**	**13829**
	अस्थाई डिपो बघेरा का अविक्रित ईमारती काष्ठ				सागौन लट्ठा	0.267	-
					मिश्रित लट्ठा	90.534	-
	अस्थाई डिपो डोंगरगांव का अविक्रित ईमारती काष्ठ				मिश्रित प्रजाति	15.733	-
	महायोग					**1242.164**	**13829**
	1. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 125 चट्टा पुराना						
	2. अस्थाई डिपो बघेरा का मिश्रित जलाऊ 132 चट्टा पुराना						
	3. अस्थाई डिपो डोंगरगांव का मिश्रित जलाऊ 23 चट्टा पुराना						

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी.से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

जी-262703683/2

धर्मांतरण बिल पर डबल इंजन सरकार का दोहरा चरित्र : भागवत साहू

■ **कहा – धर्म वापसी के सवाल पर सरकार मौन, चुनाव आते ही भाजपा को याद आता है धर्मांतरण**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मांतरण रोकने के लिए कानून और बिल लाने की बात करने वाली भाजपा सरकारें धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों की धर्म वापसी को लेकर जमीनी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले भाजपा धर्मांतरण को बड़ा मुद्दा बनाती है लेकिन सत्ता में आने के बाद इसी विषय पर सरकार की चुप्पी दिखाई देती है।

श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर लगातार सामाजिक चिंता व्यक्त की जा रही है। भाजपा ने धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बनाने की बात कही और इसे लेकर राजनीतिक स्तर पर बड़े-बड़े दावे भी किए लेकिन कानून बनने के बाद धरातल पर इसकी प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में धर्मांतरण को लेकर गंभीर है तो उसे केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि प्रभावित परिवारों और समुदायों के बीच

जाकर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए। श्री साहू ने आरोप लगाया कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र और जिले के टेड़ेसरा, अरला, सुरगी, छुरिया, पदुमतरा, तिलई, सुकुलदैहान सहित अनेक गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में धर्मांतरण को लेकर शिकायतें और चर्चाएं सामने आती रही हैं। उन्होंने कहा कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग की कि धर्मांतरण से जुड़े मामलों की जांच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग रखते हुए तथ्यात्मक आधार पर कराई जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष में रहते हुए धर्मांतरण को लेकर कांग्रेस सरकार पर लगातार सवाल उठाती थी। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। ऐसे में सरकार को बताना चाहिए कि धर्मांतरण रोकने के लिए अब तक क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं और कानून लागू होने के बाद कितने मामलों में कार्रवाई हुई है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा जब सत्ता में नहीं रहती है तब धर्मांतरण का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाता है लेकिन सत्ता में आने के बाद उसी मुद्दे पर सरकार की सक्रियता दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण जैसा संवेदनशील विषय किसी भी राजनीतिक दल के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए। यदि सरकार को लगता है कि प्रदेश में धर्मांतरण की समस्या है तो उसे आंकड़ों और कार्रवाई के साथ जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। श्री साहू ने कथित लव जिहाद के मामलों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कहीं पहचान छिपाकर या किसी अन्य तरीके से विवाह कर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप सामने आते हैं तो पुलिस और प्रशासन को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय के व्यक्ति के खिलाफ केवल आरोप के आधार पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए बल्कि शिकायतों की कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच कर वास्तविक तथ्य सामने लाए जाने चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

गांधी जयंती पर कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता का संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला बेमेतरा में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता, सेवा, सत्य एवं अहिंसा के साथ-साथ कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया।महात्मा गांधी कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवा भावना के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद कुमार कोहाड़े ने बताया कि कुष्ठ रोग एक उपचार योग्य बीमारी है। समय पर पहचान और पूर्ण उपचार से रोगी स्वस्थ हो सकता है। कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता और शुरुआती जांच से दिव्यांगता जैसी जटिलताओं से बचाव किया जा सकता है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. बी. राज एवं प्रभारी जिला कुष्ठ सलाहकार ने नागरिकों से अपील की कि उपरोक्त में से कोई लक्षण दिखाई देने पर उसे नजरअंदाज न करें और नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

जिला बेमेतरा, थाना खम्हरिया पुलिस टीम की कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। घिवरी निवासी महेन्द्र निर्मलकर ने थाना खम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सेवा सहकारी समिति ग्राम खाती के सामने 12 सितंबर को ग्राम खम्हरिया से जीवन लोधी, यशवंत ऊर्फ गोलू के साथ जीवन के मोटर सायकल में अपने घर घिवरी आ रहे थे कि रात्रि मोटर सायकल रोककर दोनों एक राय होकर जीवन द्वारा किसी धारदार वस्तु एवं पत्थर से एवं यशवंत ऊर्फ गोलू द्वारा हाथ मुक्का से हत्या करने की नियत से प्राण घातक हमलाकर चोट पहुचाया हैं ग्राम खाती के ग्राम वासियों के मददसे डायल 112 सेवा, के माध्यम से जिला अस्पताल बेमेतरा पहुंचाया गया, जहां से डॉ. द्वारा मेकाहारा अस्पताल रायपुर रिफर किया गया। जंहा ईलाज जारी हैं कि रिपोट पर थाना खम्हरिया में अपराध सदर धारा 109 (1), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी यशवंत ऊर्फ गोलू निर्मलकर उम्र 27 वर्ष निवासी घिवरी थाना व जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जीवन लोधी के साथ मिलकर अपना अपराध स्वीकार किया। प्रकरण में फरार एक आरोपी की पता तलाश की जा रही है प्रकरण में विवेचना जारी हैं। निवासी घिवरी थाना व जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में अंधियाखोर स्कूल ने मारी बाजी

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरता विकासखंड नवागढ़ में किया गया इस प्रतियोगिता में अंधियार खोर की केकती यादव कक्षा 11वी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तथा सुप्रिया मानिकपुरी कक्षा 12वीं ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल थे। केतकी यादव के भाषण से प्रसन्न होकर 10000? के इनाम की घोषणा भी की। छात्राओं की मेंटर व्याख्याता सुषमा शुक्ला शर्मा ने बताया की इस प्रतियोगिता में विकासखंड नवागढ़ के समस्त विद्यालयों से प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था और इस कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय की दोनों छात्राओं ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आवारा मवेशियों से परेशान किसानों ने की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर किसानों और ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित किसानों ने सड़क पर घूम रहे आवारा मवेशियों से हो रही परेशानी पर गहरी चिंता व्यक्त की।बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर के सभी किसान अपने-अपने मवेशियों को बांधकर रखेंगे।जो भी किसान अपने मवेशियों को खुला छोड़ेंगे, उनके खिलाफ अपराध दर्ज कराया जाएगा, जिसकी सुनवाई कोटवार के द्वारा की जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो पूरे नगर के किसान आगामी नगर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष सिंह ठाकुर ने किसानों से आवेदन लेकर उच्च अधिकारियों से पत्राचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में बीमा कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उतरे मैदान में

एक घंटे का श्रमदान फिर मिट्टी में उतरा हरियाली का संकल्प

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वच्छ शहर और स्वस्थ पर्यावरण केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी से तैयार होता है। इसी संदेश के साथ 'स्वच्छता ही सेवा-2026' पखवाड़े के तहत नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के राजनांदगांव व्यवसाय कार्यालय में स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान में अधिकारी-कर्मचारी, बीमा अभिकर्ता, व्यवसाय सहयोगी और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के संकल्प के साथ श्रमदान से हुई। कार्यालय परिसर और आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों में सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत पौधारोपण किया गया।

पर्यावरण बचाना केवल सरकार की नहीं, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : संजय बहादुर सिंह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बहादुर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहा कि आज विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी जरूरत है। पेड़ केवल हरियाली का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे हवा, पानी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन से सीधे जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना अच्छी शुरुआत है, लेकिन उसे पेड़ बनने तक सुरक्षित रखना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि शहरों में लगातार बढ़ते निर्माण और घटते हरित क्षेत्र के बीच प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। घर, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के साथ ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सबसे बड़ी विरासत बन सकते हैं।

संजय बहादुर सिंह ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता और पौधारोपण को केवल अभियान या किसी एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

पौधे लगाए ही नहीं, संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली

पौधारोपण के दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की वास्तविक सफलता पौधे लगाने की संख्या से नहीं, बल्कि उनके जीवित रहने और वृक्ष बनने से तय होगी।

कांग्रेस भवन में मनाई गई महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

■ **जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त आयोजन में कांग्रेसजनों ने किया राष्ट्रनायकों का स्मरण**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में नव निर्मित स्थायी कांग्रेस भवन में जयंती समारोह आयोजित किया गया। नव निर्मित अस्थायी कांग्रेस भवन में आयोजित यह पहला कार्यक्रम था, जिसे कांग्रेसजनों ने अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने स्थायी कांग्रेस भवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी लोगों के योगदान की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की।जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन मुदलियार, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, गंभीर कोटडिया, नवाज खान, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश राठौर, भागवत साहू, थानेश्वर पटिला, प्रवीण मेश्राम, रूपेश दुबे, कमलजीत पिंटू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, दिनेश शर्मा, नरेश डाकलिया, सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, इकरामुद्दीन सोलंकी, विवेक वासनिक, राहुल तिवारी, सूर्यकांत जैन एवं चुम्मन साहू आदि ने संबोधित किया।

ग्रामीणों को नशा, अंधविश्वास कुपोषण के लिए किया जागरूक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव के मोतीपुर स्थित आजाद चौक के ग्रामीणों को नशा, अंधविश्वास, कुपोषण, प्रदूषण, अपराध मुक्ति एवं सामाजिक सद्भावना निर्माण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसने सर्वप्रथम चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक श्री ओम प्रकाश सहारे ने मार्गदर्शन देते हुए कहा नशा यह विनाश का जड़ है इसीलिए नशा पान से दूर रहना चाहिए

नशा से धन की हानि नहीं

बल्कि शरीर की भी हानि होती है इसीलिए नशा नहीं करना चाहिए इसी प्रकार कुपोषण को दूर भगाने के लिए हमें अच्छा पौष्टिक और ताजा साग सब्जियां खाना चाहिए जिससे हमारा शरीर मजबूत रहेगा और कुपोषण के शिकार नहीं होंगे

तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने के लिए आवागमन स्थान और अपने आवास के आसपास किसी भी प्रकार का कचरा अथवा गंदगी को नहीं फैलाएंगे जिससे वातावरण प्रदूषण मुक्त रहेगा इसी प्रकार हम किसी भी प्रकार के अंधविश्वास में विश्वास नहीं रखेंगे अंधविश्वास से भी बहुत सारी हानियां होती है हम अपने अच्छे कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पवित्र और जन कल्याणकारी काम करेंगे और अंधविश्वास को दूर भगाएंगे इसी प्रकार हम समाज में एकता और भाईचारा के साथ रहकर आपस में सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करेंगे।

गांवों में गूंजा स्वच्छता का संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत आज बेमेतरा जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' देशव्यापी सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने के आह्वान से प्रेरित होकर जिले के विभिन्न ग्रामों में ऐसे सार्वजनिक स्थलों को श्रमदान के लिए चिन्हित किया गया था, जहां

लंबे समय से कचरा एवं गंदगी जमा थी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर इन स्थलों की साफ-सफाई कर कचरे का उचित संग्रहण एवं निपटान किया।कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की जिला एवं विकासखंड स्तरीय समन्वय टीम, ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच, स्वच्छता समूह, स्वच्छाग्रही तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। ग्रामीणों ने स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। गांवों में 'स्वच्छ गांवङ्क्षसुंदर गांव' और 'स्वच्छता में जनभागीदारी, स्वस्थ समाज की जिम्मेदारी' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

बेरला में जन समस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत बेरला द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में जनकल्याण एवं जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपनी-अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई।कार्यक्रम

में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया, योजनाओं की जानकारी ली और हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

सेवा सेतु अभियान मे शामिल हुए योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत बेरला के मंडी प्रांगण में आयोजित जनकल्याण आवेदन प्राप्ति एवं समाधान शिविर में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं, प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मंत्री ने रोपे पौधे

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत भावना को आत्मसात करते हुए खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने नवागढ़ विकासखंड के ग्राम संबलपुर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन पर्यावरण के संवर्धन के बिना संभव नहीं है, इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे। कार्यक्रम में कटहल, नीम, पीपल, बरगद, आम, जामुन और गुलमोहर सहित

फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। श्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सेवा पखवाड़ा के माध्यम से स्वच्छता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का जो संकल्प लिया है, उस पर अमल करते हुए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभानी चाहिए। स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपने आसपास हरियाली बढ़ाएंगे और कचरा मुक्त वातावरण बनाएंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू, अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रेमलता पद्माकर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दिव्या पोटाई,अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, महिलाएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अधूरे अंडरब्रिज पर फूटा गुस्सा, संदीप सोनी ने दी आंदोलन की चेतावनी

■ **कहा – जल्द काम पूरा नहीं हुआ तो सांसद संतोष पांडे का पुतला दहन कर करेंगे विरोध**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्टेशन पारा और गौरीनगर अंडरब्रिज का निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़े रहने को लेकर अब राजनीतिक विरोध तेज होने लगा है। युवा कांग्रेस उत्तर ब्लॉक के अध्यक्ष संदीप सोनी ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए सांसद संतोष पांडे और संबंधित जिम्मेदारों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अंडरब्रिज के निर्माण कार्य में शीघ्र तेजी नहीं लाई गई और इसे जल्द पूरा नहीं किया गया तो सांसद संतोष पांडे का पुतला दहन कर आंदोलन किया जाएगा।

श्री सोनी ने कहा कि स्टेशन पारा एवं गौरीनगर क्षेत्र की जनता लंबे समय से अंडरब्रिज के पूर्ण होने का इंतजार कर रही है। निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण रोजाना बड़ी संख्या में लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और स्थानीय रहवासियों को आवाजाही के दौरान जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ओवरब्रिज पर लगातार दुर्घटनाएं होने की बात सामने आती रही है। वहीं अंडरब्रिज का निर्माण अधूरा होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य को गति नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण काम को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। श्री सोनी ने सांसद संतोष पांडे पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनांदगांव की जनता ने अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ उन्हें जनप्रतिनिधि चुना है। उन्होंने सवाल किया कि क्या सांसद की जिम्मेदारी सिर्फ दिल्ली की लोकसभा में टेबल बजाने तक सीमित है। राजनांदगांव की जनता की रोजमर्रा की समस्याओं और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर कौन उठाएगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन पारा और गौरीनगर के लोग वर्षों से अंडरब्रिज के पूरा होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हर दिन लोगों को निर्माणाधीन मार्ग और वैकल्पिक रास्तों के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को निर्माण की स्थिति स्पष्ट करते हुए जनता को यह बताना चाहिए कि अंडरब्रिज आखिर कब तक पूरा होगा। श्री सोनी ने मांग की कि संबंधित विभाग अंडरब्रिज निर्माण की स्पष्ट समयसीमा सार्वजनिक करे और निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर गति दी जाए।

100 गज के दायरे में तंबाकू बिक्री पर सख्ती, पंडरिया में 24 चालानी कार्रवाई

■ **विद्यालयों एवं दुकानों में चला जागरूकता और जांच अभियान**

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान अभियान के तहत विकासखंड पंडरिया में तंबाकू नियंत्रण, जनजागरूकता एवं कोटपा अधिनियम-2003 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यापक जागरूकता एवं जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री की जांच के साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाना तथा कोटपा अधिनियम-2003 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना रहा।अभियान के अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, पंडरिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

न्यूज गैलरी

डॉ. उदय को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा विभाग प्रमुख डॉ. उदय कुमार धाबर्डे को राष्ट्रीय स्तर के सम्मान के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अथवा भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) के करकमलों से प्रदान किया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत क्षेत्रक मुख्यालय में शपथ और वृक्षारोपण

भिलाई/नवप्रदेश। स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस पर 2 अक्टूबर को उपमहानिरीक्षक की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद सेक्टर-9 महिला विद्यालय के समीप बीएसपी की भूमि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रक मुख्यालय, भिलाई के अधिकारी एवं कार्मिकों ने सहभागिता की। इस दौरान स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से स्वच्छता अपनाने और पर्यावरण बचाने का आह्वान किया गया।

जर्जर पानी टंकी से हादसे का खतरा, आसपास के परिवारों में दहशत: वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। पद्मनाभपुर में वोरा निवास के पास स्थित पानी टंकी के जर्जर होने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से खराब हालत में पड़ी टंकी से आसपास रहने वाले परिवारों में भय का माहौल है। टंकी के पास कुएं पर लगा टीन शेड भी कई जगह क्षतिग्रस्त है और कुएं में गंदगी जाने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे पेयजल की स्वच्छता पर सवाल उठ रहे हैं। वोरा ने बताया कि यह टंकी वार्ड 43, 44, 45 एवं 46 सहित कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी है। उन्होंने प्रशासन से टंकी का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराने, स्थिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा आसपास के परिवारों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो गंभीर हादसा हो सकता है।

गांधी जयंती पर सीएचसी में स्वच्छता अभियान, कुष्ठ मुक्त भारत की दिलाई शपथ

कुम्हारी/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुम्हारी में स्वच्छता अभियान एवं कुष्ठ मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई की गई तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता एवं कुष्ठ मुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई गई। नपा अध्यक्ष मीना वर्मा ने उपस्थित लोगों को कुष्ठ मुक्त भारत की शपथ दिलाई। सीएचसी की आरएमए शिल्पा ताम्रकार सहित कर्मचारियों ने श्रीफल भेंटकर नपा अध्यक्ष का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रीति तिवारी, ललिता निर्मलकर, आर. दुर्गा, प्रियंका यादव, खुशी श्रीवास्तव एवं माधव उइके सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन सुपरवाइजर अरुण वर्मा ने किया। कार्यक्रम डॉ. अविनाश पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सेवा संकल्प माह के अंतर्गत सेवा एवं जनजागरूकता की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

गांधी जयंती पर मंत्री गजेंद्र व महापौर अलका ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

■ **गांधी जयंती पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने दिया स्वच्छता और स्वदेशी का संदेश**

दुर्ग/नवप्रदेश। गांधी जयंती के अवसर पर डिपरा पारा स्थित शास्त्री चौक में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त लीना कोसम सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं निगम अधिकारी-कर्मचारियों ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

मंत्री गजेंद्र यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र ने दुर्ग में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा डिपरापारा में लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी जी सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और स्वदेशी के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' गांधी जी के स्वदेशी विचारों का आधुनिक स्वरूप है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से कारीगरों, छोटे व्यापारियों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलता है और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती मिलती है।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्व. चैनसुख भड्डा का सामाजिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वर्ष 1996 में वे नगर निगम के पार्षद रहे तथा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। मारुति मंदिर निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मार्ग का नामकरण उनकी स्मृतियों को शहर से जोड़ने के साथ नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराने का माध्यम बनेगा।

इस अवसर पर गांधी चौक, हिंदी भवन एवं शास्त्री चौक में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई। निगम परिसर में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक अरुण वोरा, देव नारायण चन्द्राकर, निलेश अग्रवाल, शिव नायक, कुलेश्वर साहू, गुलाब वर्मा, रंजीता पाटिल, कमल देवांगन, आरएन वर्मा, शिवेंद्र परिहार, अजय तिवारी, जितेंद्र महोबिया, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा, बंटी चौहान, महेंद्र एवं सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सांसद बघेल ने चलाया स्वच्छता अभियान, 150 वरिष्ठजनों का किया सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने अस्पताल परिसर की सफाई की और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सांसद ने मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और फल वितरित किए। इस दौरान सफाई कर्मचारी को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, सेवा संकल्प अभियान के तहत चरोदा के इंदिरा नगर हथखोज स्थित दुर्ग मंच में वरिष्ठजनों एवं सेवाधारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां 150 वरिष्ठजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। आयोजक लाखन सिंह वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि प्रेम लाल साहू, पद्मिनी साहू, विपिन चंद्राकर, राकेश बंछोर, तेजस पाल, रवि नाहर एवं सुरेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मंच संचालन रोमनाथ वर्मा ने किया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था और स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने गांधी एवं शास्त्री के जीवन को सत्य, सादगी, त्याग और देशसेवा की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों के अनुभव, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से समाज को निरंतर शक्ति मिलती है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद भोजराज सिन्हा, मंडल अध्यक्ष दीपक भोण्डेकर, अस्पताल अधीक्षक नरेंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनुज्ञप्ति, सड़क बाधा और सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई

भिलाईनगर/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरुचि सिंह एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बनाए रखने निगम क्षेत्र में लगातार निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-1 के वार्ड क्रमांक-8 कृष्णा नगर क्षेत्र में निगम की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिना अनुज्ञप्ति लाइसेंस व्यवसाय संचालन, सड़क पर बाधा उत्पन्न करने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने के मामले सामने आए। निगम टीम ने श्री राम ट्रेडर्स पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर 1000 रुपए, धीरज ट्रेडर्स कबाड़ी पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस के लिए 4000 रुपए एवं सड़क बाधा के लिए 1000 रुपए तथा श्री वेंकटेश्वर राव पर सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया। इस तरह कुल 6500 की चालानी राशि वसूल की गई। निगम अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को आवश्यक अनुज्ञप्ति लेकर ही व्यवसाय संचालित करने, सड़क पर बाधा उत्पन्न नहीं करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी।

विधायक ललित ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम', विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

रिसाली/नवप्रदेश। विधायक ललित चंद्राकर एवं रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने निगम क्षेत्र में स्वीकृत 4 करोड़ 44 लाख 12 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम से पहले विधायक ने मरोदा सेक्टर बंगाली दुर्गा मैदान परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास पूरे क्षेत्र का होना चाहिए। रिसाली के सभी 40 वार्डों में विकास कार्य शुरू हो चुके हैं और आगामी नगरीय निकाय चुनाव से पहले पुनः भूमिपूजन कर छूटे कार्यों को गति दी जाएगी। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि रिसाली निगम गठन के बाद लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखेड़े, सविता धवस, ईश्वरी साहू, जमुना ठाकुर, सरिता देवांगन, सारिका साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल एवं अनुपम साहू उपस्थित रहे।

श्रमदान में जुटे सैकड़ों हाथ

विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में पार्षदों और नागरिकों ने स्वच्छता सेवा के तहत तालाब परिसर में श्रमदान किया। इस दौरान तालाब के आसपास सफाई कर कचरा एकत्र किया और उसे एसएलआरएम सेंटर भेजा गया। श्रमदान में नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद विधि चंद्राकर, विलास बोरकर, सरिता देवांगन, धर्मेंद्र भगत, ईश्वरी साहू, गजेंद्र कोठारी, शीला नारखेड़े, माया यादव, हरीश नायक, रमा साहू, विक्की चंद्राकर, सविता ढवस, सारिका साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू सहित अन्य नागरिक शामिल हुए। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों और पार्षदों ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद सफाई के लिए मशीन उपलब्ध कराई गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से तालाब को स्वच्छ रखने और गंदगी नहीं फैलाने की अपील की।

व्यापारी संघ, महेश्वरी समाज एवं जैन समाज ने महापौर व सभापति का जताया आभार

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग की सामान्य सभा में तहसील कार्यालय से बीजेपी कार्यालय होते हुए शनिचरी बाजार चौक तक मार्ग का नामकरण स्व. चैनसुख भड्डा मार्ग किए जाने का प्रस्ताव पारित होने पर व्यापारी संघ, महेश्वरी समाज एवं जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्व. चैनसुख भड्डा का सामाजिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वर्ष 1996 में वे नगर निगम के पार्षद रहे तथा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। मारुति मंदिर निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मार्ग का नामकरण उनकी स्मृतियों को शहर से जोड़ने के साथ नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित कराने का माध्यम बनेगा।

प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पारित होने पर महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जितेंद्र महोबिया, गंगा प्रसाद भड्डा, कांतिलाल जैन, अजय तिवारी, संभव जैन, प्रकाश देशलहरा, अशोक राठी, कमल बियानी, इंदर बाकलीवाल, महेंद्र गांगवल, दीपक देशलहरा, महेंद्र कश्यप, संजू दुग्गड़, योगेश बढ़िया, महेंद्र लोढ़ा, प्रदीप बाकलीवाल, डीके जैन, मनोज छाबड़ा, डिंपल बड़जात्या, संजू महाराजे, शिवराज राउत, चीनी अग्रवाल एवं संजू श्रीमल सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सकल ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भी आभार जताया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि भगवान परशुराम जी के नाम पर चौक का नामकरण और प्रतिमा स्थापना समाज की आस्था, संस्कृति एवं गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे समाज की भावनाओं को सम्मान मिला है।

भिलाई बिरादरी ने गांधी की 157वीं जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात बिरादरी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर 2 अक्टूबर को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पी.के. सरकार, कार्यपालक निदेशक खदान कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं संयंत्र कार्मिक उपस्थित रहे। प्रार्थना सभा में पीटी उल्लास कुमार ने बापू की प्रातः कालीन प्रार्थना प्रस्तुत की। विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों आचार्य जयवेद शास्त्री, हाफिज अनवर, भाई महंगा सिंह एवं फादर अनुपम विकास ने क्रमशः गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब एवं बाइबिल का पाठ किया। स्नेह जोशी एवं अनुष्का पाण्डेय ने भजन प्रस्तुत किए, जबकि परनराज भाटिया एवं साथियों ने रामधुन प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सुप्रिया सेन ने किया। आयोजन उपमहाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ।

केंद्रीय जेल के निरीक्षण में 'न्यायश्रुति' और 'ई-साक्ष्य' पर विशेष जोर

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने केंद्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण कर बंदियों के अधिकार, विधिक सहायता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, भोजन, प्रकरणों की स्थिति एवं पुनर्वास व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया में डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग, विशेषकर 'न्यायश्रुति' एवं 'ई-साक्ष्य' के संबंध में जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए।

सजायाफ्ता बंदियों के अपील प्रकरणों को अद्यतन रखने तथा उन्हें प्रकरण की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। निजी अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई।

निरीक्षण में नालसा की स्पृहा योजना योजना-2025 के तहत बंदियों के आश्रित परिवारों की आजीविका, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भरण-पोषण से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पैरा लीगल वालेंटियर्स (पीएलवीएस) के माध्यम से परिवारों का सत्यापन कर पात्र लोगों को शासकीय योजनाओं एवं विधिक सहायता से जोड़ने के निर्देश दिए।

उन्होंने मानवीय गरिमा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, विधिक सहायता एवं पुनर्वास को प्राथमिकता देने तथा उच्चतम न्यायालय के शंकर महतो प्रकरण में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर, जेल अधीक्षक सहित जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

102 लोगों ने किया रक्तदान : मानव कल्याण एवं जीवनदान के लिए रक्तदान श्रेष्ठ सेवा है : राष्ट्रसंत मणिभद्र मुनि महाराज

मानव मिलन के 32वें स्थापना दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। मानव मिलन के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवगठित मानव मिलन दुर्ग शाखा द्वारा जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जैन समाज के सदस्यों एवं युवाओं के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मानव मिलन के संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्रसंत श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज के सानिध्य एवं आशीर्वाद में आयोजित शिविर में करीब 102 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में योगदान दिया। राष्ट्रसंत मणिभद्र मुनि महाराज ने कहा कि मानव कल्याण एवं जीवनदान के लिए रक्तदान श्रेष्ठ सेवा है और सभी को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आयोजन में मानव मिलन दुर्ग शाखा के अध्यक्ष सुशील चंदा रुणवाल, राजेश, सुषमा कोटेचा, अभिजीत पारख, अंकिता संचेती, लता छाजेड़, रैना पारख, कुंजिका संचेती, लोरी सुराणा, सारिका संचेती, राखी पारख, सौरभ बाफना, पदम छाजेड़, संजय संचेती, पंकज बेगानी एवं टोनु छाजेड़ का विशेष सहयोग रहा। आशीर्वाद ब्लड बैंक के चिकित्सकों एवं लैब टेक्नीशियन स्वास्तिका, माधुरी, आरती, चेतन एवं दीपक तथा भोजनशाला प्रभारी निर्मल रतन बोहरा का भी सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों तक रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

बाहर नहीं, अपने भीतर खोजिए परमात्मा को: मुनि

जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब में चल रहे 44 दिवसीय भक्तामर संपुट अनुष्ठान की 16वीं गाथा की व्याख्या करते हुए मानव मिलन के संस्थापक, नेपाल केसरी राष्ट्रसंत डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज ने श्रद्धालुओं को बाहरी भटकाव छोड़कर आत्मचिंतन और अंतर्मुखी साधना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जिस परमात्मा को मंदिरों, तीर्थों और धार्मिक स्थलों में खोजता है, उसे अपने भीतर खोजने का प्रयास करना चाहिए। सच्ची आध्यात्मिक यात्रा बाहर से भीतर की ओर जाने की यात्रा है। मुनिश्री ने कहा कि बाहरी दुनिया में भीड़, इच्छाओं और प्रतियोगिता के कारण मन निरंतर बाहर की ओर भागता रहता है, जबकि भीतर मौन है। जब व्यक्ति स्वयं के भीतर उतरकर आत्मचिंतन करता है, तभी उसे अपने वास्तविक अस्तित्व का अनुभव होता है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर 'रन फॉर डी.ए.वी.' का आयोजन

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर डीएवी सीएमसी के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन, विचारों और स्वच्छता के महत्व पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कई विद्यार्थी गांधी जी के वेश में विद्यालय पहुंचे। भारत माता एवं स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का संदेश दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने 'रन फॉर डी.ए.वी.' में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। 2 किलोमीटर मैराथन के बालक वर्ग में कक्षा आठवीं के मिलेश कौशल ने प्रथम, कक्षा नौवीं के ऋषभ ठाकुर ने द्वितीय तथा कक्षा ग्यारहवीं के गगनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में राधिका ने प्रथम तथा खुशी बिस्वास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शाला प्रभारी दिनेश जाधव के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधी जी के स्वच्छता, अनुशासन, अहिंसा एवं राष्ट्रसेवा के विचारों तथा शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई।

नव प्रदेश राजरंग...60

घर-घर पहुंचे ज्ञानेश

टीएन शेषन के पहले तक चुनाव आयोग भी कुछ है, बहुत लोगों को पता ही नहीं होता था। लेकिन शेषन ने बताया कि चुनाव आयोग भी कोई संस्था है। उन्हें लेकर एक कंपनी ने विज्ञापन भी बनाया था, जिसके दृश्य में वे कहा करते थे कि वे राजनेताओं को कच्चा चबा जाते हैं। यह बात और है कि उन्हें फल-सब्जी खाते हुए दिखाया जाता था। शेषन ने अपनी दबंगई और चुनाव आयोग के अधिकारों का जिस तरह इस्तेमाल किया, उससे एक तरफ जहां राजनेताओं में खौफ पैदा हुआ, वहीं उनकी घर-घर तक ख्याति पहुंची। उनके बाद अगर किसी चुनाव आयुक्त को घर-घर तक पहुंच मिली है तो वे हैं, आगरा निवासी ज्ञानेश कुमार गुप्ता, केरल कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी। इंडियन एक्सप्रेस में ऋतिका चोपड़ा की रिपोर्ट छपने के बाद ज्ञानेश को भी देश का तकरीबन हर नागरिक जान गया है। उनकी पहचान बढ़ाने की रही-सही कसर पूरी कर दी है राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस और कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा इस्तीफे की मांग ने। जिस दिन राहुल ने उन्हें निशाने पर लिया, गूगल सर्च में सबसे ज्यादा खोजे जाने वाले नाम रहे ज्ञानेश। वे ट्वीटर पर भी ट्रेंड करते रहे। इस बीच उनके सहयोगियों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की को मिली राहुल की तारीफ़ ने कई सवालों का जन्म दिया है। राजधानी के सत्ता गलियारे में पूछा जा रहा है कि संधू और जोशी से राहुल गांधी का रिश्ता क्या कहलाता है। बता दें कि विवेक जोशी हरियाणा कैडर के 1989 बैच के आईएएस अफसर हैं। उनके छोटे भाई भी कुछ दिनों पहले चर्चा में रहे। शिक्षा सचिव रहे विनीत जोशी, विवेक के छोटे भाई हैं और 1992 बैच के मणिपुर कैडर के अधिकारी हैं। इसे उलटबांसी ही कहेंगे के नीट पेपर लीक कांड के बाद विनीत जोशी कांग्रेस के निशाने पर रहे तो चुनाव आयोग वाले उनके बड़े भाई विवेक जोशी राहुल की प्रशंसा का पात्र बन गए हैं।

ओझा भी खुश और प्रज्ञा भी खुश

मोदी सरकार कई मामलों में इतिहास रच रही है। अब सूचना सेवा को ही लीजिए। अभी तक किसी अधिकारी को एक साल का सेवा विस्तार नहीं मिला था। लेकिन पत्र सूचना कार्यालय यानी पीआईबी के प्रधान महानिदेशक धीरेंद्र ओझा का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। ओझा बीते 30 सितंबर को रिटायर हुए और उसी दिन शाम को उन्हें सेवा विस्तार मिल गया। उनके सेवा विस्तार को लेकर सूचना सेवा के अधिकारियों में अंदर ही अंदर गुस्सा है। सूचना सेवा में प्रधान महानिदेशक के तीन ही पद स्वीकृत हैं। धीरेंद्र ओझा के रिटायर होने के बाद प्रज्ञा पालीवाल का प्रधान महानिदेशक बनना तय था। उनके सेवा विस्तार की चर्चाओं को लेकर प्रज्ञा पालीवाल अंदर ही अंदर कुढ़ रही थीं। उनके पति टाइम्स ऑफइंडिया के जयपुर संस्करण में मार्केटिंग के अधिकारी रहे हैं और बीकानेर के हैं। वहीं सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी बीकानेर के हैं। बीकानेर का रिश्ता जोड़कर प्रज्ञा पालीवाल के पति ने प्रज्ञा को भारतीय जनसंचार संस्थान के कुलपति की जिम्मेदारी दिलवा दी। जबकि यूजीसी की गाइड लाइन के अनुसार लगातार दो बार किसी अधिकारी को किसी विश्वविद्यालय का प्रमुख नहीं बनाया जा सकता, बल्कि वहां कुलपति की नियुक्ति की जानी होती है। लेकिन सूचना और संस्कृति के मामलों में मोदी सरकार भला नियमों को कहां मानती है। लिहाजा प्रज्ञा पालीवाल भारतीय जनसंचार संस्थान की कुलपति हैं। उनका बीकानेर का होना काम भी आया। अश्विनी वैष्णव पिघल गए और उन्होंने धीरेंद्र ओझा के सेवा विस्तार के बावजूद प्रज्ञा का ध्यान रखा। असल में हुआ यह कि धीरेंद्र को सेवा विस्तार तो मिला, लेकिन तकनीकी रूप से उनकी पुनर्नियुक्ति हुई, इस वजह से तकनीकी रूप से प्रधान महानिदेशक का पद खाली हो गया और प्रज्ञा को वह पद मिल गया। अब प्रज्ञा बेहद खुश हैं। भारतीय जनसंचार संस्थान के कुछ नए प्रोफेसर भी खुश हैं। क्योंकि प्रज्ञा उनकी ही सुनती हैं। दिलचस्प यह है कि उनमें एक जयपुर निवासी है तो एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का कथित नजदीकी। पत्रकारिता की पढ़ाई के लिए मशहूर रहे भारतीय जनसंचार संस्थान के पुराने छात्र लेकिन इस नियुक्ति से बेहद निराश हैं। इसकी वजह यह कि प्रज्ञा के कार्यकाल में संस्थान की प्रोफेशनल साख कम होती जा रही है।

श्राद्ध के बहाने सवर्ण समाज की गोलबंदी

दिल्ली में बीजेपी की सरकार बने डेढ़ साल से अधिक का वक्त हो गया, लेकिन लगता नहीं कि यहां कोई राजनीतिक नियुक्ति होने जा रही है। महिला आयोग समेत कुछ-एक नियुक्तियों को छोड़ दें तो कहीं भी राजनीतिक नियुक्तियां नहीं हुईं। इससे दिल्ली बीजेपी के कार्यकर्ता बेहद निराश हैं। उन्हें लगता है कि बीजेपी में उनकी उपयोगिता सिर्फ दरी और जाजम बिछाने के लिए ही है। इसलिए अब बीजेपी के कार्यकर्ता जब भी मौका मिलता है, अपनी भड़ास निकालने से नहीं चूक रहे। जहां भी असंतुष्ट गतिविधियां होती दिखती हैं, वहां वे जुटते हैं और अपनी भड़ास निकालने से पीछे नहीं रहते। हाल ही में उत्तर प्रदेश में पार्टी को स्थापित करने वाले कलराज मिश्र की पत्नी का निधन हुआ। कलराज मिश्र नोएडा में रहते हैं। उनकी पत्नी के श्राद्ध का मौका उत्तर प्रदेश और दिल्ली बीजेपी की सवर्ण, विशेषकर ब्राह्मण लॉबी के जुटान का बहाना बन गया। करीब पांच हजार लोग उस दिन श्रद्धांजलि के बहाने जुटे। रिकॉर्ड पर तो सिर्फ कलराज जी की अर्धांगिनी के दयालु स्वभाव को ही याद किया गया, लेकिन आपसी बातचीत में बीजेपी के खिलाफ यूजीसी नियमावली को लेकर जारी सवर्ण तबके के गुस्से को एक तरह से अभिव्यक्ति ही किया गया। इतना ही नहीं, बात यहां तक हुई कि अब सवर्णों को लामबंद होना होगा, अन्यथा उन्हें बीजेपी का मौजूदा नेतृत्व दर-बदर करने से नहीं चूकेगा।

स्मृति जाएंगी राज्यसभा !

छत्तीसगढ़ और हरियाणा की नई बीजेपी प्रभारी और महासचिव स्मृति ईरानी के लगता है, दिन बहुरने वाले हैं। उन्हें उत्तर प्रदेश से बीजेपी का राज्यसभा सदस्य बनाया जा सकता है। इसे लेकर सत्ता के गलियारों में चर्चा तेज है। स्मृति पिछला चुनाव राहुल गांधी से हारने के बाद एक तरह से राजनीति के बियाबान में अकेली पड़ गई थीं। लेकिन बीजेपी के नए अध्यक्ष नितिन नबीन की नई टीम में उन्हें बतौर महासचिव जगह मिली। इतना ही नहीं, उन्हें छत्तीसगढ़ और हरियाणा जैसे महत्वपूर्ण राज्यों का प्रभारी भी बना दिया गया। स्मृति बोलती बढ़िया हैं, इसलिए अगर उन्हें राज्यसभा भेजा जाता है तो सदन में विपक्षी आक्रमण का जवाब देने के लिए पार्टी को एक बेहतर वक्ता मिल सकता है। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा भेजे जाने वाले दूसरे नाम हरीश द्विवेदी हो सकते हैं। उन्हें भी हाल ही में महासचिव बनाया गया है।

गांधी मार्ग के बाद अब मोदी मार्ग

जयप्रकाश आंदोलन के दौरान छात्र आंदोलन में सक्रिय रहे पत्रकार हैं, रामबहादुर राय। दिलचस्प यह है कि दिल्ली में पत्रकारिता करते रहे रामबहादुर कभी चंद्रशेखर के चंपू रहे थे, कभी वीपी सिंह के। इसी तरह कभी सुधीर गोयल के भी नजदीकी रहे और उनके जरिए कांशीराम के भी नजदीकी रहे। पूर्व समाजवादी सुधीर गोयल, बसपा के संस्थापक कांशीराम के नजदीकी रहे। दिल्ली के पत्रकारीय गलियारों में राय साहब के नाम से पहचान रखने वाले रामबहादुर राय इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी के सबसे बड़े गुणग्राहक के रूप में उभरे हैं। अभी हाल ही में उनका अस्सीवां जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विशिष्ट अतिथि रहे भूपेंद्र यादव। इसी कार्यक्रम में राय साहब ने कहा कि पहले देश गांधी मार्ग पर चल रहा था, अब मोदी मार्ग पर चल रहा है। मोदी मार्ग ही अब देश का भविष्य है। एक खास जाति के लोगों से घिरे रहने वाले राय साहब उन लोगों के लिए बाबूजी बन गए हैं। दिलचस्प यह है कि 2009-10 में राय साहब राजनाथ सिंह के कट्टर आलोचक थे। 2014 के पहले तक उन्होंने कई टीवी वालों को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर मोदी प्रधानमंत्री बने तो देश में रक्तपात हो जाएगा। 2012 तक तो वे कहा करते थे कि मोदी इस देश के प्रधानमंत्री बन ही नहीं सकते। मोदी को भावी प्रधानमंत्री बताने वालों से कहा करते थे कि आप भाजपा को कितना जानते हो? भाजपा की आंधी में ऐसे-ऐसे कई मोदी उड़ गए। 2015 के दिल्ली के सत्यवती कॉलेज में हुए एक व्याख्यान में उन्होंने मोदी सरकार की जमकर आलोचना की थी। 2016 में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में अफ़ज़ल के समर्थन में लगे नारों और उसके बाद हुई पुलिस कार्रवाई में विश्वविद्यालय छात्रसंघ के तत्कालीन अध्यक्ष कन्हैया कुमार की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली के दरियागंज स्थित अपनी संस्था प्रज्ञा संस्थान के बैनर तले राय साहब ने मोदी सरकार की तीखी आलोचना की थी। पता नहीं ये आलोचनाएं मोदी तक पहुंची या नहीं, 2016 में ही उन्हें दिल्ली के उस प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का अध्यक्ष बना दिया गया, जिसकी स्थापना पुपुल जयकर की सिफारिश पर अपनी मां इंदिरा की याद में कलाओं के अध्ययन के लिए राजीव गांधी ने की थी। इस संस्थान के सदस्य सचिव हैं सच्चिदानंद जोशी, वही जोशी, जिनके भ्रष्टाचार को लेकर छत्तीसगढ़ के लोकायुक्त ने बरसों पर सवाल उठाया था। तब जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के कुलपति थे। बहरहाल मोदी के कटु आलोचक से मोदी के कट्टर शुभचिंतक हुए रामबहादुर ने मोदी मार्ग की चर्चा क्या की, बुद्धिजीवियों और अपने पूर्व सहयोगियों की आलोचनाओं के केंद्र में आ गए हैं। वैसे माना जा रहा है कि उनकी चाहे जितनी भी आलोचना हो, उन्हें फायदा ही होगा। मोदी सरकार ऐसे ही लोगों को पसंद जो करती है।

राजदार

जामनगर के निजी जू ग्रीस जूलॉजिकल, रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की होने वाली है एंट्री

जंगल सफारी की मदद करेगा वनतारा

- मानव निर्मित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में अब गुजरात जंगल सफारी की मदद करेगा वनतारा
- वन्यजीवों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने और सेहत की देखभाल के लिए होगा एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। मानव निर्मित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में अब गुजरात, जामनगर के निजी जू ग्रीस जूलॉजिकल, रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (वनतारा) की एंट्री होने वाली है। इस संबंध में 5 अक्टूबर को होने वाली स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की मीटिंग में निर्णय लिया जाएगा।

विभागीय स्तर पर जो मसौदा तैयार किया गया है, उसके हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के साथ ही वन्यजीवों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए जंगल सफारी प्रबंधन को मदद करने का काम वनतारा जू की टीम करेगी। जीजेडआरआरसी के साथ एमओयू का जो मसौदा तैयार किया गया है, उसमें वन्यजीवों के विविध संग्रह के प्रबंधन, संरक्षण, कल्याण, स्वास्थ्य सेवा, बचाव (रेस्क्यू) और पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के कार्य शामिल हैं।इसलिए एमओयू करने पर विचार विभाग के अनुसार, जीजेड आर आरसी, सीजेडए द्वारा मान्यता प्राप्त एक प्राणी शास्त्रीय और बचाव-पुनर्वास संस्थान है, जिनके पास वन्यजीव स्वास्थ्य सेवा, बचाव पुनर्वास. संरक्षण प्रजनन (कंजर्वेशन ब्रीडिंग) और वैज्ञानिक प्रबंधन में विशेष बुनियादी ढांचा और विशेषज्ञता है। प्रस्तावित एमओयू दोनों संस्थानों के चीच आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक संरचित ढांचा प्रदान करेगा।

ग्रीन्स जूलॉजिकल सेंटर के साथ साझेदारी का प्रस्ताव

संस्था की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को और मजबूत करने तथा वन्यजीव प्रबंधन में समकालीन सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की सुविधा के लिए, ग्रीन्स जूलॉजिकल, रेस्क्यू एंड रिहेबिलिटेशन सेंटर के साथ एक औपचारिक तकनीकी सहयोग ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव है।

इन बिंदुओं को ध्यान में रखकर एमओयू

वन्यजीव प्रबंधन और संरक्षण इसके तहत दोनों संस्थान मिलकर वन्यजीवों के संरक्षण, उनकी ब्रीडिंग और उनकी संख्या के प्रबंधन पर काम करेंगे। साथ ही सीजेडए के दिशा-निर्देशों के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा साझा करेंगे। पशु चिकित्सा और स्वास्थ्य इसमें जानवरों के इलाज के तरीकों, रोगों की जांच, रेस्क्यू और पुनर्वास को बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञता साझा की जाएगी। इसके अलावा जानवरों के पोषण और उनके रहने के तौर-तरीकों को सुधारा जाएगा। क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कीपरों, डॉक्टरों और तकनीकी कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम और एक्सचेंज विजिट (एक-दूसरे के संस्थान में जाना) आयोजित किए जाएंगे। बुनियादी ढांचा और बायो-सिक्योरिटी - चिड़ियाघर के इंफास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने, क्वारंटाइन नियमों और बायो-सिक्योरिटी (जैविक सुरक्षा) के सर्वश्रेष्ठ तरीकों को आपस में साझा किया जाएगा।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व खुलाः सफारी के साथ कयाकिंग और नाव की भी सुविधा

प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों की पहली पसंद उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, मानसून के बाद एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर से खुल गया

मैनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध प्रदेश भर के प्रकृति व वन्यजीव प्रेमियों की पहली पसंद बना हुआ है।

हरे-भरे जंगलों, कलकल बहती नदियों और प्राकृतिक सुंदरता से आच्छादित उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व बरसात के बाद एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खुल गया है। जैव विविधता की दृष्टि से बेहद समृद्ध इस टाइगर रिजर्व बाघ, तेंदुए, चित्तीदार हिरण, सांभर, भालू और अनेक दुर्लभवन्यप्राणियों के साथ सैकड़ों प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों के लिए जाना जाता है।

कभी राजकीय पशु वनभैंसा इसकी सबसे बड़ी खासियत हुआ करती थी, फिलहाल यहां एक ही वनभैंसा रह गया है। हॉर्नबिल पक्षी यहां विशेष रूप से पाया जाता है।

मानसून और वन्यजीवों के प्रजननकाल के कारण बंद उदंती सीतानदी के गेट 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर खुल गया है। प्रवेश द्वार खुलते ही देश और प्रदेश भर के प्रकृति व वन्यजीव प्रेमियों का यहाँ पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है। वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा और रोमांचक सफर के लिए अभ्यारण्य में जिप्सी की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा, यहाँ की कुल्हाड़ीघाट नदियों और सोंढुर बांध में कायाकिंग और बोटिंग (नाव) की भी व्यवस्था है। हालाँकि, वर्तमान में बारिश के कारण नदियों का बहाव तेज होने की वजह से सुरक्षा के लिहाज से वाटर स्पोर्ट्स को रोका गया है।

कयाकिंग और बोटिंग के लिए पर्यटकों को करना होगा दो महीने का और इंतजार

पर्यटकों को कयाकिंगऔर बोटिंग का आनंद लेने के लिए लगभग दो महीने का और इंतजार करना पड़ेगा। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र हरी-भरी वादियों और पहाड़ों से घिरा क्षेत्र है। बारिश के इन दिनों में क्षेत्र के झरने और नदिया पूरे उफान पर हैं जो सैलानियों को मंत्र मुग्ध कर रहे हैं। पर्यटक न केवल खुले में विचरण करते वन्यप्राणियों का दीदार करते हैं बल्कि इस अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए भी बड़ी संख्या मे पहुंचते हैं। यहां कुलाप जलप्रपात, कारीपगार, शेषपगार, देवधारा, बोतलधारा, बनियाधस व अनेक जलप्रपात के साथ राजकीय पशु वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र भी है।

बारिश के कारण टाइगर रिजर्व अभयारण्य अभी बंद

भारी बारिश के चलते बस्तर संभाग के कांगेर घाटी नेशनल पार्क, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, पामेड़ और भैरमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य अभी नहीं खुला है। इनके अगले महीने खुलने की संभावना जताई जा रही है। इसीतरह रायपुर संभाग के बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा व्यजीव अभयारण्य अगले महीने खुलेगा। दुर्ग संभाग के कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव अभयारण्य भी एक नवंबर से खुलेगा।

भ्रमण के दौरान बरते सावधानी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व मानसून में बंद कर दिया जाता है। यह वन्यप्राणियों के प्रजनन का भी समय होता है। यह अब 1 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खुल गया है। उपनिदेशक ने क्षेत्र के जलप्रपातों (वॉटरफॉल्स) में भ्रमण के दौरान पर्यटकों से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की है।

---

7 वर्षीय चर्चिका बनीं 'ग्लोबल आइकॉन ऑफ इंडिया', रायपुर में लहराया परचम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में 27 सितंबर को 'आर्ना फाउंडेशन' द्वारा आयोजित 'ब्यूटी आइकॉन इंडिया ग्लोबल सीजन - 7' में ओडिशा के संबलपुर हीराकुद की मात्र 7 वर्षीय नन्हीं प्रतिभा चर्चिका रानी बेहेरा ने 'ग्लोबल आइकॉन ऑफ इंडिया' का खिताब अपने नाम कर एक बार फिर अपनी अद्भुत प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हीराकुद के हिंडाल्को कॉलोनी निवासी संजीब बेहेरा और रुक्मिणी बेहेरा की इकलौती पुत्री चर्चिका वर्तमान में मदनाबती पब्लिक स्कूल, संबलपुर में क्लास वन की छात्रा हैं। महज तीन वर्ष की आयु से ही पढ़ाई के साथ-साथ मॉडलिंग, डांस, म्यूजिक और एक्टिंग में सक्रिय चर्चिका इससे पूर्व 2025 में रायपुर में ही 'ब्यूटी आइकॉन इंडिया गोल्ड' की विजेता रह चुकी हैं। इसके अलावा वे 'ग्लैमर ऑफ ओडिशा', 'उत्कल फैशन आइकॉन' और 'पीडीएस नाइट' जैसी प्रतियोगिताओं का खिताब भी अपने नाम कर चुकी हैं। भविष्य में 'मिस वर्ल्ड' बनने का सपना संजोए चर्चिका का वास्तविक लक्ष्य एक डॉक्टर बनकर गरीबों और जरूरतमंदों की निःशुल्क सेवा करना है। उन्हें संगम पात्र से मॉडलिंग तथा दीपक ज्योतिष से डांसिंग का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। इस गरिमामयी समारोह में विनीता मलिक, सब्बी सूरी, फेमिना मिस इंडिया अनुष्का एवं सिमरन सचदेवा जैसी फैशन व बॉलीवुड हस्तियां उपस्थित थीं।

नदी में नहाने गए दो स्कूली बच्चे डूबे, एक शव बरामद

पखांजूर/नवप्रदेश। पखांजूर मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर पीवी-109, पीवी-105 इरपनार क्षेत्र में बुधवार को नदी में नहाने गए दो स्कूली बच्चे डूब गए। हादसे के बाद करीब 19 घंटे की तलाश में एक बच्चे का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे बच्चे की तलाश में पुलिस और गोताखोर लगातार अभियान चला रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नौ स्कूली बच्चे नदी किनारे पिकनिक मनाने और खाना बनाने पहुंचे थे। इनमें से दो बच्चे नहाने के लिए नदी में उतर गए, जबकि सात बच्चे किनारे पर खाना बना रहे थे। कुछ देर बाद दोनों बच्चे नदी से वापस नहीं लौटे तो साथियों ने परिजनों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में नदी किनारे पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। करीब 19 घंटे की लगातार मशक्कत के बाद एक बच्चे का शव बरामद हुआ। दूसरे बच्चे की तलाश अभी जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक अनूप नाथ और क्षेत्रीय विधायक विक्रम हुसेन्डी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बचाव अभियान की जानकारी ली। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार,पूर्व अध्यक्ष मोनिका साहा, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा पदाधिकारी, एएसपी सहित बांदे पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

नव प्रदेश के नवाचार की खूब रही चर्चा

बेमेतरा/नवप्रदेश। 'शांति से समृद्धि तक, सेवा ही संकल्प' की थीम पर आयोजित दैनिक नवप्रदेश का भव्य आयोजन नवाचार और सामाजिक सरोकारों की मिसाल बन गया। सेवा सम्मान समारोह में अतिथियों के साथ साहित्यकारों, शिक्षाविदों, लोक कलाकारों और आम नागरिकों ने नवप्रदेश की इस पहल की दिल खोलकर सराहना की। आयोजन में पत्रकारिता के साथ समाजसेवा, संस्कृति और जनसरोकारों को जोड़ने की सोच ने सभी का ध्यान खींचा। समारोह की भव्यता और उद्देश्य की चर्चा बेमेतरा से लेकर पूरे प्रदेश में रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999